

■ वित्त वर्ष 2025-26 में वाहन उद्योग को 25,000 करोड़ के नुकसान की आशंका-10




■ विस चुनावों के परिणाम, तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल-10



■ सैन्य अधिकारी की पत्नी के अंगदान ने बचाया हृदय रोग से जूझ रहे युवक का जीवन-11



■ यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने मैड्रिड ओपन टेनिस में महिला एकल का खिताब जीता-12


आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.31
सूर्यास्त 06.48

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया 05:24 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 4 मई 2026, वर्ष 7, अंक 159, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


## गोंडा में मेरे साथ कोई घटना हुई तो जिम्मेदार होगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** जानी-मानी पहलवान विनेश फोगाट ने रविवार को चेतावनी दी कि गोंडा में होने जा रहे राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट के दौरान उनके या उनकी टीम के सदस्यों के साथ कोई भी अप्रिय घटना हुई तो भारत सरकार जिम्मेदार होगी।



विनिश ने लगभग 18 महीनों के बाद वापसी करने से पहले एक वीडियो संदेश में खुलासा किया कि बृजभूषण शरण सिंह के उत्पीड़न के शिकार छह लोगों में एक वह भी हैं। उन्होंने कहा कि ब्रजभूषण से जुड़े स्थल पर होने वाली प्रतियोगिता पर उनके करीबी लोग प्रभाव डाल सकते हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता में पक्षपातपूर्ण फैसलों की आशंका भी जताई है और प्रतियोगिता के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मीडिया और खेल समुदाय से आयोजन स्थल पर उपस्थित रहने का आग्रह किया।

- **विनेश ने जताया ब्रजभूषण शरण सिंह से खतरा**

# पांच राज्यों में सत्ता किसके हाथ... फैसला आज, बंगाल में कड़ी सुरक्षा

**सुबह 8 बजे शुरू होगी मतगणना, 12 बजे से आने शुरू हो जाएंगे रुझान, अनधिकृत प्रवेश रोकने को पहली बार क्यूआर कोड आधारित प्रणाली**

नई दिल्ली/कोलकाता/चेन्नई, एजेंसी

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के दौरान रोमांचक मुकाबले के बाद सोमवार को मतों की गिनती होगी। मतगणना के परिणाम तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) जैसे प्रमुख सत्तारूढ़ क्षेत्रीय दलों के साथ-साथ भाजपा, कांग्रेस और वाम की सियासी किस्मत का फैसला करेंगे।

मतगणना प्रक्रिया सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों के साथ शुरू होगी, जिसके लिए तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था वाले मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने मतगणना केंद्रों में अनधिकृत प्रवेश रोकने के लिए पहली बार ईसीआईएनईटी के माध्यम से क्यूआर कोड आधारित फोटो पहचान पत्र प्रणाली शुरू की है। पश्चिम बंगाल में 293 विधानसभा सीट के लिए 77 केंद्रों पर मतों की गिनती की जाएगी, जहां अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतगणना से पहले राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा दोनों ने वोट में हेरफेर की आशंका व्यक्त की है। दक्षिण 24 परगना जिले के निर्वाचन क्षेत्र फाल्टा में चुनाव रद्द कर दिया गया है जहां 21 मई को नए सिरे से चुनाव होगा।

असम में 126 सीट पर 722 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। यहां 35 जिलों में 40 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। यहां कांग्रेस ने भाजपा गठबंधन को कड़ी चुनौती दी है। केरल में भी 2024 के लोकसभा चुनाव और हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनाव में अपने प्रदर्शन से उत्साहित कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ दो कार्यकालों से सत्ता में रहे एलडीएफ को सत्ता से बाहर करने की उम्मीद कर रहा है। राज्य में 140 सीट के लिए कुल 883 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। यहां 43 स्थानों पर 140 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं।

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने बदले हुए राजनीतिक परिदृश्य में चुनाव लड़ा है, जहां उसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) के अलावा, अभिनेता विजय के नेतृत्व वाली टीवीके और सीमान की एनटीके जैसी नई पार्टियां भी मैदान में हैं। द्रमुक लगातार दूसरी बार सत्ता में आने की उम्मीद कर रही है। यहां 62 केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा के घेरे में मतगणना होगी। इसके लिए अधिकारियों, सूक्ष्म पर्यवेक्षकों और पुलिस सहित लगभग 1.25 लाख कर्मियों को तैनात किया गया है। पुडुचेरी में में छह मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस केंद्रशासित प्रदेश में राजग को इंडिया गठबंधन चुनौती दे रहा है।



कोलकाता : खुदीराम बोस अनुशीलन केंद्र में बने स्ट्रांगरूम पर तैनात सुरक्षा बल। ● अमृत विचार

### मतगणना से पहले बंगाल में कई जगह स्ट्रांगरूम में गड़बड़ी के आरोप, हिंसक झड़प

**कोलकाता।** बारासात में स्ट्रांग रूम के बाहर सीसीटीवी कैमरों के अचानक बंद होने की खबरों के बाद भारी विवाद हुआ। अशोकनगर से टीएमसी प्रत्याशी नारायण गोस्वामी ने आरोप लगाया कि शनिवार और रविवार सुबह सीसीटीवी मॉनिटर को कुछ घंटों के लिए बंद कर दिया गया ताकि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की जा सके। भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्ट्रांग रूम परिसर में जाने से रोकने का आरोप लगाया। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं के बीच भारी धक्का-मुक्की और मारपीट हुई। केंद्रीय बलों और पुलिस ने भीड़ को खदेड़ा। निर्वाचन आयोग ने कहा कि सिर्फ बाहरी डिस्प्ले मॉनिटर बंद हुआ था। स्ट्रांग रूम के अंदर सभी सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह चालू थे। बिधाननगर में भी स्ट्रांग रूम को बिना अनुमति खोलने के आरोपों को लेकर हंगामा हुआ। भाजपा प्रत्याशी ने शिकायत की कि राजनीतिक दलों के एजेंटों की अनुपस्थिति में स्ट्रांग रूम को 10 बार अवैध रूप से खोला गया। इस मामले में चुनाव आयोग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 6 अधिकारियों को निलंबित कर दिया। इस बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र पर भी रविवार को हंगामा हुआ। तृणमूल कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे वाली दो कारें उस परिसर में जाने दी गई हैं जहां ईवीएम रखी गई हैं।

- **तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ताओं में मारपीट पुलिस ने किया लाठीचार्ज छह अधिकारी निलंबित**

## न्यूज ब्रीफ

### हिरासत में बीएसएफ जवान की मौत, एनसीबी के दो अधिकारी निलंबित

**नई दिल्ली।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के अधीन कार्यरत एक जांच अधिकारी और एक सहायक निदेशक को बीएसएफ के एक आरक्षी की हिरासत में मौत होने के बाद निलंबित कर दिया गया है। बीएसएफ आरक्षी जसविंदर सिंह की 19-20 मार्च की रात पल्स अस्पताल में दो बार दिल का दौरा पड़ने के बाद मौत हो गई थी। जसविंदर को एनसीबी ने जम्मू से गिरफ्तार किया था और अमृतसर में दर्ज एक मामले से जुड़ी जांच के सिलसिले में उसे पंजाब के अमृतसर ले जाया जा रहा था। जम्मू में एनडीपीएस एक्ट मामलों के विशेष न्यायाधीश ने उसे हिरासत में भेजा था। एनसीबी की जांच से संकेत मिला था कि जसविंदर पाकिस्तान से जुड़े गुर्गों के दो नंबरों के माध्यम से संपर्क में था।

### लिपुलेख के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा पर नेपाल की आपत्ति खारिज

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से दशकों पुरानी कैलाश मानसरोवर यात्रा पर नेपाल की आपत्ति को रविवार को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि क्षेत्रीय दावों का ऐसा एकतरफा कृत्रिम विस्तार अस्वीकार्य है। नेपाल ने रविवार को भारत और चीन द्वारा लिपुलेख दर्रे के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा की योजना पर आपत्ति जताते हुए दावा किया कि यह उसका क्षेत्र है। नेपाल ने कहा कि तीर्थयात्रा के मार्ग को अंतिम रूप देने से पहले उससे परामर्श नहीं किया गया। इसके बाद भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई। विदेश मंत्रालय ने 30 अप्रैल को घोषणा की थी कि कैलाश मानसरोवर यात्रा इस वर्ष जून से अगस्त तक उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा और सिक्किम में नाथू ला दर्रा के रास्ते होगी।

# इस वर्ष डेढ़ लाख से अधिक सरकारी नौकरी : मुख्यमंत्री

**बोले- पिछले नौ साल में नौ लाख से अधिक भर्तियों का बना रिकॉर्ड**

- **सीएम ने एफडीए के 357 कनिष्ठ विश्लेषकों व स्वास्थ्य विभाग के 252 डेंटिस्ट को दिए नियुक्ति पत्र**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों में नौ लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गई है। यह किसी भी राज्य में सर्वाधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को सकुशल एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करने का रिकॉर्ड है। उन्होंने घोषणा की कि इस साल डेढ़ लाख से अधिक सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया संपन्न होनी है।

वे रविवार को लोक भवन में आयोजित उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के लिए नवचयनित 357 कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के नवचयनित 252 दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। योगी ने कहा कि सिर्फ अधीनस्थ चयन आयोग इस वर्ष 32 हजार से अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया पूरी करेगा। शिक्षा चयन आयोग हजारों शिक्षकों की भर्ती करेगा, जबकि उप्र लोक सेवा आयोग को लगभग 15 हजार भर्तियां करनी है। प्रक्रिया में किसी प्रकार की सेंधमारी पर आजीवन कारावास की सजा और उसकी पूरी संपत्ति को जब्त करने का सख्त कानून बनाया गया है। वर्तमान में कनिष्ठ विश्लेषकों (खाद्य) की संख्या अभी केवल 58 है। 417 पदों के लिए अधियाचन भेजा है, जल्द ही भर्ती प्रक्रिया संपन्न होगी। वर्तमान में 36 हजार खाद्य नमूने प्रतिवर्ष लिए जाते हैं। भर्ती प्रक्रिया संपन्न होने से इनकी संख्या बढ़कर प्रतिवर्ष 1,08,000 से अधिक हो जाएगी। सीएम ने कहा कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चार और छह मई को नियुक्त पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री दया शंकर मिश्रा दयालु, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, अपर मुख्य सचिव अमित घोष, प्रमुख सचिव एम देवराज, सचिव एवं आयुक्त रोशन जैकब आदि उपस्थित थे।

**बेईमान राजनीतिज्ञों और भ्रष्ट नौकरशाहों को रोकना होगाः** योगी ने कहा कि बेईमान राजनीतिज्ञों और भ्रष्ट नौकरशाहों को रोकना है, तो इसकी शुरुआत अपने आप से करनी होगी। आज प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण बना, दंगामुक्त और गुंडामुक्त प्रदेश हुआ, जिससे अच्छे निवेश आए।



लखनऊ : लोक भवन सभागार में अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री योगी ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

### युवाओं के सपने टूटना उनके भविष्य के साथ धोखा, पहले चाचा-भतीजे की जोड़ी करती थी वसूली

योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले चयन प्रक्रियाओं में भेदभाव, बेईमानी और भ्रष्टाचार ने राज्य को बीमारू बनाया। किसी युवा के सपनों का टूटना केवल एक व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं है, बल्कि उसके माता-पिता के अरमान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ धोखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले भर्ती बोर्ड के चेयरमैन एक ओर बैठते थे और चाचा-भतीजे की जोड़ी वसूली के लिए निकल पड़ती थी। लगभग हर नियुक्ति प्रक्रिया पर कहीं न कहीं कोर्ट स्टे लगते थे, न्यायालय से कड़ी टिप्पणियां मिलती थीं। स्थिति यह थी कि जो व्यक्ति पात्र नहीं था, वह भी आयोग का चेयरमैन बन जाता था। यहां तक कि फर्जी डिग्री वाले लोग चयन प्रक्रिया का नेतृत्व कर रहे थे।



## एक बच्चे की मौत के बाद पानी की टंकी पर चढ़े दो बच्चों को किया गया एयरलिफ्ट

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** सिद्धार्थनगर जिले के नवगढ़ तहसील क्षेत्र स्थित ग्राम बेलसड़ तप्पा थरौली में पानी की टंकी पर फंसे दो बच्चों को 15 घंटे बाद एयरफोर्स गोरखपुर के सहयोग से प्रशासन ने युद्धस्तर पर हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट करके सुरक्षित बचा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए निर्देश दिए थे।

रील बनाने के लिए पानी की टंकी पर चढ़े पांच बच्चों में से सीढ़ी टूटने से तीन बच्चे नीचे गिर गए। इनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर घायल हो गए। बाकी दो बच्चे टंकी के ऊपर फंस गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए। इसके बाद जिला प्रशासन, पुलिस और आपदा प्रबंधन की टीमें पहुंचीं। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने राहत आयुक्त से हेलीकॉप्टर की मांग की, जिसे तुरंत मंजूरी मिल गई। गोरखपुर से हेलीकॉप्टर मंगवाया गया, जिसने रविवार सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया। एयरफोर्स के जवानों ने अत्यंत सावधानी के साथ दोनों बच्चों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित नीचे उतार लिया।

- **रील बनाने के लिए पानी की टंकी पर चढ़े थे पांच बच्चे**
- **नीचे गिरे तीन बच्चे, वायुसेना ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन**

## एसी में धमाके के बाद दिल्ली की इमारत में आग, नौ लोगों की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में रविवार तड़के चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से एक बच्चे समेत दो परिवारों के नौ लोगों की मौत हो गई। एक फ्लैट में लगे एसी में धमाके के बाद तड़के करीब साढ़े तीन बजे लगी आग ने दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल के कई फ्लैट को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस और दमकलकर्मियों ने यहां पहुंचने के बाद करीब 15 लोगों को सुरक्षित बचाकर बाहर निकाला।

अधिकारियों के मुताबिक विवेक विहार फेज-1 में आग लगने की सूचना तड़के 3:48 बजे मिली, जिसके बाद पुलिस, दमकल और आपदा प्रबंधन दल मौके पर पहुंचे और यहां मची अफरातफरी के बीच बचाव अभियान शुरू किया गया। आग बुझाने के लिए दमकल की 12 गाड़ियां भेजी गईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के मुताबिक आग बुझाने के बाद अलग-अलग मंजिलों से नौ शव बरामद किए गए। दूसरी मंजिल पर अरविंद जैन (60), उनकी पत्नी अनिता जैन (58), बेटे निशांत जैन (35), बहू आंचल जैन (33) और पोते आकाश के शव मिले। तीसरी मंजिल पर एक ही परिवार के तीन सदस्य नितिन जैन (50), उनकी पत्नी शैली जैन (48) और बेटे सम्यक जैन (25) मृत पाए गए। पहली मंजिल पर शिखा जैन (45) की मौत हुई, उनके पति नवीन जैन (48) घायल हुए हैं।



आग की लपटों से काली हुईं दीवारें।

- **मरने वालों में एक बच्चे समेत दो परिवारों के लोग**

### चीखों से गूंजती रही पूरी इमारत

दमकलकर्मियों के मुताबिक आग पर काबू पाने के लिए उन्हें कई घंटों तक मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान इमारत के भीतर फंसे लोगों की चीखें बाहर तक गूंजती रहीं। दमकलकर्मियों के अनुसार इमारत के पिछले हिस्से के चार फ्लैट में आग की तीव्रता काफी अधिक थी।

**सीढ़ियों पर मिले तीन शव :** एक अधिकारी के मुताबिक तीन शव सीढ़ियों से बरामद किए गए। सीढ़ियों से छत पर जाने वाले रास्ते के गेट पर ताला लगा मिला। इसी कारण आग से बचकर भागे ये तीनों लोग बाहर नहीं निकल पाए। आग ने इमारत के बड़े हिस्से को चपेट में ले लिया और धुएं का गुबार इलाके में फैल गया।

## तालाब में डूबने से 3 बच्चों की मौत, दो सगे भाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मीरगंज क्षेत्र के तिलमास गांव में हुआ हादसा, परिवारों में मचा कोहराम**

**अमृत विचारः** मीरगंज क्षेत्र के तिलमास गांव में मत्स्य पालन के लिए इस्तेमाल हो रहे तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। इनमें दो सगे भाई थे। तीनों बच्चे खेल-खेल में नहाने के लिए तालाब पर चले गए थे। गहरे पानी में नहाते समय अनहोनी हो गई। हादसे से परिवारों कोहराम मचा है।

पुलिस के अनुसार, तिलमास गांव से करीब 600 मीटर दूर एक तालाब में मत्स्य पालन किया जा रहा है। गांव के रहने वाले चरण सिंह यादव के दो बेटे त्रिवेन्द्र (10) और देव (7), सुरेन्द्र गंगवार का पुत्र अंश (8) और जियालाल कश्यप का बेटा आयुष(8) दोपहर के समय खेलते हुए गांव से बाहर चले गए और तालाब पर जा पहुंचे। अचानक देव को किनारे पर खड़ा छोड़कर बाकी तीन बच्चे नहाने के लिए तालाब में घुस गए। पानी अधिक होने की वजह से सभी बच्चे उसमें डूब गए।

भाई के साथ दो और बच्चों को डूबता देख किनारे पर मौजूद देव ने शोर मचाया। आसपास खेतों में काम कर रहे लोग दौड़कर तालाब पर पहुंच गए और बच्चों की तलाश शुरू कर दी। जब तक तीनों बच्चों को बाहर निकाला गया, उनकी मौत हो चुकी थी। तीन बच्चों की मौत परिवारों में कोहराम मचा है। गांव ही नही, पूरा इलाके में मातम की स्थिति है। इंस्पेक्टर मीरगंज संजय तोमर ने बताया कि तीन बच्चों की तालाब में डूबने से जान चली गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई से इनकार किया है।

## यात्री ने खोला विमान का इमरजेंसी डोर, गिरफ्तार

**चेन्नई।** चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टैक्सी वे पर चल रहे विमान का आपातकालीन निकास द्वार एक यात्री ने अचानक खोल दिया, इससे विमान में अफरातफरी मच गई। यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया।

एयर अरबिया का एक विमान 231 यात्रियों को लेकर रविवार तड़के शारजाह से चेन्नई पहुंचा था। विमान जब टैक्सी वे पर आगे बढ़ रहा था, तभी उसमें सवार पुडुकोट्टई निवासी 34 वर्षीय युवक ने आपातकालीन निकास द्वार खोल दिया। पायलट ने विमान को तुरंत रोक दिया और हवाई अड्डा प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद बम निरोधक विशेषज्ञों और सशस्त्र अधिकारियों समेत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मी तुरंत उस स्थान पर पहुंचे, जहां विमान रुका था। पायलट ने तत्काल शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने यात्री को हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही है।

**बड़ी उपलब्धि** | भारतीय स्टार्टअप के मिशन दृष्टि को स्पेसएक्स के रॉकेट ने किया लॉन्च, हर मौसम में लेगा उच्च गुणवत्ता की तस्वीरें

# दुनिया का पहला भारतीय ऑप्टोएसएआर उपग्रह अंतरिक्ष में

नई दिल्ली, एजेंसी

स्पेसएक्स ने रविवार को कैलिफॉर्निया से फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए बेंगलुरु आधारित स्टार्टअप गैलेक्सआई के मिशन 'दृष्टि' उपग्रह का प्रक्षेपण किया। कंपनी के अनुसार, मिशन दृष्टि दुनिया का पहला ऑप्टोएसएआर उपग्रह है, जिसमें इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल (ईओ) और सिंथेटिक अपर्चर रडार (एसएआर) सेंसर को एक ही प्लेटफॉर्म पर जोड़ा गया है।

ईओ सेंसर धूप और साफ मौसम में उच्च गुणवत्ता की तस्वीरें लेते हैं जबकि एसएआर सेंसर रडार पल्स के जरिए हर मौसम तथा हर समय तस्वीरें उपलब्ध कराते हैं। कंपनी के संस्थापक और सीईओ सुयश सिंह ने कहा, मिशन दृष्टि के सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचने के बाद हमारा ध्यान इसकी कमीशनिंग को पूरा करने पर है। इस चरण के दौरान हम अपने ऑप्टोएसएआर पेलोड से मिलने वाले अलग तरह के डेटा को लेकर दुनियाभर में खासी रुचि देख रहे हैं। कंपनी ने कहा कि यह उपग्रह पारंपरिक प्रणालियों की सीमाओं से आगे जाने में मदद करेगा और विभिन्न पर्यावरणीय परिस्थितियों में अधिक विश्वसनीय व निरंतर डेटा उपलब्ध कराएगा।

मिशन दृष्टि का प्रक्षेपण पांच वर्षों तक स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास, व्यापक पर्यावरणीय परीक्षण और प्रदर्शन सत्यापन के बाद किया गया। इंडियन स्पेस एसोसिएशन (आईएसपीए) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एके भट्ट ने कहा, गैलेक्सआई ने वह उपलब्धि हासिल की है जो दुनिया में कुछेक संस्थाओं ने हासिल की है और वह है एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑप्टिकल तथा एसएआर क्षमताओं को सहज रूप से जोड़कर हर मौसम में निरंतर निगरानी संभव बनाना। उन्होंने कहा कि इस प्रौद्योगिकी की खास बात सिर्फ इसकी क्षमता नहीं, बल्कि इसका व्यापक प्रभाव भी है, खासकर अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में, जहां पृथ्वी निरीक्षण के क्षेत्र में समयबद्ध और निर्णय लेने के लिए उपयोगी जानकारी बेहद महत्वपूर्ण होती है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मिशन दृष्टि के प्रक्षेपण को भारत की अंतरिक्ष यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

उन्होंने एक्स पर लिखा, दुनिया के पहले ऑप्टोएसएआर उपग्रह और देश के सबसे बड़े निजी रूप से निर्मित उपग्रह का सफल प्रक्षेपण हमारे युवा नवोन्मेषकों की अपार क्षमता को दर्शाता है, जो राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं।



### ये भारतीय युवाओं के जुनून का प्रमाण : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन दृष्टि के प्रक्षेपण की सराहना करते हुए इसे नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति युवाओं के जुनून का प्रमाण बताया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गैलेक्सआई का मिशन दृष्टि हमारी अंतरिक्ष यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के पहले ऑप्टोसार उपग्रह एवं भारत में निर्मित सबसे बड़े निजी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारे युवाओं के जुनून का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने गैलेक्सीआई के संस्थापकों और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

न्यूज ब्रीफ

### बूथ सशक्तीकरण से संगठन को मिलेगी नई मजबूती: धर्मपाल सिंह

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को गाजियाबाद और अलीगढ़ में बैठकों को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती के लिए बूथ सशक्तीकरण को सबसे अहम बताया। उन्होंने जिला व मंडल स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर बूथ इकाइयों को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा बूथ स्तर पर आधारित है और बूथ जितना मजबूत होगा, चुनावी सफलता उतनी सुनिश्चित होगी। कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताते हुए उन्होंने बूथ समितियों के सत्यापन और अधूरी इकाइयों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। धर्मपाल सिंह ने बूथ स्तर पर सक्रिय टीम गठन, जनसंपर्क और लाभार्थी संवाद को गति देने पर जोर दिया। साथ ही 'मन की बात' कार्यक्रम को हर बूथ पर सामूहिक रूप से सुनने की व्यवस्था करने और प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने की बात कही।

### 143 सीटों पर निर्णायक हो सकता है अल्पसंख्यक वोट : अविनाश पांडेय

**लखनऊ, अमृत विचार :** कांग्रेस महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि यदि अल्पसंख्यक समाज अपनी ताकत पहचान ले तो प्रदेश की 403 में से 143 सीटों के परिणाम प्रभावित कर सकता है। उन्होंने भाजपा सरकार पर अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया। वह रविवार को आयोजित अल्पसंख्यक समाज सम्मेलन में बोल रहे थे, जहां सोहेल अंसारी ने अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। पांडेय ने कहा कि देश के निर्माण में अल्पसंख्यकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और वर्तमान समय में उन्हें संगठित होने की जरूरत है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए जल्द वापसी का भरोसा जताया। सम्मेलन में कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 30 वृहद गो संरक्षण केंद्रों का उद्घाटन आज

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह सोमवार को 16 जिलों में नवनिर्मित 30 वृहद गोसंरक्षण केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन पशुपालन निदेशालय से करेंगे। कार्यक्रम में पशुधन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में संबंधित जनपदों के जनप्रतिनिधि भी वर्चुअली रूप से प्रतिभाग करेंगे। यह कार्यक्रम मध्याह्न 12 बजे पशुपालन निदेशालय, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा।

# चार बच्चों की हत्या का मामला उलझा 100 मीटर दूर मिला मां का शव

## एक ही घर में चार बच्चों के शव एक ही बेड पर पड़े मिले थे, मां गायब थी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** जनपद से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां चार मासूम सगे भाई-बहनों की निर्मम हत्या के बाद अब उनकी मां गासिया खातून का शव भी घटना स्थल से करीब 100 मीटर दूर नाले के किनारे बरामद हुआ है। जिसके बाद पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है।



गासिया खातून।

घटना अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मीरानपुर मुरादाबाद मोहल्ले की है। जहां एक ही घर में चार बच्चों के शव एक ही बेड पर पड़े मिले थे। सभी की बेरहमी से हत्या की गई थी। घटना के बाद से मां घर से गायब थी, जबकि पिता पिछले चार वर्षों से सऊदी अरब में रह रहा है। प्रारंभिक जांच में पुलिस मां को ही हत्यारोपी मानकर चल रही थी और उसकी तलाश में जुटी थी। लेकिन करीब 24 घंटे बाद उसी महिला का शव घर से महज 100 मीटर दूर नाले के किनारे मिलने से पूरे मामले की दिशा बदल गई है। मां का शव मिलने के बाद अब यह स्पष्ट हो गया है कि मामला केवल बच्चों की हत्या तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें एक और मौत जुडने से जांच का दायरा और बढ़ गया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि महिला की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की है। घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस शव को घटना स्थल से महज 100 मीटर दूर पाया गया, उसे खोजने में पुलिस को 24 घंटे से अधिक समय लग गया।




महिला का शव मिलने के बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### एसपी प्राची सिंह बोलीं

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि बीते दिवस चार बच्चों का शव बरामद किया गया था। महिला फरार थी, जिसकी खोजबीन के लिए चार टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीम सीसीटीबी कैमरे खोज रही थी तभी नाले पर महिला का शव मिला। महिला की फोटो उसके पति के पास भेजकर कंफर्म कराया गया है। कसड़ा गांव में सुबह से पसरा सन्नाटा दोपहर होते-होते चीख-पुकार में बदल गया, जब एक ही घर से चार मासूम भाई-बहनों का जनाजा निकला। पूरा गांव उमड़ पड़ा, हर चेहरा गम और अविश्वास से भरा हुआ था। सफेद कपड़ों में लिपटे शफीक, सउद, उमर और सादिया के जनाजे जब एक साथ उठे तो पूरा गांव गमगीन हो गया।

मेहनतकश किसान



आगरा में ताजमहल के पास स्थित खेत से एक मजदूर कटी हुई सब्जियां बाजार में बेचने को ले जाते हुए। ● एजेंसी

### खराब मौसम को लेकर सीएम योगी की अपील सतर्क रहने की सलाह

**लखनऊ, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में संभावित खराब मौसम को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने आंधी, तेज हवाओं और बारिश के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने और सुरक्षा को प्राथमिकता देने को कहा है। मौसम विभाग के अनुसार कई जिलों में तेज हवाएं, गरज-चमक और बिजली गिरने की आशंका है। लोगों को खुले स्थानों, पेड़ों के नीचे और बिजली के खंभों के पास खड़े होने से बचने की सलाह दी गई है। किसानों से फसल और पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से बच्चों को घर के अंदर रखने की अपील की है। साथ ही प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखते हुए जिलाधिकारियों, पुलिस और आपदा प्रबंधन विभाग को पूरी तरह मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं। राहत व बचाव टीमें सक्रिय कर दी गई हैं।

## हज यात्रियों को 10 हजार अतिरिक्त जमा करने के निर्देश

**लखनऊ, अमृत विचारः** हज 2026 पर जाने वाले और जा चुके सभी यात्रियों को अब अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ेगा। हज कमिटी आफ इंडिया ने सर्कुलर जारी कर प्रति यात्री करीब 10 हजार रुपये अतिरिक्त जमा करने के निर्देश दिए हैं। यह राशि 15 मई 2026 तक जमा करनी होगी।

सर्कुलर के अनुसार, मध्य पूर्व में जारी संकट और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ईंधन) की कीमतों में भारी वृद्धि के चलते एयरलाइंस ने किराया बढ़ाने की मांग की थी। इस पर अल्पसंख्यक मंत्रालय ने विचार करते हुए हज 2026 के लिए संशोधित हवाई किराया मंजूर किया है। इसके तहत प्रत्येक यात्री को करीब 100 अमेरिकी डॉलर (लगभग 10 हजार रुपये) अतिरिक्त देने होंगे, चाहे वह किसी भी शहर से यात्रा कर रहा हो। हज कमेटी ने स्पष्ट किया है कि यह अतिरिक्त राशि हज कमेटी की आधिकारिक वेबसाइट या हज सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाइन जमा की जा सकती है।

## खनन से बने पोखर में डूबकर बच्चे की मौत, भाई चोटिल

**गोंडा,एजेंसीः** जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में खनन के तहत मिट्टी खोदे जाने से बने एक गड्ढे में भरे पानी में डूबने से पांच वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने रविवार को बताया कि शनिवार शाम कोतवाली देहात क्षेत्र के चिश्तीपुर निवासी राजेश प्रजापति के बच्चे अमन (पांच) और मोनू (10) रामनगर तिराहे से पथरी बाजार जाने वाली सड़क के किनारे खेलते वक्त अचानक पास में बने गड्ढे में फिसल जाने से उसमें भरे पानी में डूब गये।

## योगी कैबिनेट की बैठक आज

**लखनऊ,अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को शाम 3 बजे सीएम आवास पर कैबिनेट की बैठक होगी। बैठक में तबादला नीति समेत कई अहम प्रस्तावों पर निर्णय होने की संभावना है।

● तबादला नीति और डीए पर फैसला संभव

सूत्रों के मुताबिक, सरकार 31 मई तक राज्य कर्मचारियों के तबादले का प्रस्ताव ला सकती है। प्रस्तावित नीति के तहत जिले में तीन वर्ष और मंडल में सात वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके कर्मचारियों को तबादले के दायरे में लाया जा सकता है।

तबादला नीति में दंपती कर्मचारियों को एक ही स्थान पर तैनाती देने और दिव्यांग व गंभीर बीमार कर्मचारियों को छूट देने के प्रावधान भी शामिल किए जा सकते हैं। आकांक्षी जिलों में पद रिक्त न रहने देने के लिए विशेष व्यवस्था जारी रखने पर भी विचार संभव है।कैबिनेट बैठक में राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 2 प्रतिशत बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर भी चर्चा हो सकती है। यह बढ़ोतरी जनवरी से लागू करने पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा तारकोल (बिटुमेन) की बढ़ी कीमतों के चलते सड़क निर्माण लागत में वृद्धि के मुद्दे पर भी चर्चा होगी।

# फिर हुए 38 आईएएस के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● विवादित इस्तीफा मामले के रिंकू सिंह राही को मिली तैनाती

● मुरादाबाद और संभल में नए जिलाधिकारी तैनात किए

**अमृत विचारः** प्रदेश में एक बार फिर बड़ी संख्या में आईएएस अफसरों के तबादले हुए हैं। रविवार देर रात 8 जिलों के डीएम समेत 38 आईएएस अफसरों का तबादला कर दिए गए हैं। देवरिया, जौनपुर, मऊ, महराजगंज, फिरोजाबाद, मुरादाबाद, संभल और प्रतापगढ़ में नए जिलाधिकारी तैनात किए गए हैं। तकनीकी इस्तीफा देने वाले रिंकू सिंह राही के इस्तीफा वापस लिए जाने के बाद उन्हें जालौन का संयुक्त मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

मधुसूदन हुल्गी विशेष सचिव मुख्यमंत्री तथा अपर आवास आयुक्त आवास विकास परिषद से डीएम देवरिया, सैमुअल पाल एन प्रबंध निदेशक केस्को व अपर आयुक्त राज्य कर कानपुर प्रथम से डीएम जौनपुर, आनंद वर्धन उपाध्यक्ष गोरखपुर विकास प्राधिकरण से डीएम मऊ, गौरव सिंह सोगरवाल नगर आयुक्त गोरखपुर से डीएम महराजगंज, संतोष कुमार शर्मा डीएम महराजगंज से डीएम फिरोजाबाद, राजेंद्र पेंसिया डीएम संभल से डीएम मुरादाबाद, अंकित खंडेलवाल नगर आयुक्त आगरा से डीएम संभल, अभिषेक पांडेय अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त राजस्व परिषद से डीएम प्रतापगढ़ बनाए गए हैं।शिव सहाय अवस्थी डीएम प्रतापगढ़ से मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, अनुज सिंह डीएम मुरादाबाद से विशेष सचिव मुख्यमंत्री, अभिनव गोयल मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद से उपाध्यक्ष गोरखपुर विकास प्राधिकरण बनाए गए हैं। अजय जैन मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ से नगर आयुक्त गोरखपुर, डा. अल्का वर्मा निदेशक (प्रशासन) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं से विशेष सचिव वित्त तथा रजिस्ट्रार चिट्स एवं सोसायटी यूपी, निधि बंसल प्रतीक्षारत से निदेशक (प्रशासन) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं बनाई गई हैं।

डा. दिनेश चंद्र डीएम जौनपुर से विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग, प्रवीण मिश्रा डीएम मऊ से विशेष सचिव समाज कल्याण तथा सचिव अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग, रमेश रंजन डीएम फिरोजाबाद से अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त राजस्व परिषद बनाए गए हैं। दिव्या मित्तल डीएम देवरिया से विशेष सचिव राजस्व विभाग, चंद्र शेखर प्रतीक्षारत से विशेष सचिव सिंचाई एवं जल संस्थान विभाग, नेहा जैन विशेष सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रानिक तथा प्रबंध निदेशक यूपी डेस्को से प्रबंध निदेशक केस्को बनाई गई हैं।

समीर विशेष सचिव वित्त तथा रजिस्ट्रार चिट्स एवं सोसायटी से विशेष सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रानिक तथा प्रबंध निदेशक यूपी डेस्को, सी इंदुमती विशेष सचिव चीनी उद्योग तथा गन्ना विकास विभाग एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक राज्य चीनी निगम से निदेशक महिला कल्याण उत्तर प्रदेश तथा प्रबंध निदेशक महिला कल्याण निगम बनाई गई हैं।

वंदना वर्मा निदेशक महिला कल्याण तथा प्रबंध निदेशक महिला कल्याण निगम से विशेष सचिव चीनी उद्योग तथा गन्ना विकास एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक राज्य चीनी निगम, राजेंद्र सिंह द्वितीय विशेष सचिव समाज कल्याण विभाग तथा सचिव उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग से सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद प्रयागराज, प्रेम प्रकाश विशेष सचिव राजस्व विभाग से सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद प्रयागराज बनाए गए हैं। इसके अलावा अन्य जिलों के डीएम भी बदले गए हैं।

# सेवानिवृत इंजीनियर से 75 लाख की ठगी

नोएडा,एजेंसी

शेयर मार्केट में निवेश पर भारी मुनाफे का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने नोएडा में टेलीकॉम विभाग से सेवानिवृत 71 वर्षीय एक इंजीनियर से 75 लाख रुपए ठग लिये। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित ने साइबर अपराध थाने में शनिवार रात को ठगी के संबंध में शिकायत दर्ज करायी ।


पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) शैव्या गोयल ने बताया कि सेक्टर-104 स्थित एटीएस वन हैमलेट सोसाइटी में रहने वाले बुजुर्ग आलोक सहदेव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 फरवरी को उन्हें व्हाट्सएप पर एक निवेश ग्रुप में जोड़ा गया था। उन्होंने बताया कि इस ग्रुप का नाम वेल्थ एलायंस था और इसमें शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश कर भारी मुनाफे का दावा किया जा रहा था। ग्रुप में मौजूद लोगों द्वारा लगातार मुनाफे के स्क्रीनशॉट और ट्रेडिंग की जानकारी साझा की जाती थी, जिससे उन्हें भरोसा हुआ। शिकायतकर्ता ने बताया कि शुरु में उन्होंने छोटी राशि निवेश की और उन्हें आठ हजार रुपये का लाभ मिला, जिससे उनका विश्वास और बढ़ गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपियों ने उन्हें बड़ी रकम निवेश करने के लिए प्रेरित किया और धीरे-धीरे उनसे अलग-अलग बैंक खातों में पैसे अंतरित करवाए। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपियों ने यह भी झांसा दिया कि उनके शेयर ज्यादा मात्रा में अलॉट हो गए हैं और अगर अतिरिक्त पैसा जमा नहीं किया गया तो खाते में लेन-देन पर रोक लगाई जा सकती है।

पीड़ित ने बताया कि जब उन्होंने रुपये देने से मना किया तो उनका एप अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया।

# अखिलेश ने मेधावियों को दिए लैपटॉप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा शिक्षा को प्राथमिकता देती रही है और डिजिटल डिवाइड को खत्म करना समय की जरूरत है।



मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण के दौरान उपस्थित सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

विक्रमादित्य मार्ग स्थित मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने घोषणा की कि 2027 में सरकार बनने पर केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा लागू की जाएगी। साथ ही उन्होंने पूर्व सपा सरकार की कन्या विद्या धन योजना का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय बालिकाओं को 30 हजार रुपये की सहायता दी जाती थी।

कार्यक्रम में लखनऊ की अनन्या यादव, सीतापुर की अंकिता यादव, मलिहाबाद की उन्जिला फातिमा (97%) और क्राइस्ट चर्च कॉलेज की सारा मोईन (98.75%) को सम्मानित किया गया। सारा, जो मूक-बधिर और दृष्टिबाधित हैं, उनके शिक्षक को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा मेरठ जिले के 25 मेधावी छात्र-छात्राओं को भी लैपटॉप वितरित किए गए।

## शिक्षामित्रों को कल बढ़ा मानदेय देंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 5 मई को गोरखपुर में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से 1.43 लाख शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय का औपचारिक लाभ देंगे। यह कार्यक्रम बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित होगा, जहां मुख्यमंत्री शिक्षामित्रों से संवाद भी करेंगे। सरकार के इस निर्णय के तहत शिक्षामित्रों को 18,000 प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। अप्रैल माह से ही बढ़े हुए मानदेय का भुगतान शुरू कर दिया गया है। कार्यक्रम सभी जिलों में समानांतर आयोजन किए जाएंगे। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन और मुख्यमंत्री के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किया जाएगा।

# पहली बार हर मतदाता को मिलेगा 9 अंकों का 'स्टेट वोटर नंबर'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

पंचायत चुनाव

● मतदाता सूची प्रकाशन की तारीख फिर बढ़ी, 10 जून को आएगी अंतिम सूची

**अमृत विचारः** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर उप्र. राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। मतदाता सूची प्रकाशन की तिथि बढ़ने के पीछे पंचायत मतदाताओं को पहली बार 9 अंक का यूनिक नंबर दिया जाना माना जा रहा है। इसके बाद अंतिम मतदाता सूची 10 जून को जारी की जाएगी। आयोग का कहना है कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या त्रुटि की आशंका से बचने के लिए यह कदम उठाया गया है।

इस बार चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आयोग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। पहली बार ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची में शामिल हर मतदाता को 9 अंकों का यूनिक 'स्टेट वोटर नंबर' (एसवीएन) दिया जा रहा है। यह नंबर प्रत्येक मतदाता के लिए अलग और स्थायी होगा, जिससे फर्जी मतदान या किसी दूसरे के नाम पर वोट डालने की संभावना लगभग समाप्त हो जाएगी।

आयोग के निर्देश पर प्रदेशभर में ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का वृहद पुनरीक्षण अभियान चल रहा है। इसी के तहत सभी मतदाताओं को यह यूनिक नंबर आवंटित किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति दूसरे के नाम पर मतदान करने की कोशिश करेगा तो स्टेट वोटर नंबर के जरिए उसे तुरंत चिन्हित किया जा सकेगा।

## सुभासपा प्रदेश अध्यक्ष का इस्तीफा, वीआईपी में हुए शामिल

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तर प्रदेश की सियासत में चुनावी सरगर्मी के बीच दल-बदल का दौर तेज होता दिख रहा है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमचंद्र कश्यप ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके तुरंत बाद उन्होंने विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की सदस्यता ग्रहण कर ली। सूत्रों के मुताबिक, कश्यप का यह कदम 2027 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, जिससे सुभासपा को बड़ा झटका माना जा रहा है। उनके इस्तीफे के बाद संगठन में हलचल बढ़ गई है और कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति है।

तैयारी

जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधने के लिए 16 नामों पर मंथन

# चुनावी नतीजों के बाद योगी सरकार में हो सकता है फेरबदल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● योगी सरकार 1.0 के कुछ पुराने चेहरे भी शामिल

**अमृत विचारः** चुनावी वर्ष में उत्तर प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक बदलाव से पहले मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल की चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। सूत्रों के अनुसार योगी आदित्यनाथ की नई टीम का गठन पश्चिम बंगाल चुनाव के नतीजों के दो-तीन दिन बाद किया जा सकता है।

बताया जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पार्टी नेतृत्व ने करीब 16 नामों पर मंथन किया है, जिनमें योगी सरकार 1.0 के कुछ पुराने चेहरे भी शामिल हैं। अप्रैल और मार्च के दौरान दिल्ली और लखनऊ में संगठन की कई अहम बैठकें हुईं, जिनमें मंत्रियों के कामकाज का फीडबैक लिया गया। इस क्रम में विनोद तावड़े ने मार्च में लखनऊ प्रवास के दौरान मंत्रियों के प्रदर्शन की समीक्षा की। इसके अलावा प्रदेश नेतृत्व ने केंद्रीय स्तर पर बीएल संतोष, अमित शाह और नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात कर फीडबैक साझा किया।



### समीकरण साधने की कवायद

पार्टी सूत्रों का कहना है कि मंत्रिमंडल में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए बदलाव किए जाएंगे। ब्राह्मण प्रतिनिधित्व को लेकर भी चर्चा है और दो से तीन नए चेहरों को शामिल करने की संभावना जताई जा रही है। यदि सभी को जगह नहीं मिल पाती, तो कुछ नेताओं को संगठन में जिम्मेदारी दी जा सकती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा बदलाव की संभावना जताई जा रही है, जहां से दो से तीन नए चेहरे शामिल किए जा सकते हैं। इसके साथ ही जाट और गुर्जर समाज के बीच संतुलन बनाने को लेकर भी मंथन जारी है।

### दलित-ओबीसी और महिला प्रतिनिधित्व पर भी नजर

सूत्रों के मुताबिक, समाजवादी पार्टी के पीडीए फार्मूले की काट के लिए मंत्रिमंडल में दलित और ओबीसी वर्ग से नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। वहीं, महिला प्रतिनिधित्व में भी बदलाव की संभावना है और दो महिला मंत्रियों की जगह नए चेहरों को अवसर देने पर विचार चल रहा है। पार्टी पदाधिकारियों का मानना है कि मंत्रिमंडल विस्तार से संगठन में नई ऊर्जा आएगी और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। साथ ही जिन चेहरों को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलेगी, उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर संतुलन साधा जाएगा।

# आतंकवाद-रोधी तैयारियों को और मजबूत करने के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● डीजीपी ने एटीएस मुख्यालय का किया निरीक्षण

**अमृत विचारः** प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने रविवार को एटीएस मुख्यालय का निरीक्षण कर आतंकवाद-रोधी तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने परिचालन क्षमता, आधारभूत ढांचे और तकनीकी संसाधनों को मजबूत करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीजीपी ने खुफिया तंत्र, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने तकनीक आधारित निगरानी को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया। डीजीपी ने एटीएस को हर परिस्थिति के लिए तैयार रखने हेतु नियमित मॉक ड्रिल और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही कमांडोज़ के कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड समेत अन्य संस्थानों के साथ समन्वय बढ़ाने को कहा।

इस दौरान आईजी एटीएस प्रेम गौतम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



एटीएस मुख्यालय में निरीक्षण करते पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा।

## न्यूज ब्रीफ

### चारों धामों में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भारी भीड़

देहरादून: उत्तराखंड के चारों धामों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। केदारनाथ में एक ही दिन में 23 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे हैं। ऐसे में बाबा केदार के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या तीन लाख पार कर गई है। वहीं, चारों धाम मिलाकर अब तक 6 लाख 63 हजार से ज्यादा श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर चुके हैं। रविवार को ही यमुनोत्री धाम में 8,669 श्रद्धालुओं ने यमुना के दर पर हाजिरी लगाई, जिसमें 4,537 पुरुष, 3,805 महिला और 327 बच्चे शामिल रहे। इस प्रकार अभी तक यमुनोत्री धाम में 98,234 श्रद्धालु मां यमुना के दर्शन कर चुके हैं। वहीं, गंगोत्री धाम में रविवार को 8,310 श्रद्धालुओं ने मां गंगा के दर्शन किए। इसमें 4,567 पुरुष, 3,585 महिला और 158 बच्चे शामिल रहे। इस तरह अभी तक 97,193 श्रद्धालु गंगोत्री धाम पहुंचकर मां गंगा का आशीर्वाद ले चुके हैं। इसी कड़ी में यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में 1,95,427 श्रद्धालु पहुंच चुके हैं।

### कॉर्बेट के ढेला रेंज रेस्क्यू सेंटर में वृद्ध नर बाघ की मौत

रामनगर, अमृत विचार: कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की ढेला रेंज स्थित रेस्क्यू सेंटर में एक वृद्ध नर बाघ की मौत हो गई। बाघ की उम्र लगभग 20 वर्ष आंकी गई है। वन अधिकारियों के अनुसार प्रथम दृष्टया उसकी मौत का कारण वृद्धावस्था माना जा रहा है। ढेला रेंज के रेंजर भानु प्रकाश हरबोला ने बताया कि उक्त नर बाघ को 15 नवंबर 2019 को ढिकाला रेंज से रेस्क्यू कर नैनीताल जू भेजा गया था। बाद में 20 अप्रैल 2021 को उसे नैनीताल जू से ढेला रेंज स्थित रेस्क्यू सेंटर में स्थानांतरित किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में वृद्धावस्था के चलते बाघ में ट्यूमर की समस्या सामने आई थी, जिसका सफल ऑपरेशन भी किया गया था।

### कंपनी में काम दिलाने के नाम पर 4.44 लाख रुपये की ठगी

सितारगंज, अमृत विचार: डिलीवरी कंपनी में काम दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 4.44 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। केसरी इंटरप्राइजेज के स्वामी पीयूष अग्रवाल ने बताया कि 5 फरवरी 2026 को गुड़गांव स्थित देहलीवरी प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के प्रतिनिधि राजीव शुक्ला से व्यापार के संबंध में बातचीत हुई थी। इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग बहानों से उनसे कुल 4.44 लाख रुपये वसूल किए। राशि जमा कराने के बाद जब आरोपी से संपर्क नहीं हो सका तो पीड़ित को ठगी का पता चला।

# 35 करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य, हर विद्यार्थी लगाएगा एक पौधा

## मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय बैठक, कहा- यूपी फिर बनाएगा रिकॉर्ड, हर आंगनबाड़ी केंद्र पर पांच सहजन के पौधे लगाने का भी आह्वान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



वृहद पौधरोपण अभियान-2026 की तैयारियों की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उच्चस्तरीय बैठक में इस वर्ष एक दिन में 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हर विद्यार्थी को कम से कम एक पौधा लगाने का आह्वान किया, वहीं प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में न्यूनतम पांच सहजन के पौधे लगाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को 30 मई तक अपनी विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने रविवार को वृहद पौधरोपण अभियान-2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कि पौधरोपण को जनआंदोलन का स्वरूप देते हुए व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों तथा आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकेगा। उन्होंने गंगा एक्सप्रेस-वे के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण को प्राथमिकता देने को कहा। साथ ही नदियों के किनारे 4.35 करोड़ पौधों के रोपण की भी तैयारी की जा रही है। उन्होंने शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पर वन और वाटिकाएं विकसित करने, हाइवे और नदियों के किनारे वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। साथ ही अयोध्या में रामायणकालीन प्रजातियों के पौधे लगाने पर विशेष जोर दिया।

बैठक के दौरान वन एवं पर्यावरण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री को 'शेखा झील पक्षी विहार, अलीगढ़' के रामसर साइट घोषित किए जाने का प्रमाण पत्र भी सौंपा गया। बता दें कि उत्तर प्रदेश में कुल 12 रामसर स्थल नामित किए जा चुके हैं, जो कुल 38,992.25 हेक्टेयर क्षेत्रफल आच्छादित करते हैं। शेखा झील पक्षी विहार रामसर स्थल 40.309 हेक्टेयर क्षेत्रफल के साथ प्रदेश का सबसे छोटा रामसर स्थल है। 2016 में इसे पक्षी विहार के रूप में अधिसूचित किया गया था।

### वैज्ञानिक और तकनीक आधारित होगा अभियान

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वर्ष 2026 का पौधरोपण अभियान पूरी तरह वैज्ञानिक, योजनाबद्ध और परिणामोन्मुख बनाया जाए। उन्होंने माइक्रो प्लानिंग को इसकी आधारशिला बताते हुए ग्रामीण और शहरी स्तर पर तैयार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। पौधों की गुणवत्ता और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग की नर्सरियों से उच्च गुणवत्ता वाले पौधे नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रदेश में 1935 नर्सरियां संचालित हैं और 50 करोड़ से अधिक पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए 34 नई नर्सरियां भी स्थापित की गई हैं।

### जीवितता पर रहेगा विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि केवल पौधरोपण ही नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा और जीवितता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए 'हरीतिमा' ऐप, जीआईएस मैपिंग, क्यूआर कोड आधारित ट्रैकिंग, प्लांटेशन मॉनीटरिंग सिस्टम और नर्सरी मैनेजमेंट सिस्टम जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जा रहा है। वर्ष 2025 के सर्वेक्षण में पौधों की जीवितता दर 80 प्रतिशत दर्ज की गई है।

# कनिष्ठ विश्लेषकों की नियुक्ति से दवा जांच में आएगी तेजी

## सख्त निगरानी से नकली व मानकहीन उत्पादों पर लगेगी लगाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 18 लैब होंगी संचालित विश्लेषण क्षमता 12 हजार से बढ़कर 54,500 नमूने प्रतिवर्ष

अमृत विचार: कनिष्ठ विश्लेषकों की नियुक्ति से दवा और कास्मेटिक उत्पादों की गुणवत्ता जांच अधिक प्रभावी होगी। इनका प्रमुख कार्य औषधि एवं कास्मेटिक्स अधिनियम, 1940 के तहत विभिन्न जनपदों से एकत्रित नमूनों का वैज्ञानिक परीक्षण करना है। इससे दवाओं की शुद्धता, प्रभावशीलता और मानकों के अनुरूपता सुनिश्चित होगी। साथ ही नकली, मिलावटी और मानकहीन उत्पादों की पहचान कर उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त होगा।

प्रदेश में जनस्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अंतर्गत चयनित 357 कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) को नियुक्ति पत्र वितरित करने से प्रदेश में दवाओं की गुणवत्ता जांच प्रणाली को नई गति मिलेगी। कनिष्ठ विश्लेषकों की नियुक्ति से दवा और कास्मेटिक उत्पादों की गुणवत्ता जांच अधिक प्रभावी होगी। इनका प्रमुख कार्य औषधि एवं कास्मेटिक्स अधिनियम, 1940 के तहत विभिन्न जनपदों से एकत्रित नमूनों का वैज्ञानिक परीक्षण करना है। इससे दवाओं की शुद्धता, प्रभावशीलता और मानकों के अनुरूपता सुनिश्चित होगी। साथ ही नकली, मिलावटी और मानकहीन उत्पादों की पहचान कर उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे बाजार में उपलब्ध उत्पादों पर सख्त निगरानी स्थापित होगी और आम जनता को सुरक्षित व भरोसेमंद दवाएं मिल सकेंगी।

प्रदेश में औषधि परीक्षण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अब प्रत्येक मंडलीय मुख्यालय पर आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित कर कुल 18 लैब को अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है। पहले केवल 5 प्रयोगशालाओं के माध्यम से जांच कार्य होता था, जिससे क्षमता सीमित थी। अब नई नियुक्तियों के बाद सभी प्रयोगशालाएं पूर्ण क्षमता से कार्य करेंगी, जिससे जांच प्रक्रिया में तेजी आएगी और लंबित मामलों में कमी होगी।

### चार गुना से अधिक बढ़ेगी परीक्षण क्षमता

नई भर्तियों के बाद प्रदेश की परीक्षण क्षमता काफी बढ़ जाएगी। पहले जहां प्रतिवर्ष लगभग 12 हजार नमूनों की जांच होती थी, वहीं अब यह बढ़कर 54,500 नमूने प्रतिवर्ष तक पहुंच जाएगी। इससे न केवल जांच की गति तेज होगी, बल्कि व्यापक स्तर पर दवाओं और कास्मेटिक उत्पादों की गुणवत्ता की निगरानी भी संभव हो सकेगी। समयबद्ध जांच से संदिग्ध और मानकहीन उत्पादों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

### पारदर्शी भर्ती से सभी वर्गों को मिला अवसर

इस भर्ती प्रक्रिया में कुल 357 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिसमें 143 अनारक्षित, 75 अनुसूचित जाति, 6 अनुसूचित जनजाति, 97 अन्य पिछड़ा वर्ग और 36 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी शामिल हैं। पूरी चयन प्रक्रिया मेरिट आधारित, निष्पक्ष और पारदर्शी रही, जिसमें किसी प्रकार की सिफारिश या हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं रही।

# पारदर्शी भर्ती से बढ़ा युवाओं का विश्वास

## अभ्यर्थियों ने नियुक्ति पत्र पाकर मुख्यमंत्री योगी का जताया आभार



लखनऊ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समयबद्ध भर्ती से खिले चयनित अभ्यर्थियों के चेहरे

अमृत विचार: खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के 357 कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 252 दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को नियुक्ति पत्र मिलने के बाद चयनित अभ्यर्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों ने सरकार की पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया की सराहना की।

कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) के पद पर चयनित औरैया के प्रतीक कुमार दीक्षित ने कहा कि पूरी भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी रही। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि समयबद्ध चयन प्रक्रिया युवाओं के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले प्रयोगशालाओं की संख्या सीमित थी, लेकिन अब सरकार ने लैब बढ़ाकर रोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं।

दंत स्वास्थ्य विज्ञानी (डेंटल हाइजीनिस्ट) के पद पर चयनित लखनऊ की साक्षी सिंह ने इसे अपने परिवार के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी प्रक्रिया के कारण योग्य अभ्यर्थियों को अवसर मिला है और मुख्यमंत्री के संबोधन से उन्हें प्रेरणा मिली है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगी।

### रोजगार के अवसरों से मजबूत हो रहा प्रदेश

कानपुर की सभ्या कटियार ने कहा कि प्रदेश में युवाओं को लगातार रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने इसे अपने जीवन का महत्वपूर्ण दिन बताते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों को पूरी ईमानदारी से निभाएंगी। वहीं गाजीपुर के राकेश कुमार यादव ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह मेरिट आधारित रही और केवल योग्य अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है।

### महिलाओं और युवाओं को मिला सम्मान

मुरादाबाद की प्रियंका गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार में महिलाओं और युवाओं को सम्मान मिल रहा है। वहीं बस्ती के ऋषभ प्रताप सिंह और सीतापुर की पूजा वर्मा ने भी भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष बताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। अभ्यर्थियों ने एक स्वर में कहा कि पारदर्शी व्यवस्था से युवाओं का भरोसा मजबूत हुआ है और उन्हें अपने भविष्य को लेकर नया आत्मविश्वास मिला है।

## कपाट खोलने की तैयारी



उत्तराखंड के चमोली जिले में गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने से पहले सेना के जवान परिसर से बर्फ हटाते हुए। कपाट 23 मई को खुलेंगे। यह पवित्र स्थल अक्टूबर तक खुला रहता है। ● एजेंसी

# शराब में जहर मिलाकर पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या

संवाददाता, काशीपुर

- दोनों ने मिलकर नहर में फेंका शव, एसडीआरएफ की मदद से पुलिस ने किया बरामद

अमृत विचार: एक महिला द्वारा अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को शराब में जहर मिलाकर उसकी हत्या करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। हत्या के बाद आरोपी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति का शव नहर में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीआरएफ की मदद से शव भी बरामद कर लिया गया है।

रविवार को घटनाक्रम का खुलासा करते हुए एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि ग्राम खानपुर उत्तरी मझरा रज्जावाला, थाना स्वार, जिला रामपुर (यूपी) निवासी चंद्रवती पत्नी रामप्रसाद ने 1 मई को आईटीआई कोतवाली पुलिस में तहरीर सौंपी थी। इसमें बताया गया था कि उसका बेटा कुलवंत सिंह 25 अप्रैल को घर से अपनी पत्नी गुड्डी के पास ग्राम बांसखेड़ा, काशीपुर जाने की बात कहकर गया था।

गुड्डी से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह शाम को ही अपने घर जाने की बात कहकर चला गया था। जांच में सामने आया कि उसी दिन पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई थी।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कुलवंत सिंह की पत्नी गुड्डी का आचरण संदिग्ध है और उसका मसवासी, थाना स्वार, जिला रामपुर निवासी कपिल मौर्या उर्फ राहुल मौर्या से प्रेम प्रसंग है। मोबाइल सर्विलांस से भी पुष्टि हुई कि 25 अप्रैल को दोनों ग्राम बांसखेड़ा क्षेत्र में मौजूद थे। इसके बाद पुलिस ने गुड्डी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

# जनगणना को लेकर लापरवाह कर्मचारियों पर होगी एफआईआर

देहरादून, अमृत विचार: उत्तराखंड में चल रही जनगणना प्रशिक्षण में अपनी मौजूदगी दर्ज न कराने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों पर आयोग की गाज गिरनी तय मानी जा रही है। राज्य में शुरुआती चरण में मकानों की जनगणना जारी है लेकिन देहरादून में जनगणना के लिए नियुक्त 35 शिक्षक न तो ट्रेनिंग में उपस्थित हुए और न ही नगर निगम कार्यालय से कोई संपर्क साधा। इसका संज्ञान लेते हुए अधिकारी उन कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी में हैं। जनगणना के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों का चयन किया गया है। उनकी ड्यूटी अलग-अलग क्षेत्रों में जनगणना के लिए लगनी है।




पर्यटन | वीकेंड पर सरोवर नगरी में उमड़े पर्यटक, भवाली-नैनीताल मार्ग पर लगा जाम, होटल व अन्य कारोबारी खुश

# नैनीताल गुलजार, कैंची धाम में उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: वीकेंड के मौके पर सरोवर नगरी नैनीताल एक बार फिर पर्यटकों से गुलजार नजर आई। नैनीताल घूमने आए पर्यटको ने नैनी झील में नौकायन का लुफ्त उठाया तो वहीं अधिकांश पर्यटक चिड़ियाघर, केव गार्डन, बोटैनिकल गार्डन समेत आसपास के पर्यटक स्थलों का दीदार करने के लिए पहुंचे।



नैनीताल में पर्यटक स्थलों का दीदार करते पर्यटक। ● अमृत विचार

सुहावने मौसम और छुट्टियों का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक नैनीताल पहुंचे, जिससे शहर के प्रमुख मार्गों पर भारी यातायात दबाव देखने को मिला। इस दौरान विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अनुमान के मुताबिक करीब 20 हजार से अधिक भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

वहीं, नैनीताल-भवाली मार्ग पर पर्यटकों की गाड़ियों का लंबा जाम लग गया। कई स्थानों पर वाहनों की रफ्तार थम गई, जिससे यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक पुलिस को व्यवस्था संभालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। नैनीताल शहर के अंदर भी स्थिति कुछ अलग नहीं रही। माल रोड पर भी पर्यटकों के वाहनों की लंबी कतारें नजर आईं, जिससे यातायात प्रभावित रहा। पार्किंग स्थल फुल होने के कारण कई पर्यटकों को वाहन खड़े करने में परेशानी हुई।

### 20 हजार भक्तों ने किए कैंची धाम के दर्शन

कैंची धाम स्थित बाबा नीब करोरी महाराज के प्रति लगातार भक्तों की आस्था बढ़ रही है यही कारण है कि वीकेंड के मौके पर कैंची धाम आने वाले भक्तों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। रविवार को सुबह 6 बजे से मंदिर में भक्तों का पता लगना शुरू हो गया था। मंदिर प्रशासन के अनुसार सुबह ब्रह्म मुहूर्त में होने वाली आरती में भक्तों ने दर्शन किए। इसके बाद मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही और देर शाम तक मंदिर आने वाले भक्तों का सिलसिला जारी रहा। 20 हजार से अधिक भक्तों ने बाबा का आशीर्वाद लिया।

### गंगा में नहाते वक्त डूबने से चार की मौत

बलिया, एजेंसी: जिले में रविवार सुबह मुंडन कार्यक्रम के दौरान गंगा नदी में स्नान करते समय एक नाबालिग समेत चार लोगों की डूबने से मौत हो गयी।

कल्याणीपुर गांव के निवासी वशिष्ठ चौहान के परिवार के लोग और कुछ रिश्तेदार मुंडन कार्यक्रम के लिए सुबह गंगा नदी के शिवरामपुर घाट पर पहुंचे थे। धार्मिक अनुष्ठान के बाद साढ़े सात बजे करीब पांच लोग गंगा नदी में स्नान कर रहे थे। सिंह ने बताया कि इस दौरान एक नाबालिग लड़की मोबाइल से सेल्फी लेते समय पैर फिसलने से नदी में गिर गयी, जिसे बचाने के लिए अन्य लोग आगे बढ़ गये लेकिन वे भी डूब गये।



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# तीन बच्चों की मौत से तिलमास में मातम

## परिवारों को कभी न भरने वाले जख्म दे गया हादसा, इस घटना से गांव का हर व्यक्ति सदमे में

संवाददाता, बरेली/मीरगंज

**अमृत विचार:** मीरगंज क्षेत्र के गांव तिलमास में तीन बच्चों की मौत से मातम पसरा है। रविवार का दिन तीन परिवारों को कभी न भरने वाला जख्म दे दिया। एक साथ तीन घरों के बच्चे गहरे तालाब में एक-दूसरे को बचाने की कोशिश में जान गंवा बैठे। हादसे से हर कोई गम और सदमे में है।

गांववालों ने बताया कि, सभी बच्चे दोपहर के समय बिना बताए घर से निकले थे और पास ही स्थित मछली पालन वाले तालाब पर नहाने पहुंच गए थे। खेल-खेल में शुरू हुआ यह सफर कुछ ही पलों में मातम में बदल गया। बताया जा रहा है कि नहाते समय एक बच्चा अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के प्रयास में दो अन्य बच्चे भी पानी में कूद पड़े, लेकिन फिसलन भरी मिट्टी और गहराई के कारण तीनों बाहर नहीं निकल सके।

पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से तीनों के शव बाहर निकाले गए। जैसे ही बच्चों के शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। गांव में मातम पसर गया और हर आंख नम हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। पुलिस उन्हें समझाने का प्रयास कर रही है, ताकि आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा सके। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि सूचना करीब शाम 4:30 बजे मिली थी। प्रारंभिक जांच में स्पष्ट है कि तीनों बच्चे नहाने के दौरान डूब गए। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।


बच्चों की मौत के बाद बिलखते परिजन और ग्रामीण। ● अमृत विचार



बच्चों के शव को सीएचसी मीरगंज लाया गया तो माहौल गमगीन हो गया।

- परिवार में किसी को बिना बताए बच्चे घर से निकले थे
- एक डूबने लगा तो दोनो बच्चे बचाने में दोनो बच्चे भी डूब गये

**एक बच्चे का अंतिम संस्कार, दो का कल होगा**

त्रिवेंद्र के परिजनों ने रविवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं आयुष और अंश का अंतिम संस्कार सोमवार को किया जाएगा। बताया जा रहा है कि आयुष के पिता नोएडा में रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं, जबकि अंश के पिता गांव में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। हादसे ने तीनों परिवारों की जिंदगी को गहरे दुख में डुबो दिया है।

### लोगों ने मत्स्य पालन के तालाब पर सुरक्षा को लेकर उठाए सवाल



ग्रामीणों के अनुसार जिस तालाब में यह हादसा हुआ, वह सड़क किनारे स्थित है और यहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। तालाब की गहराई करीब छह फीट बताई जा रही है, लेकिन न तो यहां चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही घेराबंदी की गई है। ग्रामीणों ने गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। लोगों का कहना है कि ऐसे तालाब पर सुरक्षा के इंतजामों के साथ निगरानी को चौकीदार-कर्मचारी भी होना चाहिए था। ऐसा होता तो बच्चों की जान बच सकती थी।

### नवाबगंज में नदी में नहाते समय युवक डूबा, तलाश में जुटी पुलिस

**नवाबगंज अमृत विचार** :थाना बहेड़ी क्षेत्र के ग्राम हुसैन नगला निवासी दीपक कुमार( 19) पुत्र हुकुम सिंह बहगुल नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूब गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बताया गया कि दीपक तीन दिन पहले अपने मौसेरे भाई आकाश निवासी कचनारी गांव में शादी में शामिल होने आया था। रविवार दोपहर करीब एक बजे वह आकाश,और रघुविंद्र के साथ बहगुल नदी में नहाने गया था। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों की मदद से युवक की तलाश शुरू कर दी गई है। कोतवाल अरुण कुमार ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर तैनात है और शव की तलाश के प्रयास जारी हैं। दीपक के पिता किसान हैं, जबकि मां हेमलता और बहन रोशनी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, लाखों का सामान राख

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम कमठेना में रविवार शाम शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग ने एक परिवार की पूरी गृहस्थी उजाड़ दी। आग लगने के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे शुरुआती राहत कार्य में देरी हुई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

गांव निवासी रजत और उमेश, जो सगे भाई हैं, ने बताया कि जैसे ही आग की सूचना मिली, परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। लेकिन तब तक आग पूरे घर को अपनी चपेट में ले चुकी थी। आग में घर में रखा करीब पांच बीघा गेहूं, सोने-चांदी के जेवर, कपड़े, करीब दस हजार रुपये की नगदी, बच्चों के जरूरी कागजात और चारपाइयां समेत सभी घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए दीवार तोड़कर किसी तरह आग पर काबू पाने की कोशिश की और काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाया। घटना की सूचना पर डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन फायर ब्रिगेड के समय पर न पहुंचने से लोगों में आक्रोश देखा गया।


इसी दीवार को तोड़कर ग्रामीणों ने आग को बुझाया है। ● अमृत विचार

पीड़ित रजत और वीरेन्द्र के अनुसार इस आगजनी में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है, ताकि उनका जीवन फिर से पटरी पर लौट सके।

## युवक पर हमला, भाई-भाभी पर आरोप

**हाफिजगंज ,अमृत विचार:** थाना हाफिजगंज क्षेत्र के ग्राम उदरनपुर में पारिवारिक विवाद में एक युवक के साथ उसके ही भाई और भाभी द्वारा मारपीट किए जाने का आरोप है। पीड़ित यूसुफ अली पुत्र हसीन शाह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 1 मई 2026 को दोपहर करीब 1 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था, तभी उसका भाई इकबाल और भाभी मुमताज वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। दोनों आरोपियों ने उसे बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। इतना ही नहीं, उसके सिर पर डंडे से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।घटना के बाद परिजनों ने घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

जीवनी बोन & हैल्थ क्लीनिक
स्वास्थ्य शिविर
दिनांक : 14 मई, 2026,
समय : 10 बजे से 2 बजे तक
रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, शुल्क मात्र रु. 100/-
शिविर मे फ्री जाँचे
● HB ● TLC ● DLC ● Platelets ● S. Urea ● S.Creatinine ● PCV ● MCV ● MCHC ● S.Uric Acid ● S.ca ● S.Bilirubin ● S. Protein ● SGOT ● SGPT ● S.ALP ● RBS ● BMD ● PEFT
डा. विनय गंगवार
एम.बी.बी.एस. (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा. आँचल अग्रवाल
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
कंसल्टेंट फिजिशियन
बाकी सभी जाँचों पर 30% की छूट
सभी प्रकार की दवाओं पर 20% की छूट
शिविर में लाभ उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन करायें 6396640323
पता : मॉडल टाउन पुलिस चौकी के पास, स्टेडियम रोड, बरेली।

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

## बूंदा-बांदी से बिजली आपूर्ति प्रभावित

**मीरगंज, अमृत विचार:** थाना शाही क्षेत्र में शनिवार और रविवार को हल्की बूंदाबांदी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। रविवार रात करीब दो बजे शाही पावर हाउस से जुड़े कुड़का नगरिया फीडर की जर्जर लाइन में फॉल्ट आने से इलाके की बिजली गुल हो गई,

मीरगंज हाइडिल से संबध्य गांव जुन्हाई, गौसगंज, मकड़ी खोय, हैदरगंज, बीथम नौगवा, खेऊ की गौंटिया आदि दर्जनों गाँवो की बिजली आपूर्ती 18 घंटा से ठप्प रही। जूनियर इंजीनियर राम देव वर्मा ने बताया कि फॉल्ट की सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेज दिया गया है। लाइन काफी पुरानी और जर्जर होने के कारण यहां हल्की बारिश में भी फॉल्ट आ जाता है।सूचना मिलते ही विभाग के कर्मचारी अलर्ट हो गए और सुबह से ही मौके पर पहुंचकर फॉल्ट को ठीक करने में जुट गए।

# पेड़ से टकराने वाले बाइक सवार की मौत

संवाददाता, बिशारतगंज

अमृत विचार : शनिवार की सुबह अलीगंज-रमपुरा मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास हुए हादसे से घायल युवक की इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई।

मृतक शिवम ( 19 ) के चाचा वीरेंद्र ने बताया की शनिवार को थाना अलीगंज के गांव खेलम में अपनी ननिहाल दवा लेने गया था। वापसी में मझगवा गांव से आगे पेट्रोल पंप के पास बाइक से टकरा गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान रविवार की सुबह शिवम की मृत्यु हो गई। शिवम दो भाइयों में बड़ा था एक बहन है जिसकी शादी हो चुकी है।


मृतक शिवम

दूसरा बाइक सवार घायल बेहटा बुजुर्ग गांव निवासी धर्म सिंह का बेटा वीरेंद्र बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत और जिंदगी से जूझ रहा है। घायल वीजेंद्र के भाई अमरपाल ने बताया कि रविवार को उनका भाई गांव से मझगवां गया था वापस आकर बेहटा गांव की ओर मोड़ के पास बाइक रोककर खड़ा था।

इसी दौरान अलीगंज से की ओर से आ रहे थाना भमोरा के सिरसा गांव के रहने वाले शिवम ने जोरदार टक्कर मारी जिससे उनका भाई गिर गया और शिवम की बाइक पेड़ से जा टकराई।

## न्यूज डायरी

### अलीगंज में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, अंतपुर टीम रही विजेता

**अलीगंज, अमृत विचार** : अंतपुर गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ. जीराज सिंह यादव ने फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच विशारतगंज और अंतपुर की टीमों के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए विशारतगंज की टीम ने 72 रन बनाए। जवाब में अंतपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आकाश के बेहतरीन 58 रन की बदौलत मात्र 6 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। संचालन सूरज ठाकुर द्वारा किया गया। टूर्नामेंट में कमेटी के सदस्य के रूप में आकाश, मनु, विश्वनाथ, अवधेश, रोहित और विमल सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।



### दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज में 13 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**रिठौरा, अमृत विचार** : दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज में रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा ( नीट ) कड़ी सुरक्षा और मजिस्ट्रेटों की निगरानी में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक चली इस परीक्षा में कुल 13 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट सुखपाल सिंह व मजिस्ट्रेट डॉ. विजय कुमार सिंह मौजूद रहे। केंद्र व्यवस्थापक आशीष कुमार सिंह और परीक्षा प्रमुख डॉ. सर्वेश कुमार के नेतृत्व में स्टाफ ने गेट पर ही सघन चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया।केंद्र व्यवस्थापक ने बताया कि परीक्षा के लिए कुल 480 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 467 उपस्थित हुए और 13 ने परीक्षा छोड़ दी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसआई जसपाल सिंह, कांस्टेबल प्रिया, अनुराधा, भीष्म त्यागी और मोहम्मद मोईन पूरी तरह मुस्तैद दिखे।इस अवसर पर अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक रघुवीर सरन, डॉ. हरमीत सिंह, कुसुम गंगवार, ब्रजेश शर्मा, राजपाल, रामसिंह, अमरेश कुमार, प्रदीप कुमार गुप्ता, अतुल मौर्य, डॉ. राजेश कुमार गंगवार, मुरारीलाल, लोकेश कुमार, दीपकमल सक्सेना, वरुण वर्मा, आकाश पटेल, ब्रजेश गंगवार, राघवेंद्र प्रताप, रमेश चंद्र, जयदीप, यतेंद्रपाल, गिरजेश कुमारी और बंदना यादव सहित समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।



### कैम्प में रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा दी

**आंवला अमृत विचार** : रविवार को प्रजय चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्री राम हॉस्पिटल आंवला में एक नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बरेली के नाक कान गला विशेषज्ञ डॉ. पुलकित अग्रवाल ,बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कर्मेंद्र , दंत चिकित्सक डा. प्रियांशी अग्रवाल का परामर्श नि :शुल्क रहा। इस दौरान 175 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें सभी दवाइयां नि :शुल्क वितरित की गई। अस्पताल के एमडी डॉ. हरदीप सिंह ने सभी डॉक्टरों एवं क्षेत्रीय जनता को कैंप का सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया।



# भुता में फंदे से लटक कर महिला की मौत

संवाददाता, भुता

**अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव सुनौरा मुरारपुर में घरेलू कलह के चलते 45 वर्षीय महिला ने अपने ही घर पर दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस व फील्ड यूनिट की टीम जांच पड़ताल कर शव सील कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

ग्राम सुनौरा मुरारपुर में घरेलू कलह के चलते शांति देवी ने अपने घर में कुंडे से दुपट्टा का फंदा डालकर झूल गई। परिवार वालों ने उसे फंदे पर लटकता देख उनके होश उड़ गए। अचानक हुई इस घटना से परिवार जनों में भारी कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गहनता से जांच पड़ताल शुरू की है। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि आपसी कलह के चलते शांति देवी ने यह कदम उठाया है।


घटनास्थल पर जांच करते अफसर।

मृतका के दो बेटे व दो बेटियां हैं । मृतिका का पति सालिगराम मजदूरी आदि का कार्य करता है। चर्चा है घटना सुबह 10:30 की है और पुलिस को सूचना शाम 5:00 बजे दी गई है।

### कर्मियों से सुबह 8 से पहले और सायं 4 बजे के बाद कराएं काम

**देवरनियां,अमृत विचार** : जनगणना कार्य में फील्ड में लगे कर्मचारियों के लिए शासन ने भीषण गर्मी में लू और हीट वेव से बचाने को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

प्रमुख सचिव अर्पणा यू द्वारा सभी जिलों के डीएम और सीएम ओ को दिए गए निर्देश में कहा गया है, कि फील्ड में जनगणना का कार्य करने वाले कर्मचारियों से सुबह आठ बजे से पहले और शाम को चार बजे के बाद कार्य कराया जाए। प्रशिक्षण भी सुबह आठ बजे से शुरू किया जाए। इसके अलावा सिर ढककर कार्य करने और पेयजल रखने धूप में अनावश्यक न रुकने को कहा गया है। ओआरएस, पेयजल और प्राथमिक उपचार सामग्री उपलब्ध रखने, जनपद स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा गया है।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**नाम परिवर्तन**

मैं, सरला शुक्ला (Sarla Shukla) पत्नी श्री महेश चंद्र शुक्ला, निवासी- 1 श्रीनाथपुरम, बरेली, ने अपना नाम बदलकर Sarala Shukla (सरला शुक्ला) कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नए नाम से जाना जाए।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# ग्रामीणों ने खुद काटी केबिल, तब थमा करंट

## सुबह 7 बजे दी सूचना, दोपहर 12 बजे गांव में पहुंचे अफसर, ग्रामीणों ने बताई करंट की आपबीती

संवाददाता, अलीगंज

**अमृत विचार :** थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव सुदनपुर में शनिवार सुबह हुआ बिजली हादसा विभागीय लापरवाही और संवेदनहीनता की गंभीर तस्वीर बनकर सामने आया। सुबह करीब 7 बजे ही ग्रामीणों ने जेई, एसडीओ और लाइनमैन को घटना की सूचना दे दी थी, लेकिन अफसर दोपहर 12 बजे गांव पहुंचे। इस बीच करीब 10 मिनट तक पूरे मोहल्ले में 11 हजार वोल्ट का करंट दौड़ता रहा। ग्रामीणों का कहना है कि अगर वे अफसरों का इंतजार करते रहते, तो कई और जानें जा सकती थीं। ग्रामीणों द्वारा काटी केबिल को विभाग ने 24 घंटे बाद जुड़वाया है।

मृतक सुभाष के चाचा आरपी सिंह ने बताया कि हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 16 वर्षीय छात्र सुभाष जैसे ही घर का लोहे का दरवाजा खोलने लगा, वह करंट की चपेट में आकर जिंदा जल गया। उसे बचाने दौड़ी उसकी मां सुनीता (42) भी गंभीर रूप से झुलस गईं, जिन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।लोगों ने उनके भाई के घर में लगे मीटर को डंडों से तोड़कर करंट बंद कराया।

मोहल्ले के 24 वर्षीय दिव्यांग कुंवर पाल भी जमीन पर पैर रखते ही करंट की चपेट में आ गए और उनकी भी मौके पर ही मौत हो गई। उनके भाई राम निवास ने बताया कि उन्हें अस्पताल ले गये लेकिन उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।



बिजली विभाग की लापरवाही बताते ग्रामीण। ● अमृत विचार

गांव के सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मोबाइल टावर के बराबर में लगे गांव के ट्रांसफार्मर और पास से ही गुजर रही है हाईटेंशन लाइन में फाल्ट के कारण इस ट्रांसफार्मर से जुड़े सभी सात घरों में करंट दौड़ गया। जिससे उनके भाई की घर में खड़ी ई रिक्शा के टायर भी धू-धू कर जलने लगे। अजय की पत्नी राजरानी तथा भाभी पप्पी ने बताया कि ई रिक्शा में आग लगते ही वह बच्चों की जान बचाकर छत की ओर भाग खड़ी हुई। उन्होंने बताया कि करंट के चलते बिजली के पोलों पर लगे कनेक्शन बाक्स में भी आग लग गई जिससे मोहल्ले में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया।

स्थिति को बेकाबू देख ग्रामीणों ने खुद ही मोर्चा संभाला। लोगों ने डंडों से मीटर तोड़े और अपने-अपने घरों में लगी बिजली की केबिल काट दी, तब कहीं जाकर करंट का असर थमा। बाद में ट्रांसफार्मर का तार जलकर टूटने से सप्लाई पूरी तरह बंद हो सकी। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों द्वारा काटी गई इन केबिलों को बिजली विभाग के कर्मचारियों ने करीब 24 घंटे बाद जाकर दोबारा जोड़ा।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस ट्रांसफार्मर में पहले भी कई बार फाल्ट हो चुका था और करीब 20 दिन पहले क्षेत्रीय विधायक को लिखित शिकायत भी दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस हादसे ने न केवल दो परिवारों को उजाड़ दिया, बल्कि बिजली व्यवस्था की लापरवाही और जिम्मेदार अधिकारियों की संवेदनहीनता को भी उजागर कर दिया है।

### राजपुर कला गांव में लकड़ी के खंभों से दिए गए हैं उपभोक्ताओं को कनेक्शन



राजपुर कलां, : राजपुर कलां गांव में बिजली निगम की उदासीनता का आलम यह है कि गांव के एक हिस्से में आज भी सीमेंट के खंभों के बजाय लकड़ी की बल्लियों के सहारे बिजली की केबल घर तक जा रही है, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली के तार बल्लियों के सहारे काफी नीचे लटक रहे हैं। आए दिन बंदर इन तारों को तोड़ देते हैं, जिससे पूरे रास्ते में करंट फैलने का खतरा बना रहता है। कल सुदनपुर गांव में हुई घटना में दो लोगों की मौत के बावजूद विभाग इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। गांव के राम भजन मौर्य, राजेंद्र मौर्य, सूर्य प्रकाश, बाबूराम और पप्पू ने बताया हमारे मोहल्ले में लगभग छह कनेक्शन है उन्होंने कई बार विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से खंभे लगवाने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी जान जोखिम में डालकर इन बल्लियों के सहारे केबल ले जाकर लाइट जला रहे हैं। बार-बार शिकायत के बाद भी अब तक मौके पर कोई खंभा नहीं गाड़ा गया है राजपुर कला के जसवीर सिंह ने बताया कि खंभा ना लगने के कारण उन्होंने अपना कनेक्शन कटवा दिया क्योंकि बंदर रोज केबिल तोड़ दे रहे थे,जिससे हर रोज लाइनमैन को बुलाने पर पैसा देना पड़ता था। इससे तंग आकर उन्होंने अपना कनेक्शन कटवा दिया। इसके अलावा मंडोरा गांव के मुनेश मौर्य ने बताया कि गांव में भी लाइट बहुत ट्रिपिंग करती है और खंभो पर लगे तार भी ढीले हैं। खंभो को बंदर हिलाते हैं तो केबिल टूटने का डर रहता है। कुछ लोगों ने अपने छत की रेलिंग में रस्सी के सहारे केवल को टाइट किया हैं

### सिसौना गांव में हाईटेंशन लाईन से खतरा

अलीगंज : बिजली घर से समृद्ध सिसौना गांव के सरकारी ट्यूबवेल के पास उपले पाथने के स्थान पर काफी नीचे झूल रहे हाई टेंशन बिजली के तार किसी बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहे हैं गांव की राजवती यहां पर कंधे पाथ रही थी उसने बताया कि ट्यूबवेल कभी कभार चलता है और यहां पर गांव की महिलाएं गोबर के उपले पाथने आती है उन्हें अपनी जान का खतरा हमेंशा बना रहता है महिलाएं काफी नीचे झूल रहे बिजली के तारों से बच बच कर निकलती है

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**भमोरा,अमृत विचार :** 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने और घर से नगदी व जेवरात ले जाने का आरोप गांव के ही दो युवकों पर लगाया गया है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा कर जांच की बात कही। भमोरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने बताया कि वह पत्नी के साथ बाहर रहकर मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है, जबकि गांव में उसका पुत्र और नाबालिग पुत्री रहते हैं। एक मई की रात उसका बेटा घर से बाहर गया था। इसी दौरान गांव के सुनील पुत्र रामभरोसे और उसका साथी अजय पुत्र झंडू उसकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। आरोप है कि पुत्री अपने साथ एक सोने का हार, एक अंगूठी, चांदी की पायल, खंहुआ समेत घर में रखे करीब 40 हजार रुपये नगद भी ले गई। जब पिता ने आरोपियों के परिजनों जलकान्त, जगमोहन, राजवीर, पूजा व ममता से शिकायत की तो उन्होंने पहले दो घंटे में लड़की लौटा आने की बात कही,लेकिन बाद में वह अपनी बात से ही मुकर गये। आरोप लगाया कि लड़के के घर वालों ने बाद में गाली-गलौज करते हुए बेटी को देने से इनकार कर दिया और कहीं भी मामले की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और जांच करने की बात कही।

### हर कोई किसान-किसान चिल्लाएगा

**बहेड़ी की डायरी/शुऐब**

किसान नेता बड़ी मुश्किल में हैं. हों भी क्यों न. जिनके दम पर नेतागिरी का दम भरते हैं,उनको लेकर तो सिर्फ एक ही टास्क है.केन पेमेंट.किसानों के लिए अगर कुछ कर सकते हो,तो उनको उनका पैसा दिला दो.अब चूँकि किसान के नाम की ही टोपी पहन रखी है,तो मुँह चुराएँ या मुँह छिपाएं कैसे?सिर पर टोपी,हाथ में गमछा.एक दरी बिछाई. कुछ देर कोसा-कासी. अपने ज़िम्मे का फ़र्ज़ पूरा.उम्मीद थी कि दिन भले लग जाएँ, पैसा तो देर सबेर मिलेगा ही.अब मिल वाले ने जेब उलट कर दिखा दी. मतलब जब जेब में धेला है ही नहीं,तो दिया कहाँ से जाएगा?फॉरएवर.एक उम्मीद थी. वह दगा दे गई.अब मिल वाले ने तो साफ कर दिया. अपने पास एक ही रास्ता है.बेचने का.खरीदार मिले,तो बात बने. डालमिया,किआन और ऐरा.आ तो रहे हैं. दुआ करो.किसी से सौदा पट जाए.पैसा लेना है, तो दुआ तो करनी ही पड़ेगी। मिल वाले ने खाली जेब क्या दिखाई ,बेचारे किसान नेताओं को मुसीबत में डाल दिया.ये किसानों को क्या बताएँ. इनके तरकश में जितने तीर थे, वह तो छूट चुके.अब ये कैसे कह दें कि पैसा दिलाना हमारे बस की बात नहीं.अब होगी आर-पार.यह भी कहते- कहते थक गए. सुनने वाले यकीन खो चुके.ये क्या कर पाएंगे-आर पार. यह बात ज़बान से निकलने लगी.नेता लोग थे, सो ताड़ गए-मन की बात.धरने का एलान कर ही दिया.बाकी जो होगा. देखा जाएगा.

वैसे अब ये कौन कहे कि किसान नेता ही क्या किसान के नाम की तो कौन नहीं खाता. किसी भी रंग और निशान का हो. सियासी है, तो किसान-किसान ज़रूर रटेगा.अन्नदाता क्या माई-बाप भी कहेगा.भोट के खातिर, सब कुछ करेगा.नहीं-नहीं.करेगा नहीं बस कहेगा. देखो न जो अपोजीशन में हैं. केन पेमेंट पर कुछ करने को तैयार नहीं.जो सरकार चला रहे हैं, उनसे कुछ करने की उम्मीद ही बेकार.उनकी तो लिमिटेशन्स हैं.आपको भी समझना चाहिए. अपोजीशन वाले कभी-कभार बोल ले रहे हैं. पोजीशन वाले तो बोलने से भी रहे.वैसे वह दिन दूर नहीं,जब सभी किसान -किसान चिल्लाएंगे.

**और चलते -चलते**

आग से गेहूँ जलने वाले किसानों को राहत राशि बँटने की खबर अख़बार में देख,सत्ताधारी दल के एक नेता का दर्द :चेक बे बाँट रहे,जिन्होंने किसानों की खबर नहीं ली. हिंया मर गए, उनका काम कराते -कराते..

# खाद्यान्न वितरण फीडिंग में बहेड़ी अव्वल

संवाददाता, बहेड़ी।

- माह अप्रैल में बहेड़ी में 86.35% फीडिंग हुई
- मीरगंज 84.11 प्रतिशत के साथ दूसरे नम्बर पर
- भोजीपुरा परियोजना में तीसरे स्थान पर रहा

**अमृत विचार :** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तहत संचालित योजनाओं में बहेड़ी परियोजना ने अप्रैल माह में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में पहला स्थान हासिल किया है। पोषण ट्रैकर ऐप पर खाद्यान्न वितरण (टी एच आर) की फीडिंग में बहेड़ी ने 86.35 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर दूसरी परियोजनाओं को पीछे छोड़ दिया।



मनोज वर्मा

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तहत 6 साल तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री महिलाओं को प्रत्येक माह दाल, दलिया और तेल का वितरण आंगनबाड़ी केंद्रों के ज़रिए किया जाता है। वितरण के दौरान लाभार्थियों की फेस मैचिंग और आधार कार्ड के जरिए ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की जाती है, जिसके बाद ही उन्हें राशन उपलब्ध कराया जाता है। यह पूरी प्रक्रिया पोषण ट्रैकर मोबाइल ऐप के माध्यम से संचालित की जाती है।

अप्रैल माह में बहेड़ी परियोजना की इस उपलब्धि के पीछे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की निरंतर मेहनत और नियमित मॉनिटरिंग को अहम माना जा रहा है। मीरगंज परियोजना ने 84.11 प्रतिशत फीडिंग के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि भोजीपुरा परियोजना तीसरे स्थान पर रही।

बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया गया, जिससे फीडिंग कार्य में तेजी और सटीकता आई। उन्होंने कहा कि लगातार मॉनिटरिंग और टीमवर्क के चलते यह सफलता हासिल हो सकी है।

इस उपलब्धि में मुख्य सेविकाएं राजकुमारी, सुनीता, स्वाति गंगवार, केशलता और कोशिकी शर्मा के साथ-साथ ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजकुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी के संयुक्त प्रयासों से प्रतिदिन टी एच आर फीडिंग की निगरानी की गई, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया।

## आम के बाग में दो बालकों से कुकर्म

**विजय नगला, अमृत विचार :** आम तोड़ने गए दो बालकों के साथ एक युवक ने कुकर्म किया। किशोर के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की। दोनों बालकों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा।

थाना बिनावर क्षेत्र के एक निवासी युवक ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि रविवार सुबह करीब आठ बजे गांव के एक किशोर के साथ बाग में आम बीनने गया था। आम बीनते के समय बाग में रखवाली कर रहा एक युवक मौके पर पहुंच गया। 7 व 8 साल के दो बालकों को पकड़ लिया। दोनों को हड़काते हुए उनके साथ गलत काम किया। काफी देर होने के बाद भी बालक घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनकी तलाश की। बालक खेत पर मिल गए। उन्होंने आपबीती बताई। पीड़ितों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# दो हमलावर गिरफ्तार, चार फरार

संवाददाता, भोजीपुरा,

**अमृत विचार :** पुलिस ने जानलेवा हमला बलवा के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना में नामजद चार आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

जानकारी के अनुसार भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव अटापट्टी जनूबी निवासी रामस्वरूप 22 अप्रैल की शाम को गांव की एक बारात में दावत खाने गया था। किसी बात को लेकर हुई कहा सुनी में गांव के ही रहने वाले कालीचरन, विक्की, मुकेश ,रवि ने रामस्वरूप की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। इस मामले में 22 अप्रैल को रामस्वरूप की ओर भोजीपुरा थाने में उक्त आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी गई थी। पुलिस घायल का मेडिकल उपचार कराने के बाद रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। तभी थाने में तहरीर देने से गुस्साए दबंगों ने 23 अप्रैल की



पुलिस की गिरफ्त में दो हमलावर। ● अमृत विचार

अपराह्न तीन बजे सड़क किनारे टहल रहे रामस्वरूप के पुत्रों राहुल, रोहित व परिवार के सूरजपाल पर लाठी डंडों धारदार हथियार को लेकर हमला कर दिया था।

हमलावरों ने जमकर पथराव किया था। जिसमें रोहित, राहुल व सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने पुलिस की मदद से सभी घायलों को भोजीपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। हालत बेहद खराब होने पर सीएचसी से मेडिकल कॉलेज डाक्टरों ने रेफर कर दिया था। पुलिस ने अटापट्टी जनूबी के ही कालीचरन, विक्की,रवि, मुकेश, पप्पू , सत्यवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे थे। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा राजीव कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को मुखबिर की सूचना पर कालीचरन व मुकेश को गिरफ्तार कर लिया।

## दादा की जमीन पर मांगा हक तो भाई खफा

**बिसौली अमृत विचार :** विकास खंड आसफपुर के गांव सीकरी का मजरा गंगागढ़ की एक लड़की ने अपने दादा की संपत्ति में हक मांगा तो उसके भाई खफा हो गए। लड़की कोर्ट की शरण में गई जिसके बाद लड़की नाम वसीयत में लिखा गया। बताया जा रहा है कि इससे अब पूरा गांव उसका विरोधी हो गया है। गांव निवासी रीना उर्फ रिंकी ने स्नातक के साथ आईटीआई और एएनएम की पढ़ाई की है। वह नोएडा की एक कंपनी में काम कर रही हैं। पिता जगदीश चंद्र की 7 और मां की 5 साल पहले मौत हो गई थी। परिवार में उनके दो भाई हैं। छोटा भाई उनके साथ नोएडा में रह रहा था और बड़ा भाई गांव में खेती-बाड़ी कर रहा था। रीना और उसकी बड़ी बहन ने छोटे भाई की शादी में काफी रुपये खर्च किए।

## खाली प्लाट में लगाई आग, तीन पिल्लों की जलकर मौत

**उझानी, अमृत विचार :** नगर उझानी की पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा के पीछे खाली पड़े प्लाट में किसी ने आग लगा दी जिससे तीन पिल्लों की मौत और तीन गंभीर रूप से झुलस गए। नगर के मोहल्ला नारायणगंज निवासी मनीष शर्मा ने तहरीर देकर बताया कि घटना 29 अप्रैल दोपहर 12 बजे से अगले दिन सुबह 11 बजे के बीच की है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में एक सराफा व्यापार नजर आए हैं। उन्होंने पुलिस से जांच कराकर आरोपी की पहचान करके कार्रवाई की मांग की है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

# रंजिशन घर में घुसकर महिला को पीटा

संवाददाता, मानपुर

- पेड़ काटने में गांव के ही लोगों ने घर में घुसकर पीटा

**अमृत विचार :** थाना शीशगढ़ के ग्राम मदनापुर में लिप्टिस के पेड़ काटने को लेकर गांव के ही कुछ लोगों ने घर में घुसकर महिला की लाठी डंडों - से पिटाई कर दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकद्दमा दर्ज किया है।

पीड़िता शबाना ने पुलिस को बताया कि 29 अप्रैल को गांव के ही निवासी राहत, इखलास व फ़िरासत यूकेलिप्टिस के पेड़ो को काटने को लेकर घर में घुसकर गालियां दे रहे थे। आरोप है कि विरोध करने पर उपरोक्त ने महिला की लाठी - डंडों से पिटाई कर दी।

शोर सुनकर बचाने आई महिला की रिश्तेदार की भी पिटाई की।

### मामूली कहासुनी होने पर दबंगों ने ग्रामीण को पीटा

**मानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम खमरिया में मामूली कहासुनी होने पर दबंगों ने ग्रामीण को मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम खमरिया निवासी गणेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी गांव के ही निवासी मदनपाल, कल्याण, विशाल व सौरभ सिंह से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी से नाराज हो होकर उपरोक्त ने गालियां देना शुरू कर दीं। विरोध करने पर उपरोक्त ने कोई धारदार वस्तु मारकर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गंगा एक्सप्रेस वे पर सांड को बचाने में टकराई कार

**म्याऊं अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेस-वे पर एक तेज रफ्तार कार अचानक सामने आए सांड को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसा इतना जोरदार था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार सवार तीन महिलाएं घायल हो गईं। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने घायलों को दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। एक्सप्रेस-वे जैसे हाई-स्पीड कॉरिडोर पर अचानक आवारा पशु का पहुंचना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

# सभासद की पत्नी के हक में टेंडर छोड़ने का आरोप

संवाददाता, शीशगढ़

- शीशगढ़ नगर पंचायत में भाजपा सभासद ने मुख्यमंत्री से की है शिकायत
- सपा सभासद ने पत्नी के नाम बनाई फर्म, हो चुके कार्य का टेंडर किया हासिल

**अमृत विचार :** कस्बा शीशगढ़ निवासी और भाजपा सभासद उजैर अहमद ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पूर्व में हो चुके कार्य का टेंडर निकालने और उसे सपा सभासद की पत्नी की फर्म के हक में छोड़ने का आरोप लगाया है। पत्र में मामले की जांच कराने का आग्रह किया गया है।

भाजपा नेता ने बताया कि नगर पंचायत शीशगढ़ में पूर्व में हो चुके निर्माण पर टेंडर निकाला गया है जो कि कस्बे के वार्ड के सभासद की पत्नी के हक में छोड़ दिया गया है। पत्र में बताया है कि शीशगढ़ नगर पंचायत के मोहल्ला नवाब नगर वार्ड 15 के सभासद आवाद हुसैन की पत्नी फरीम जहां की, दुआ कॉन्ट्रेक्शन,के नाम फर्म है जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा टेंडर सभासद की पत्नी के हक में लाभ कमाने के मकसद से किया है जबकि ज्यादातर कार्य टेंडर से पूर्व हो चुके है।

उन्होंने बताया कि सभासद के द्वारा अपने ही परिवार को नाजायज लाभ पहुंचना भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है और शीशगढ़ नगर पंचायत में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है जिससे पद का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। पत्र की प्रति डीएम को भी भेजकर शिकायत कर जांच करा कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए नगर पंचायत में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने कीमांग की है।

> मुझे शिकायत के बारे में जानकारी नहीं है। मेरा स्वास्थ्य सही नहीं है इसलिए मैं बैड रेस्ट पर हूं।
>
> -नीलोफर हुसैन ,चेयरमैन

> मुझे इस तरह की जानकारी नहीं मिली है जानकारी मिलेगी तो जांच करा कर कार्यवाही की जाएगी।
>
> -दुर्गेश कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी

# अब बहेड़ी सीट के लिए ताल ठोंकेगा रालोद

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** बहेड़ी विधानसभा सीट पर सियासी हलचल तेज हो गई है। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) एक बार फिर इस सीट पर अपनी दावेदारी मजबूत करने की तैयारी में जुट गया है। इस बार पार्टी की रणनीति राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भीतर बहेड़ी सीट को अपने कोटे में शामिल कराने की है।

रालोद लंबे समय से बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र को अपने लिए मुफीद मानता रहा है। इसका एक बड़ा कारण ऐतिहासिक और सामाजिक समीकरण हैं। वर्ष 1969 में भारतीय क्रांति दल (बीकेडी) के टिकट पर मौलाना शफीक अहमद यहां से विधायक चुने गए थे, जो रालोद की वैचारिक विरासत से जुड़ा हुआ माना जाता है। इसके बाद लोकदल ने कई बार इस सीट पर चुनाव लड़ा, लेकिन जीत हासिल नहीं कर सका। बहेड़ी की राजनीति में जाट और मुस्लिम समीकरण का खासा प्रभाव रहा है।



रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष से बरेली संगठन के पदाधिकारियों ने मुलाक़ात की।

लंबे समय तक यह गठजोड़ स्थानीय राजनीति को दिशा देता रहा, जिससे रालोद को यहां संभावनाएं दिखती रही हैं। यही वजह है कि पार्टी लगातार इस सीट पर फोकस बनाए हुए है। पिछले विधानसभा चुनाव में रालोद का गठबंधन समाजवादी पार्टी के साथ था और उसने बहेड़ी सीट की मांग भी की थी, लेकिन यह सीट सपा के हिस्से में चली गई। अब एनडीए में शामिल होने के बाद रालोद नई रणनीति के तहत फिर से अपनी दावेदारी मजबूत कर रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के सामने बरेली जिला संगठन ने प्रस्ताव रखा है कि जिले की नौ विधानसभा सीटों में से कम से कम एक सीट रालोद को दी जाए, जिसमें बहेड़ी प्रमुख दावेदार है।

वर्तमान राजनीतिक स्थिति भी रालोद के पक्ष में मानी जा रही है, क्योंकि 2022 में हार के बाद बहेड़ी से पूर्व भाजपा विधायक सांसद बन चुके हैं, जिससे सीट पर नए चेहरे की तलाश जारी है। ऐसे में रालोद की सक्रियता ने क्षेत्र में सियासी सरगर्मी बढ़ा दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि एनडीए में सीट बंटवारे में रालोद को कितनी सफलता मिलती है।

### जयंत के सामने उठाया केसर मिल पर बकाया का मुद्दा

केसर मिल से किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान न मिलने का मामला राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी के सामने उठाया गया। राष्ट्रीय लोकदल के ज़िला अध्यक्ष विजय बहादुर सक्सेना के नेतृत्व में पार्टी के एक शिष्टमण्डल ने केसर मिल से पैसा न मिलने से किसानों को हो रही परेशानियों को रखा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने इस मामले में मुख्यमंत्री को पत्र लिखने का आश्वासन दिया है। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलने वालों में निवर्तमान जिलाध्यक्ष मोहम्मद मतलूब एडवोकेट, सर्वेश पाठक, सचिन सिंह, चौधरी कुलदीप सिंह पवार,चौधरी योगेन्द्र सिंह,डा. अयूब अंसारी, ओमपाल कश्यप, चंदा बाबू, शहादत हुसैन आदि थे।

# जबरन संबंध बनाने के विरोध पर पूर्व पत्नी को पीटा

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** 3 साल पहले पत्नी को तलाक देने के बाद पूर्व पति ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। विरोध पर मारपीट तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने रविवार को कैंट थाने में आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव उमरिया के मोहल्ला ख्वाजा नगर निवासी नैय्यर बानो ने बताया, कि उसकी शादी 2012 में गांव के ही नदीम के साथ हुई थी। महिला की मां ने शादी में प्लॉट तथा घर गृहस्थी का सामान दिया था। 3 साल पहले पति ने उसे तलाक दे दिया। तब से वह अपने तीन बच्चों के साथ मां तथा भाई के सहयोग से दहेज में मिले प्लॉट में बने मकान में रह रही है। लेकिन महिला का पूर्व पति नदीम प्लॉट तथा मकान अपने नाम कराने का दवाब बनाता है। मना करने पर हत्या करवाने की धमकी देता है। शनिवार की देर रात नदीम महिला के पास आया। और जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। विरोध पर महिला को गाली-गलौज करते हुए जमकर पीटा। जिसमें महिला घायल हो गई। रविवार को कैंट थाने में महिला ने नदीम के खिलाफ रिपोर्ट कराई है।

### फौजी ने बहनोई को कार्यालय में पीटा

**नवाबगंज :** बरेली-पीलीभीत हाईवे पर राजघाट के पास स्थित फार्मेसी कॉलेज में फौजी ने कॉलेज के फार्मेसी विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट विकास कुमार के साथ कार्यालय में घुसकर मारपीट कर दी।उन्होंने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका साला पंकज, निवासी ग्राम उमेदपुर थाना भुता, शनिवार दोपहर कॉलेज पहुंचा और कार्यालय में घुसकर डंडे से मारपीट की।आरोप है कि पंकज ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और दहेज के झूठे मुकदमे में फंसाने की बात भी कही। पीड़ित ने अपने साले से जान-माल का खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रंजिशन घर में घुसकर महिला को पीटा

**मानपुर,अमृत विचार :** थाना शीशगढ़ के ग्राम मदनापुर में लिप्टिस के पेड़ काटने को लेकर गांव के ही कुछ लोगों ने घर में घुसकर महिला की लाठी डंडों - से पिटाई कर दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकद्दमा दर्ज किया है। पीड़िता शबाना ने पुलिस को बताया कि 29 अप्रैल को गांव के ही निवासी राहत, इखलास व फ़िरासत यूकेलिप्टिस के पेड़ो को काटने को लेकर घर में घुसकर गालियां दे रहे थे। आरोप है कि विरोध करने पर उपरोक्त ने महिला की लाठी - डंडों से पिटाई कर दी। शोर सुनकर बचाने आई महिला की रिश्तेदार की भी पिटाई की।

### कहासुनी होने पर दबंगों ने ग्रामीण को पीटा

**मानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम खमरिया में मामूली कहासुनी होने पर दबंगों ने ग्रामीण को मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम खमरिया निवासी गणेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी गांव के ही निवासी मदनपाल, कल्याण, विशाल व सौरभ सिंह से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी से नाराज हो होकर उपरोक्त ने गालियां देना शुरू कर दीं। विरोध करने पर उपरोक्त ने कोई धारदार वस्तु मारकर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

न्यूज ब्रीफ

### डॉक्टर से मांगी 18 लाख रुपये की रंगदारी, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर में एक डॉक्टर से 18 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। न देने पर डॉक्टर और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सदर बाजार के मोहल्ला सदर बाजार निवासी डॉ केपी सक्सेना ने दी तहरीर में बताया कि वह पेशे से डेंटल सर्जन है। मयंक सक्सेना उनके ताऊ का पुत्र है और लगभग एक साल से उसके परिवार के साथ रहा है। आरोपी मयंक उसकी पत्नी को भाभी कहकर अनावश्यक वस्त्र लाकर देता था। घर से निकाल देने के बाद आरोपी अलग-अलग फोन नंबरों से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देता रहा।

### प्रेम प्रसंग में युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**मसवासी, अमृत विचार :** पत्नी के कथित प्रेम प्रसंग के चलते तीन बच्चों के पिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने उसका शव ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र से बरामद किया, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। मामले में काशीपुर पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतक की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। स्वार थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर उत्तरी के मझरा रज्जावाला निवासी कुलवंत सिंह (35), पुत्र रामप्रसाद, पिछले एक वर्ष से काशीपुर के आईटीआई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खड़गपुर में प्लॉट खरीदकर पत्नी गुड्डी के साथ झोपड़ी बनाकर रह रहे थे। जबकि उनके तीन बच्चे और अन्य परिजन गांव में ही रहते थे। इस दौरान पत्नी का किसी युवक से प्रेम प्रसंग हो गया। आरोप है कि पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने की साजिश रची। वहीं, संदेह के आधार पर पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### ट्रेन मैनेजर की तत्परता से मिला पर्स

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** काठगोदाम–देहरादून जनशताब्दी एक्सप्रेस में महिला रेल यात्री का कीमती सामान से भरा पर्स छूट गया। ट्रेन मैनेजर की तत्परता से महिला यात्री के रिश्तेदार को हरिद्वार में पर्स सौंप दिया गया। मुरादाबाद मंडल के ट्रेन मैनेजर जीसी शुक्ला काठगोदाम–देहरादून जनशताब्दी एक्सप्रेस में मुरादाबाद से देहरादून तक अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। गाड़ी के नजीबाबाद स्टेशन से निकलने के बाद अन्य ट्रेन मैनेजर सुनील पाल ने उन्हें सूचना दी कि रामपुर से नजीबाबाद तक कोच डी-8 की सीट संख्या 47, 50, 51 और 52 पर यात्रा कर रहे रेल यात्री का कीमती सामान से भरा लेडीज पर्स ट्रेन में ही छूट गया है।

# आंधी- बारिश में दीवार और छप्पर गिरा, मलबे में दबकर बुजुर्ग की मौत

## कांट क्षेत्र के गुर्रा भमौली गांव में रात तीन बजे हुआ हादसा, सो रहे रामशंकर पर गिरी दीवार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गुर्रा भमौली गांव में तेज आंधी और बारिश के दौरान छप्परनुमा मकान की दीवार और छप्पर गिरने से रामशंकर (60) की मलबे में दबकर मौत हो गई। वह मकान में अकेले रहते थे। छोटा भाई सुआलाल कुछ दूरी पर परिवार के साथ रहता है।



मृतक राम शंकर।

शनिवार की रात करीब तीन बजे आंधी और बारिश के दौरान रामशंकर मकान में सो रहे थे, तभी दीवार और छप्पर उनके ऊपर गिर गए। रात में घटना की जानकारी किसी को नहीं हो सकी। रविवार सुबह करीब पांच बजे ग्रामीणों ने मकान की दीवार और छप्पर गिरा देखा तो सुआलाल को सूचना दी गई। परिवार और ग्रामीणों ने मलबा हटाया तो रामशंकर मृत अवस्था में मिले।



पोस्टमार्टम हाउस पर शोकाकुल लोग।

- सुबह ग्रामीणों को हुई जानकारी पुलिस और लेखपाल ने जांच की

सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और बाद में थाना पुलिस को जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ पहुंचे और परिवार से घटना को लेकर जानकारी की।

तहसील से लेखपाल ने भी मौके पर पहुंचकर लिखापढ़ी की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुआलाल ने बताया कि पांच भाइयों में अब वह अकेले बचे हैं, बाकी चार भाइयों का पहले ही निधन हो चुका है।

### तेज आंधी और बारिश में मदरसे की छत से गिरकर नेपाली की मौत



**निगोही/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के मोहल्ला अब्दुल कलाम नगर में शनिवार रात आंधी और बारिश के दौरान मदरसे की छत से गिरकर नेपाल निवासी रामबहादुर (50) की मौत हो गई। वह करीब 25 साल से मदरसे के पास झोपड़ी बनाकर रह रहा था और मजदूरी करके अपना जीवनयापन करता था। परिवार नेपाल में रहता है। बताया गया कि रामबहादुर अक्सर रात में मदरसे की छत पर सो जाता था। शनिवार की रात भी वह झोपड़ी में न सोकर छत पर सोने चला गया। देर रात आई तेज आंधी और बारिश के दौरान वह छत से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे लोगों ने उसे मदरसे के नीचे मृत अवस्था में पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। सीओ सदर प्रयांक जैन ने बताया कि मृतक नेपाल का रहने वाला था और लंबे समय से यहां रह रहा था। पुलिस उसके परिवार से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

### जामुन का पेड़ गिरने से तीन कच्चे घर ढहे, भैंस की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना ईसानगर क्षेत्र के चपकहा गांव में रविवार सुबह हल्की बारिश और तेज हवा के बीच हादसा हो गया। गांव में वर्षों पुराना जामुन का पेड़ अचानक भरभराकर गिर पड़ा। हादसे में पेड़ के नीचे बंधी एक भैंस की दबकर मौत हो गई, जबकि तीन कच्चे घर भी चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई।

जिले में शनिवार की देर शाम शहर के साथ ही बेलरायां, सिंगाही, निघासन आदि जगहों पर आंधी-बारिश के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। आधी रात के बाद आंधी-बारिश रुक गई, लेकिन रविवार तड़के तीन बजे एक बार फिर मौसम बदल गया। थाना ईसानगर क्षेत्र में तड़के तेज-आंधी और बारिश होने लगी। गांव चपकहा निवासी सुर्जलाल पुत्र रामकुमार की भैंस पेड़ के नीचे बंधी थी। तेज हवा और बारिश के कारण पेड़ सीधे उसी स्थान पर गिर गया। इससे भैंस उसकी चपेट में आ गई और मौके पर ही पेड़ के नीचे दबकर उसकी मौत हो गई। इस घटना से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। पेड़ गिरने से दिलीप कुमार, अनिल कुमार और कनौजी लाल के कच्चे मकान भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

# गबन के आरोप में बैंक के प्रबंधक पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- राइस मिलर ने कोर्ट के आदेश के जरिए दर्ज कराया मामला
- चेक की कॉपी के जरिए 4.15 करोड़ रुपये के गबन का आरोप

**अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर करीब 4.15 करोड़ रुपये के गबन के आरोप में शहर स्थित एक बैंक के शाखा प्रबंधक और स्टाफ के खिलाफ थाना सुनगढ़ी में रिपोर्ट दर्ज की गई है। रिपोर्ट दर्ज कराने वाले राइस मिलर केजीएन टू कॉलोनी में रहने वाले मोहम्मद जीशान का आरोप है कि बैंक प्रबंधक ने उनसे कई चेक की फोटोकॉपी लेकर यह गोलमाल किया।

अमरिया स्थित उजैफा इग्रीटेक राइस मिल के मालिक मोहम्मद जीशान का आरोप है कि उसकी फर्म का खाता पंजाब एंड सिंध बैंक की टनकपुर बाईपास रोड स्थित शाखा में है। वर्ष 2024 में बैंक ने उनका 10 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया था, जिसे बाद में बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये कर दिया गया। आरोप है कि बैंक के शाखा प्रबंधक राधेश्याम प्रभाकर के कहने पर उन्होंने इंडियन बैंक से अपना खाता पंजाब एंड सिंध बैंक में ट्रांसफर कराया था।

शाखा प्रबंधक ने उन्हें 25 करोड़ रुपये तक लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया था जिसके बाद व्हाट्सएप पर अलग-अलग रकम के करीब 20 चेक की फोटो मंगवाई, जो छह मई 2025 से 23 जनवरी 2026 के बीच भेजी गई थी।

जीशान का आरोप है कि इन चेकों पर उनके हस्ताक्षर नहीं थे। इन्हीं चेक की फोटोकॉपी का दुरुपयोग कर शाखा प्रबंधक ने उनके खाते से कुल 4.15 करोड़ रुपये निकाल लिए, जबकि मूल चेक आज भी उनके पास सुरक्षित हैं।

### धोखाधड़ी में फंसे उद्यान विभाग के डीआरपी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला सिकटिहा निवासी विमल वर्मा ने उद्यान विभाग के डीआरपी पर लोन दिलाने और खराब मशीनें उपलब्ध कराकर करीब 26.20 लाख रुपये का नुकसान कराने का आरोप लगाया है। सदर कोतवाली पुलिस ने सीजेएम कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित विका आरोप है कि सुरजीत सिंह ने लोन फाइल तैयार कर करीब 10 लाख रुपये का प्रस्ताव बनवाया। भारतीय स्टेट बैंक की नौरंगाबाद शाखा ने 7.80 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया।

# उधारी के दो सौ रुपये न देने पर पेंटर की पीटकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उधारी के दो सौ रुपये को लेकर पेंटर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने लोहे की जंजीर से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी मौके से फरार हो गए। सदर कोतवाली क्षेत्र की आजाद वाली गली के पास घटना हुई। शहर के मोहल्ला चौधरी सराय में शकील रोड निवासी पेंटर शाहिद (35) पुत्र अरशद हुसैन ने नईम से पांच साल पहले पांच सौ रुपये उधार लिए थे। इसमें वह तीन सौ रुपये वह चुकता कर चुके थे। बाकी दो सौ रुपये देने थे। इसको लेकर शाहिद का नईम से विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि नईम ने अपने भाई और एक अन्य दोस्त को बुला लिया। उन लोगों ने शाहिद पर लोहे की जंजीर से वार कर दिया। शाहिद जमीन पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए, मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी सिटी अभिषेक सिंह ने बताया कि नईम और वासिफ को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन।

- उधार के पांच सौ में से तीन सौ रुपये अदा कर चुका था मृतक
- दो आरोपी हिरासत में, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भिजवाया

# पुलिस पर शराब माफिया का हमला, ट्यूब फेंक गिराई बाइक

संवाददाता, मझगईं (लखीमपुर खीरी)

- मझगई में दुस्साहसिक वारदात से मचा हड़कंप, दो सिपाही घायल

**अमृत विचार :** शनिवार रात करीब आठ बजे मझगई कस्बे में उस समय हड़कंप मच गया। जब अवैध शराब लेकर जा रहे बाइक सवार माफियाओं ने सादे कपड़ों में पीछा कर रहे सिपाहियों की बाइक पर शराब से भरा ट्यूब फेंक दिया। इससे दोनों सिपाही बाइक समेत सड़क पर गिर गए।

घटना मझगई थाना क्षेत्र में पीएचसी के पास की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही पुलिसकर्मी आरोपियों के करीब पहुंचे। माफियाओं ने अचानक बाइक के सामने अवैध शराब से भरा भारी भरकम ट्यूब फेंक दिया। इससे संतुलन बिगड़ गया और बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे दोनों सिपाही चोटिल भी हो गए। बताया जाता है कि चोटिल होने के बाद भी पुलिसकर्मियों ने साहस दिखाते हुए शराब से भरे ट्यूब को कब्जे में लिया और उसे बाइक पर लादकर मौके से चले गए। हालांकि पुलिस इस तरह की घटना से साफ इंकार कर रही है, लेकिन इस घटना की चर्चा कस्बे समेत पूरे इलाके में जोरों पर हो रही है।

कुछ लोगों का कहना है कि पहले पुलिस और माफियाओं के बीच बातचीत भी हुई थी, लेकिन बात न बनने पर आरोपियों ने यह कदम उठाया। हालांकि इन दावों की पुष्टि नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में शराब और खनन माफियाओं का दबदबा लगातार बढ़ता जा रहा है।

ऐसे में पुलिस पर इस तरह के हमले की चर्चा ने कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### संभल में सिपाहियों से मारपीट कर छुड़ा ले गए आरोपी

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** जनपद के ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में चोरी के एक मामले की जांच करने पहुंचे दो सिपाहियों के साथ मारपीट और अभद्रता की गंभीर घटना सामने आई है। आरोपी युवक और उसके परिजनों ने सिपाहियों को घेरकर उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। मारपीट में सिपाहियों की वर्दी भी फट गई। इसके बाद दबंग आरोपी को जबरन सिपाहियों के कब्जे से छुड़ा ले गए। इस घटना का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। शिकायत पर आठ नामजद व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे थाना क्षेत्र के गांव मथना में सिपाही हरपाल सिंह और मोहित सैनी, धारंगपुर निवासी बिट्टू की मोटरसाइकिल की दुकान में हुई चोरी की शिकायत की जांच के लिए आरोपी सचिन कुमार के घर पहुंचे थे। सिपाही जब सचिन को पूछताछ के लिए थाने ले जाने लगे, तभी उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनते ही आरोपी के परिजन और आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। देखते ही देखते भीड़ ने दोनों सिपाहियों को घेर लिया और उनके साथ खींचतान शुरू कर दी। आरोप है कि इस दौरान सिपाहियों के साथ मारपीट की गई और उनकी वर्दी भी फाड़ दी गई। सिपाहियों ने आरोपी को पकड़ने की काफी कोशिश की, लेकिन भीड़ के दबाव में वे सफल नहीं हो सके और परिजन सचिन को छुड़ाकर मौके से भगा ले गए। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें सिपाहियों के साथ हो रही धक्का-मुक्की और हंगामा साफ देखा जा सकता है।



इस घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली और सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। सिपाही हरपाल सिंह की तहरीर पर थाना पुलिस ने राजकुमार, उसके बेटे नितिन, सचिन, विपिन, अनित, बेटी सुरभि, जसवंत और राकेश समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।। थाना प्रभारी लवनीश चौधरी ने बताया कि गांव धरमपुर निवासी बिट्टू ने 27 अप्रैल को अपनी मोटरसाइकिल की दुकान से रुपये चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें सचिन पर आरोप लगाया गया था। इसी शिकायत की जांच के लिए सिपाही गांव गए थे। उन्होंने बताया कि सिपाहियों के साथ मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में कुल आठ नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर नीलगाय से टकराकर पलटीं कारें

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** गंगा एक्सप्रेसवेप पर गंगा पुल से 500 मीटर दूर नीलगाय से हुई टक्कर ने न केवल कारों को क्षतिग्रस्त कर दिया, बल्कि तीन जिंदगियों को मौत के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया।

शनिवार की देर रात गाजियाबाद के संजय नगर निवासी राहुल अपनी कार से लखनऊ से अपने घर लौट रहे थे। एक्सप्रेसवे पर सब कुछ सामान्य था कि तभी अचानक गंगा पुल से 500 मीटर की दूरी पर एक नीलगाय काल बनकर सामने आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि नीलगाय की मौके पर ही मौत हो गई और राहुल की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि राहुल बाल-बाल बच गया और मामूली चोटें आईं। वही कुछ देर बाद प्रयागराज से नोएडा लौट रहे प्रॉपर्टी डीलर विनय गुप्ता और उनके भतीजे आयुष गुप्ता की होंडा कार वहां से गुजरी।



हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

सड़क पर पड़ी मृत नीलगाय चालक को दिखाई नहीं दी, और जैसे ही कार उस पर चढ़ी, गाड़ी अनियंत्रित होकर हवा में उछल गई। कार करीब 20 मीटर दूर जाकर डिवाइडर से टकराई और पलट गई।

### गैस भरवाते वक्त वैन में लगी आग मची भगदड़

**शाहबाद (रामपुर), अमृत विचार :** शहर के बिलारी बस स्टैंड के पास रविवार को गैस भरवाते समय एक मारुति वैन में आग लग गई। देखते ही देखते वैन धू-धू कर जलने लगी। जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई।

सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई और दमकल को फोन किया गया। दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक वैन पूरी तरह जल चुकी थी। मोहल्ला हकीमान निवासी एक व्यक्ति की मारुति वैन में बिलारी बस स्टैंड के निकट गैस डाली जा रही थी। इसी दौरान अचानक वैन में आग भड़क उठी। आग लगते ही वाहन से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आसपास मौजूद लोग जान बचाकर दूर भागे।

## बिरिया बाबा के मेले में छिनैती गैंग ने महिलाओं के कुंडल लूटे

संवाददाता, तिलहर

- भीड़भाड़ का फायदा उठाकर चार महिलाओं के आभूषण और पर्स चोरी

**अमृत विचार :** साप्ताहिक बिरिया बाबा मेले में रविवार को छिनैती करने वाले उचक्कों ने भीड़भाड़ का फायदा उठाकर महिलाओं को निशाना बनाया और चार महिलाओं के सोने के कुंडल लूट लिए, जबकि एक व्यक्ति का पर्स भी चोरी कर लिया। इस घटना से मेले में अफरा तफरी मच गई और महिलाएं रोने बिलखने लगीं। दशकों पुराने इस मेले में सुरक्षा व्यवस्था की कमी एक बार फिर सामने आई, जहां सुरक्षा के नाम पर केवल दो पीआरडी जवान ही तैनात थे।

रविवार को मेले में करधनी और चूड़ी पहनाने की रस्म वाले चबूतरे पर काफी भीड़ थी। इसी दौरान बदमाशों ने महिलाओं को निशाना बनाया। बरेली के भमौरा थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गांव की कुटीमा देवी के दोनों कुंडल धागे सहित लूट लिए गए। मोहम्मदी के पिपरिया नंदापुर गांव की विमला देवी के दोनों कुंडल नोंचे गए, जिसमें एक कुंडल मौके पर गिर गया जो उन्हें मिल गया। बदायूं के उझानी क्षेत्र के गुर्रा फरीदपुर गांव की नन्ही देवी का एक कुंडल लूटा गया और शाहजहांपुर के मदनापुर क्षेत्र के रहदेवा गांव की शकुंतला देवी के दोनों कुंडल लूट लिए गए। लखीमपुर के मोहम्मदी निवासी संजय कठेरिया की पेंट की जेब से पर्स निकाल लिया गया, जिसमें करीब 2800 रुपये थे। घटना के बाद मेले में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।

### जांच को गई पुलिस टीम पर हमला, दो महिलाएं गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मूंढापांडे क्षेत्र के ग्राम वीरपुर वरियार में विवेचना करने गई पुलिस टीम पर मुकदमा वादी एवं उसके परिजनों द्वारा हमला कर दिया। उपनिरीक्षक की तहरीर पर पांच महिलाओं समेत 13 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है।

उपनिरीक्षक आकाश परमार अपनी टीम के साथ शनिवार मुकदमा की विवेचना के सिलसिले में वादी अली अहमद उर्फ नन्ने के घर साक्ष्य संकलन के लिए ग्राम वीरपुर वरियार पहुंचे थे। आरोप है कि वादी अली अहमद उर्फ नन्ने एवं उसके परिजन ने पुलिस टीम के साथ जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों तथा ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया।

# हर्ष फायरिंग में दो पकड़े लाइसेंसी बंदूक बरामद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कंपटीशन के चक्कर में लोगों की जान की परवाह न करके चलाई अधाधुंध गोली

**अमृत विचार :** खुदागंज क्षेत्र में एक शादी समारोह में लाइसेंसी असलहा से हर्ष फायरिंग के मामले में पुलिस ने दो लोगों को लाइसेंसी बंदूक समेत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

खुदागंज थाना क्षेत्र में बखौरा गांव का हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो 25 सेकेंड का था। वीडियो में दिख रहा है कि दो लोग लाइसेंसी असलहा से फायरिंग कर रहे है। पांच बार फायरिंग की गई। हर्ष फायरिंग में आस-पास बच्चे और बुजुर्ग खड़े है। पास में एक सजी हुई कार खड़ी है। फायरिंग करने वालों ने कंपटीशन के चक्कर में लोगों की जान की परवाह न करके अंधाधुंध गोली चलाई थी। बताते है कि जिस परिवार में शादी थी, वह लोग मूल रूप से बदायूं के रहने वाले है, लेकिन कुछ महीनों से खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव बखौरा में रह रहे है। उनके परिवार में किसी सदस्य की शादी थी। पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान में लेकर थाना प्रभारी को जांच के निर्देश दिए थे। पुलिस ने जांच कर दोनों आरोपियों की पहचान कराई और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। सीओ तिलहर ज्योति शुक्ला ने बताया कि आरोपी सत्येंद्र सिंह व हरीश सिंह को असलहा समेत पकड़ लिया गया है। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

बदलाव

सहालग के सीजन में युवतियों को पसंद आ रहे कश्मीरी वल और कुंदन वाले झुमके

# फैशन के दौर में युवतियों की पहली पसंद बना झुमका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बरेली के बाजार में भले ही झुमका गिरा हो, लेकिन शहर में इसका जलवा फैशन के आसमान पर छाया हुआ है। युवतियों से लेकर महिलाओं तक हर वर्ग में झुमकों का आकर्षण बढ़ता जा रहा है। सहालग के सीजन ने इस ट्रेंड को और रफ्तार दी है। अब महिलाएं पारंपरिक भारी झुमकों की जगह हल्के व स्टाइलिश डिजाइनों को प्राथमिकता दे रही हैं।

सोशल मीडिया की रील्स के प्रभाव से यह बदलाव और तेज हुआ है। अभिनेत्री और मॉडल्स के लुक से प्रेरित होकर युवतियां उसी अंदाज को अपना रही हैं, जिससे लाइटवेट झुमकों की मांग बढ़ी है। चौमुखापुल, मंडी चौक, टाउनहॉल, चूड़ी बाजार से गलशहीद तक शहर के बाजारों में इसकी खनक है। इस समय कुंदन वर्क, राजस्थानी थीम, कश्मीरी और कान चेन वाले झुमके काफी लोकप्रिय हैं। हल्के होने के कारण ये पार्टी और समारोहों में आकर्षक लुक देते हैं। चौमुखापुल स्थित एक ज्वेलरी की दुकान पर संचालक इशू बताते हैं कि ड्रेस के अनुसार झुमकों का चयन करने का चलन बढ़ा है। बाजार में रेजिन और फैब्रिक जैसे कई विकल्प उपलब्ध हैं, जिन्हें महिलाएं अपने आउटफिट के हिसाब से चुन रही हैं।



महिला के कान पर सजा झुमका।

- ड्रेस के अनुसार ही झुमकों का चयन करने का तेजी से बढ़ा चलन
- हल्के होने के कारण ये पार्टी और समारोहों में देते हैं आकर्षक लुक

### कम कीमत में आकर्षक लुक देती आर्टिफिशियल ज्वेलरी

आर्टिफिशियल ज्वेलरी तैयार करने में कॉपर, ब्रास, एलाय, प्लास्टिक, मोती, बीड्स व स्टोन का इस्तेमाल किया जाता है। दिखने में ये बेहद आकर्षक और ट्रेंडी होते हैं, लेकिन इनकी कीमत सोने-चांदी की ज्वेलरी की तुलना में काफी कम होती है। ये हल्के, स्टाइलिश और हर तरह के सूट, साड़ी, जींस या पार्टी ड्रेस के साथ आसानी से मैच हो जाते हैं। यही वजह है कि आजकल महिलाएं रोजमर्रा से लेकर खास मौकों तक इन्हें पहनना ज्यादा पसंद कर रही है।

**कान चेन झुमकों की भी बढ़ी मांग :** झुमके तेजी से ट्रेंड में हैं। 10 में से सात महिलाए इन्हें पसंद कर रही हैं। इन्हें एक कान में झुमका और दूसरे में सहायक टाप्स के साथ पहना जाता है, जो जींस और पार्टी ड्रेस पर आकर्षक लुक देता है। इस डिजाइन में तीन लेयर की चेन जुड़ी होती है, जो इसकी खूबसूरती बढ़ाती है। इनकी कीमत 850 से 950 रुपये तक है।

### झुमकों की कीमत

| | |
|---|---|
| कश्मीरी झुमके | 800 रुपये |
| रजवाड़ी झुमके | 850 से दो हजार रुपये |
| वेस्टर्न झुमके | 350-500 रुपये |
| कुंदन झुमके | एक हजार से 1500 रुपये |
| चांदवाला झुमके | 400 से 600 रुपये |

नोट :ये आर्टिफिशियल झुमकों की कीमत हैं

**कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर**

पत्रांक : 740/PRO/नि.वि./न.नि.शाह./2026 दिनांक : 02.05.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर निगम, शाहजहाँपुर में नगर विकास अनुभाग-5 के शासनादेश संख्या : 812/2025/नौ-5-2025/001-Com. No. -1912185 दिनांक 27.03.2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में सीवरेज एवं जलनिकासी योजनान्तर्गत मो. तिलहरजई लोहरों वाले चौराहे के ककरा रोड तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य की तृतीय बार अल्पकालीन ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्य की समस्त नियम व शर्ते वेबसाइट पर उपलब्ध है जिनका अवलोकन करने उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। बिना कारण बताये टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करनेग का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। उक्त निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना वेबसाईट पर अपलोड कर दी जायेगी।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 04.05.26 (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 04.05.26 (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अंतिम तिथि/समय | 12.05.26 (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 12.05.26 (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल www.etender.up.nic.in पर किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर

# पंजाब में हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़

चंडीगढ़, एजेंसी

- अमृतसर से 4 तस्कर गिरफ्तार, 7 आधुनिक पिस्तौलें बरामद

पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने हथियारों की तस्करी से जुड़े एक अंतर्राष्ट्रीय मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से सात अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद की हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमृतसर के महिंद्रा कॉलोनी निवासी समरबीर सिंह उर्फ सिमर (21), तरनतारन के गांव फतेहपुर के मूल निवासी और वर्तमान में अमृतसर के कृष्णा नगर में रह रहे सतनाम सिंह उर्फ सत्ता (23), प्रताप नगर निवासी तनुप्रीत सिंह (26) और कृष्णा नगर निवासी करणजोत सिंह उर्फ साजन (26) के रूप में हुई है। बरामद किए गए हथियारों में ऑस्ट्रिया निर्मित नौ एमएम की दो ग्लॉक पिस्तौल, चीन निर्मित .30 बोर की चार पिस्तौल और .30 बोर की एक अन्य पिस्तौल शामिल हैं। डीजीपी यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सोशल मीडिया मंच के जरिए पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में थे।

कहा कि अवैध हथियारों की खेप ड्रोन के माध्यम से सीमा पार से भेजी जाती थी और फिर इस नेटवर्क के जरिए अपराधियों तक पहुंचाई जाती थी। डीजीपी ने बताया कि इस नेटवर्क के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाने के लिए तथा अन्य सहयोगियों की पहचान के लिए जांच जारी है।

# क्यों फटते हैं गर्मी में एसी, बचने को बरतें ये सावधानियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दिनों दिन बढ़ते तापमान और आसमान से बरसती आग के बीच एसी फटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कई क्षेत्रों में पारा 45 से 47 डिग्री तक को पार करने लगा है। घनी आबादी वाले इलाकों में प्रदूषण और ट्रैफिक दबाव से गर्मी का कहर बढ़ता जा रहा है।

गर्मी बढ़ने के साथ लोग राहत पाने के लिए एयर कंडीशनर (एसी) का इस्तेमाल तेजी से करने लगते हैं। इसी दौरान एसी फटने या आग लगने की घटनाएं भी सामने आती हैं।

एसी फटने के पीछे सबसे बड़ी वजह अत्यधिक तापमान और मशीन पर बढ़ता दबाव है। विशेषज्ञों के अनुसार, एसी के कंडेंसर का तापमान सामान्यतः 50 डिग्री सेल्सियस तक होता है। जब बाहरी तापमान इससे अधिक हो जाता है, तो कंडेंसर पर दबाव बढ़ने लगता है, जिससे उसके फटने या खराब होने का खतरा पैदा हो जाता है।

### एसी फटने के अन्य कारण

कंडेंसर पर दबाव के अलावा भी कई कारण ऐसी दुर्घटनाओं को जन्म देते हैं। गैस लीकेज होने पर कंडेंसर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे वह अधिक गर्म होकर आग का कारण बन सकता है। इसी तरह, गंदे कॉइल्स कूलिंग प्रक्रिया को बाधित करते हैं, जिससे मशीन ओवरहीट हो जाती है। इसके अतिरिक्त वोल्टेज का लगातार उतार-चढ़ाव भी कंप्रेसर को नुकसान पहुंचाता है और दुर्घटना की आशंका बढ़ाता है।

### इस तरह बच सकते हैं

कुछ सावधानियां बरती जाएं तो ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। सबसे पहले, एसी के कंप्रेसर और कंडेंसर यूनिट को ऐसी जगह लगाएं जहां पर्याप्त वेंटिलेशन हो और सीधी धूप कम पड़े। नियमित सर्विसिंग कराना बहुत



महत्वपूर्ण है, ताकि छोटी खराबियों को समय रहते ठीक किया जा सके। एयर फिल्टर और कूलिंग कॉइल्स की सफाई भी नियमित रूप से करनी चाहिए, जिससे मशीन पर अतिरिक्त दबाव न पड़े। साथ ही, कूलिंग फैन और अन्य जरूरी पार्ट्स की समय-समय पर जांच कराना भी जरूरी है। एसी खरीदते समय भी सावधानी बरतनी चाहिए। तांबे के कंडेंसर वाले एसी, एल्यूमीनियम वाले एसी की तुलना में ज्यादा सुरक्षित और टिकाऊ माने जाते हैं, क्योंकि वे जल्दी गर्म नहीं होते और उनमें जंग लगने की संभावना भी कम होती है।

### भारत के कुल 8 फीसदी घरों में हैं एसी

एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के 30 करोड़ घरों में से केवल 8 फ़ीसदी घरों में ही एयर कंडीशनर यानी एसी लगे हैं। इनमें से कुछ में एक से अधिक यूनिट हैं। बिजनेस कॉम्प्लेक्स और अन्य कार्यालयों में बड़ी संख्या में एसी लगे हैं। इनसे निकलने वाली ऊष्मा भी आसपास के बातावरण को और गर्म बना देती है। इसके बावजूद भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता एसी बाजार है।

### दुनिया भर में एक साल में बिके 17 करोड़ एसी

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीते साल 2025 में देश भर में एक करोड़ 40 लाख एयरकंडीशनर्स बिके थे। इस दौरान दुनिया भर में बेचे गये 17 करोड़ एयर कंडीशनर में से 9 करोड़ चीन ने खरीदे और 1.40 करोड़ भारत ने। पेरिस स्थित इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) का अनुमान है कि 2050 तक भारत में घरेलू एयर कंडीशनर की संख्या नौ गुना बढ़ जाएगी। ये वृद्धि टीवी, रेफ्रिजरेटर और वाशिंग मशीन सहित अन्य सभी घरेलू उपकरणों के मुकाबले कहीं अधिक होगी।

### एसी के लिए 3 मिनट का नियम क्या है?

तीन मिनट का नियम बहुत आसान है : एसी बंद होने के बाद उसे दोबारा चालू करने से पहले कम से कम तीन मिनट प्रतीक्षा करें। इससे सिस्टम को स्थिर होने में मदद मिलती है और कंप्रेसर पर दबाव कम होता है—जो कई एसी मरम्मतों का सबसे महंगा हिस्सा होता है।

### एसी को लगातार कितने घंटे चलाना चाहिए?

एसी को लगातार 6-8 घंटे से ज्यादा नहीं चलाना चाहिए, क्योंकि यह कंप्रेसर को ओवरहीट कर सकता है। मशीन को आराम देने के लिए हर 2-3 घंटे में 15-20 मिनट के लिए बंद करना या तापमान 24-26 डिग्री के बीच रखना बेहतर है। रात भर (6-8 घंटे) चलाना सुरक्षित है।

## न्यूज ब्रीफ

### मणिपुर में उग्रवादियों ने किया बम विस्फोट

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में इंफाल हवाई अड्डे के पास संदिग्ध उग्रवादियों ने रविवार को एक बम विस्फोट किया। यह विस्फोट राज्य में मेइती और कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष के तीन वर्ष पूरे होने पर हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि आज यह बम विस्फोट इंफाल हवाई अड्डे से एक किलोमीटर से भी कम दूर सिंगजामेई थानाक्षेत्र के मालोम में एक श्मशान घाट के पास हुआ। उन्होंने कहा कि विस्फोट में किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई खबर नहीं है। घटना स्थल प्रादेशिक सेना के एक शिविर के भी नजदीक है।

### अहमदाबाद में ऑटो पलटा, एक की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में रविवार को राजमार्ग पर लोहे का बैरिकेड गिरने से एक ऑटो रिक्शा पलट गया, जिससे 46 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना सरखेज-गांधीनगर राजमार्ग पर मकरबा क्षेत्र में सुबह करीब सवा नौ बजे हुई। उन्होंने बताया कि बिहार के रहने वाले श्रमिक अजय महतो की मौत हो गई और रंजन मंडल, दिनेश मंडल और संजीव धानुर घायल हो गए।

### आवारा कुत्तों के हमले में बच्चे की मौत

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले में आवारा कुत्तों के हमले में पांच वर्षीय लड़के की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि यह घटना शुक्रवार को गोंडूडीह पुलिस चौकी के अंतर्गत भोलानाथ बसेरिया की यादव बस्ती में हुई, जब लड़का खेलने के लिए बाहर निकला था। थाना प्रभारी लव चौधरी ने बताया, आवारा कुत्तों के झुंड के हमले में लड़के की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब लड़का अपने घर से थोड़ी दूरी पर खेल रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक के परिजनों ने थाने जाकर मुआवजे की मांग की।

### हिमाचल में बस पलटने से 28 लोग घायल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में रविवार को चालक के सीने में दर्द के कारण वाहन पर से नियंत्रण खो देने के बाद एक निजी बस पलट गई, जिसमें कम से कम 28 लोग घायल हो गए। घायलों में चालक भी शामिल है। यह दुर्घटना नूरपुर उपमंडल में पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूर्वाह्न लगभग 11 बजे हुई, जब बस चंबा से ऊना जा रही थी। जानकारी के अनुसार चालक के सीने में अचानक दर्द हुआ, जिससे उसने बस पर से नियंत्रण खो दिया।

# घरेलू कलह में पत्नी और 4 बच्चों की हत्या के बाद जान देने की कोशिश की

## मुरादाबाद जिले का मूल निवासी है आरोपी नाजिम, गुरुग्राम में है नाई की दुकान

गुरुग्राम, एजेंसी

गुरुग्राम के वजीरपुर गांव में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और चार बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या करने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि शनिवार को जब इस व्यक्ति का भाई रात करीब साढ़े नौ बजे घर लौटा तो उसने परिवार के इन सदस्यों को पहली मंजिल पर बेहोश पड़ा पाया। वह तत्काल उन्हें अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने महिला और बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी व्यक्ति की पहचान नाजिम (35) तथा जान गंवाने वालों की पहचान उसकी पत्नी नजमा (35) तथा उनके बच्चे इकरा (14), शिफा (11), अयान (9) और खदीजा (6) के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद का निवासी नाजिम वजीरपुर गांव में किराये के एक मकान में रहता है और गढ़ी हरसारू गांव में एक हेयर सैलून चलाता है। नाजिम और नजमा के बीच अक्सर झगड़े होते थे और शनिवार रात काम से लौटने के बाद नाजिम का पत्नी से झगड़ा हो गया। पुलिस के अनुसार नाजिम का भाई जब घर पहुंचा तब उसने देखा कि नाजिम खून से लथपथ था जबकि उसकी पत्नी एवं बच्चे कमरे में मृत पड़े थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में भर्ती नाजिम ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी एवं बच्चे नहीं रहना चाहते थे। सहायक पुलिस आयुक्त नवीन शर्मा ने कहा कि घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं है लेकिन ऐसा जान पड़ता है कि घर में कुछ कलह चल रही थी जिसकी वजह से उसने ऐसा कदम उठाया। नाजिम ने अपनी पत्नी और बच्चों को जहर देकर मारा या या गला घोंटकर - यह जांच का विषय है। शवों को शवगृह में रखा है,सभी पहलुओं से जांच कर रहे हैं।



गुरुग्राम के वजीरपुर गांव में पांच हत्याओं के बाद मौके पर लगी गांव के लोगों की भीड़।

### बेंगलुरु में महिला ने घरेलू झगड़े के बाद की दो बच्चों की हत्या

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक महिला ने अपने दो बच्चों की कथित तौर पर हत्या कर दी और फिर आत्महत्या करने की कोशिश की। पुलिस ने रविवार को बताया कि मृतकों में दो लड़के हैं, जिनकी उम्र दो और चार वर्ष थी। पुलिस ने बताया कि उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों उन्हें ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि महिला की हालत गंभीर है। पुलिस को संदेह है कि मठिकेरे इलाके की रहने वाली महिला ने पहले बच्चों को जहर दिया और फिर खुद भी जहर खा लिया। बताया जा रहा है कि शनिवार रात पति से हुए विवाद के बाद उसने यह कदम उठाया। पुलिस के अनुसार, रविवार सुबह पति को घटना का पता चला, जब उसने पत्नी और बच्चों को बेहोश हालत में पाया। पुलिस ने कहा कि इसके बाद वह पड़ोसियों की मदद से तीनों को अस्पताल ले गया। पुलिस ने दोनों बच्चों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं। पुलिस ने कहा कि मामले में हत्या और आत्महत्या के प्रयास के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने पति से भी पूछताछ की है।

# देशभर के 551 शहरों में हुई नीट यूजी परीक्षा

**नई दिल्ली।** देशभर के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-यूजी 2026 परीक्षा आयोजित की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने परीक्षा की जमीनी तैयारियों का जायजा लेने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) मुख्यालय का दौरा किया। प्रधान ने इस दौरान परीक्षा की व्यवस्थाओं, परीक्षा केंद्रों के साथ समन्वय और सुचारू संचालन के लिए स्थापित निगरानी तंत्र जैसे प्रमुख पहलुओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री को बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को संभालने और परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन बनाए रखने के लिए किए गए इंतजामों की जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि एनटीए द्वारा आयोजित इस परीक्षा में देशभर के विभिन्न केंद्रों पर कड़े प्रोटोकॉल के बीच लगभग 23 लाख पंजीकृत अभ्यर्थी शामिल हुए। नीट-यूजी देश की सबसे बड़ी स्नातक स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में से एक है और इसके माध्यम से एमबीबीएस, बीडीएस तथा अन्य संबद्ध चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिला दिया जाता है।

# रीढ़ की बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को राहत की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली एम्स ने विकसित की शल्य चिकित्सा की नई तकनीक

दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने शल्य चिकित्सा की एक नई तकनीक विकसित की है, जिससे जटिल रीढ़ की हड्डी की विकृतियों से पीड़ित मरीजों के सफल उपचार की उम्मीद जगी है क्योंकि पहले रीढ़ संबंधी ऑपरेशन को अधिक जोखिम वाला माना जाता था।

एम्स ने एक बयान में कहा कि अस्पताल के हड्डी रोग विभाग में कार्यरत डॉ. भावुक गर्ग और उनकी टीम द्वारा पिछले सात वर्षों की मेहनत से विकसित की गई संशोधित सर्जिकल पद्धति ने रीढ़ की हड्डी की विकृति से पीड़ित रोगियों के लिए नई उम्मीद जगाई है, जिनके पास पहले उपचार के सीमित विकल्प थे और सुधारात्मक सर्जरी के दौरान जटिलताओं के उच्च जोखिम का सामना करना पड़ता था।

यह तकनीक पोस्टीरियर वर्टेब्रल कॉलम रिसेक्शन (पीवीसीआर) का एक परिष्कृत संस्करण है, जिसे विश्व स्तर पर रीढ़ की हड्डी की विकृति को ठीक करने की सबसे जटिल प्रक्रियाओं में से एक माना जाता है। दिल्ली स्थित एम्स द्वारा किए गए इस संशोधन का विस्तृत विवरण 2020 में एक अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पत्रिका में प्रकाशित हुआ था। चिकित्सकों के मुताबिक संशोधित विधि सर्जरी के बाद के



चरणों तक रीढ़ की हड्डी के कुछ पश्च भाग को संरक्षित रखती है, जिससे सुधार के दौरान रीढ़ की हड्डी की स्थिरता में सुधार होता है और पारंपरिक प्रक्रियाओं से जुड़ी तंत्रिका संबंधी एवं अन्य जीवन-घातक जटिलताओं को संभावित रूप से कम किया जा सकता है।

**आधुनिक तकनीक से बेहतर हुए परिणाम :** चिकित्सकों ने बताया कि गंभीर विकृतियों से पीड़ित मरीजों में अक्सर रीढ़ की हड्डी में टेढ़ापन, लगातार दर्द, सांस लेने में कठिनाई, सीधे खड़े होने में असमर्थता और गंभीर मनोवैज्ञानिक और सामाजिक परेशानी जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इस संबंध में एक वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि पहले इन सर्जरी से लोग डरते थे क्योंकि इनमें गंभीर तंत्रिका संबंधी या जानलेवा जटिलताओं का खतरा रहता था। आज बेहतर तकनीक और अनुभव के साथ, परिणाम उल्लेखनीय रूप से बेहतर हुए हैं।

## बादलों ने सूर्य को घेरा...



हिमाचल प्रदेश के शिमला में रविवार को मंडरा रहे बादलों के बीच से छनकर आती सूर्य की किरणें एक अलग ही दृश्य उपस्थित कर रही थीं, एक व्यूप्वाइंट पर जमा पर्यटकों ने इस नजारे का खूब आनंद उठाया।

# विवि में इंजीनियरिंग के छात्र का शव मिला

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के एक निजी विश्वविद्यालय में बीटेक प्रथम वर्ष के एक छात्र का शव पाया गया। मृतक की पहचान बिस्वास स्वैन के रूप में हुई है, जो ओडिशा के जगतसिंहपुर जिले का निवासी था। शनिवार रात को वह छात्रावास में अपने कमरे की छत से बंधे फंदे से लटका हुआ मिला। स्वैन की मौत के बाद, शनिवार देर रात छात्रों ने परिसर में विरोध प्रदर्शन किया, जो इन्फोसिटी पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में आता है। भुवनेश्वर के पुलिस उपायुक्त जगमोहन मीणा के हस्तक्षेप के बाद छात्रों ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना आत्महत्या का मामला लग रहा है।

# अब बच्चों में शुगर, रक्तचाप और मानसिक स्वास्थ्य की होगी जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का दायरा बढ़ाया

केंद्र ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के दायरे को बढ़ाते हुए कार्यक्रम के संशोधित दिशानिर्देशों के तहत मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों और मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी गैर-संचारी बीमारियों (एनसीडी) के जोखिम कारकों की जांच को भी शामिल किया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में संपन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा वितरण में अच्छी प्रथाओं और नवाचारों पर राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के दौरान आरबीएसके 2.0 दिशानिर्देश जारी किए, जो प्रमुख बाल स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम में एक बड़ा बदलाव है। एक दशक से अधिक के क्रियान्वयन के आधार पर, अद्यतन ढांचा कार्यक्रम के स्थापित दृष्टिकोण - जन्मजात दोष, रोग, कमियां और विकासात्मक देरी - को व्यापक बनाता है। साथ ही व्यवहार संबंधी विकार, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं और जीवनशैली से संबंधित बीमारियों सहित उभरती हुई बाल स्वास्थ्य चिंताओं को भी शामिल करता है। संशोधित दिशा-निर्देशों में जन्म से लेकर 18 वर्ष की आयु तक के बच्चों के लिए देखभाल की एक व्यापक निवारक, प्रोत्साहक और उपचारात्मक श्रृंखला शुरू की गई है, जिसमें डिजिटलीकरण और देखभाल की निरंतरता पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है। मंत्रालय के अनुसार, उन्नत जांच ढांचे का उद्देश्य बच्चों और किशोरों को प्रभावित करने वाली स्वास्थ्य स्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए शीघ्र पहचान और समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम के तहत जांच सेवाएं सचल स्वास्थ्य दलों के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में जारी रहेंगी, ताकि व्यापक पहुंच और सार्वभौमिक कवरेज सुनिश्चित किया जा सके।

# अंडमान निकोबार में फिर बना गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

श्री विजय पुरम, एजेंसी

- समुद्र के अंदर मानव पिरामिड बनाकर दर्ज कराया नाम

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह ने रविवार को स्वराज द्वीप (पूर्व में हैवलॉक द्वीप) पर पानी के अंदर सबसे ऊंचा मानव पिरामिड बनाया गया। इसके साथ ही, लगातार दूसरे दिन दूसरा 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल डीके जोशी सहित 14 लोगों ने इसमें हिस्सा लिया और उन्होंने 22.3 मीटर ऊंचा मानव पिरामिड बनाया तथा वे तीन मिनट तक पानी के अंदर रहे। इससे एक दिन पहले, केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने इसी द्वीप के पास समन्वित अभियान के तहत समुद्र के अंदर विश्व के सबसे बड़े राष्ट्रीय ध्वज को फहराकर ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया था। इस ध्वज का आकार लगभग 60 मीटर लंबा और 40 मीटर चौड़ा था। द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष उपराज्यपाल ने शनिवार के कार्यक्रम में भी भाग लिया था। अधिकारियों ने बताया कि लगातार हासिल की जा रही ये उपलब्धियां इन द्वीपों को एक प्रमुख वैश्विक गोताखोरी गंतव्य के रूप में स्थापित करने की पहल का हिस्सा हैं।

**बदला मौसम** | दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी, मप्र में कुछ स्थानों पर 40-50 किमी की रफ्तार से हवा और बिजली चमकने का पूर्वानुमान

# उत्तर भारत के कई राज्यों में हुई बारिश, मिली भीषण गर्मी से राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर भारत के कई राज्यों में रविवार को बारिश के बाद तापमान कुछ डिग्री तक कम हो गया, जिसकी वजह से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और यहां गरज के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान है। आईएमडी ने राष्ट्रीय राजधानी में अगले दो दिन के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए बारिश, बिजली गरजने और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी है।

आईएमडी के अनुसार छह मई तक बादल छाए रहने और रुक-रुककर बारिश होने का पूर्वानुमान है। उत्तराखंड के कई जिलों में रविवार सुबह तेज हवाओं के साथ भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई। आईएमडी ने सोमवार और मंगलवार को सभी जिलों में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने कहा कि 4,000 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का पूर्वानुमान है।

आईएमडी ने कहा कि देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत और उधम सिंह नगर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी ने कहा कि इन जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश, ओलावृष्टि, 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी के अनुसार पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं। विभाग ने कहा कि मध्य उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर पांच सेंटीमीटर तक बारिश दर्ज की गई, जबकि पूर्वी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और पश्चिमी क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने राज्य के कुछ स्थानों पर 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने और बिजली चमकने का पूर्वानुमान जताया है। चंडीगढ़ और पंजाब-हरियाणा के कुछ हिस्सों में भी बारिश हुई। चंडीगढ़ में कुछ स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित रही। पंजाब में मोहाली, रूपनगर और लुधियाना में भी बारिश दर्ज की गई। न्यूनतम तापमान में कुछ डिग्री की गिरावट आई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। होशियारपुर में सुबह के समय अचानक आई आंधी और बारिश के कारण पुरहीरन क्षेत्र के इंडस्ट्रियल फोकल प्वाइंट में बिजली के खंभे और पेड़ उखड़ गए। फगवाड़ा और आसपास के क्षेत्रों में भी सुबह धूल भरी आंधी आई और बारिश हुई। हरियाणा में पंचकूला, अंबाला और यमुनानगर में बारिश हुई। राजस्थान में रविवार को कई इलाकों में गर्मी का असर बना रहा। फलोदी में अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



### शिमला में बारिश, धर्मशाला में गिरे ओले

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में भी बारिश हुई, जबकि धर्मशाला में ओलावृष्टि हुई। शनिवार शाम से लेकर अगले 24 घंटों में राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के छह जिलों कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर में चार मई के लिए 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने और बिजली गरजने का पूर्वानुमान जताया है।

# अमृत विचार

**सोमवार, 4 मई 2026**






आशा भी बिल्कुल वैसी ही है, जैसे जमीन पर रास्ते। वास्तव में, जमीन पर पहले कोई रास्ते नहीं थे, लेकिन जब बहुत से लोग एक ही जगह से गुजरते हैं, तो रास्ता बन जाता है।

**–लू शुन**, चीनी विचारक

## चेतावनी से आगे

भारत में मोबाइल पर तेज़ बीप के साथ आने वाले सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट की शुरुआत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण छलांग है। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी यानी एनडीएमए और सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स सी डॉट द्वारा विकसित 'सचेत' प्रणाली, कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल पर आधारित है और देश के सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में सक्रिय की जा चुकी है। यह तकनीकी उन्नति के साथ 'जीवन बचाने' की क्षमता से जुड़ा बड़ा बदलाव है। सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम यानी सीबीएस पहले के सामान्य एसएमएस प्रणाली से इसलिए बेहतर है, क्योंकि नंबर-टू-नंबर भेजे जाने वाले एसएमएस से देरी हो सकती है, जबकि सीबीएस किसी क्षेत्र के सभी मोबाइल टॉवरों से एक साथ संदेश प्रसारित करेगा, जिससे आपातकाल में यह रियल-टाइम और अधिक विश्वसनीय माध्यम बन जाएगा तथा बाढ़, चक्रवात, भूकंप या युद्ध जैसी परिस्थितियों में पल भर में लाखों लोगों तक चेतावनी पहुंच जाएगी।

वैश्विक संदर्भ में देखें, तो भारत इस क्षेत्र में अग्रणी देशों की श्रेणी में थोड़ी देर से ही सही तेजी से शामिल हो रहा है। अमेरिका में फेडरल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी के तहत ईएएस, ड्ब्ल्यूईए और आईपीडब्ल्यूएस जैसी बहुस्तरीय चेतावनी प्रणालियां वर्षों से सक्रिय हैं। जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोप के कई देशों ने भी भूकंप और आपदाओं के लिए उन्नत अलर्ट सिस्टम विकसित किए हैं। भारत में भी बहुविधि प्रणाली विकसित हो रही है— जैसे मौसम विभाग के अलर्ट, सायरन सिस्टम, टीवी-रेडियो ब्रेकिंग अलर्ट और मोबाइल ऐप्स— परंतु इन सबका एकीकृत और समन्वित उपयोग अभी भी प्रगतिशील ही है। 'सचेत' इस दिशा में एक केंद्रीय प्लेटफॉर्म बनने की क्षमता रखता है। फिलहाल हमारी बड़ी उपलब्धि है कि हमने विशाल जनसंख्या के अनुरूप 19 से अधिक भाषाओं में इसे तेजी से लागू किया है। इस सीबीएस प्रणाली को अभी से 'फूलप्रूफ' कहना जल्दबाज़ी होगी, जहां मोबाइल नेटवर्क नहीं है या सिग्नल कमजोर हैं, वहां यह प्रणाली सीमित हो जाती है। यदि फोन स्विच ऑफ है, बैटरी खत्म है या उपयोगकर्ता ने सीबीएस फीचर बंद कर रखा है, तो अलर्ट नहीं पहुंच पाएगा। भारत के दूरदराज़ क्षेत्रों में बिजली और नेटवर्क की अनियमितता इस प्रणाली की प्रभावशीलता पर असर डाल सकती है, इसलिए तकनीक के साथ-साथ बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण भी अनिवार्य है। एक मूल प्रश्न यह भी बना रहता है— क्या केवल चेतावनी देना ही पर्याप्त है? उत्तर स्पष्ट रूप से 'नहीं' है। आपदा प्रबंधन तीन चरणों पर आधारित होता है— पूर्व तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया और पुनर्वास। यदि चेतावनी मिलने के बाद लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने, राहत सामग्री उपलब्ध कराने और पुनर्निर्माण की व्यवस्था नहीं है, तो तकनीक का लाभ सीमित रह जाएगा।

देश ने इधर आपदा प्रबंधन में वैश्विक स्तर पर अपनी साख मजबूत की है। चक्रवात प्रबंधन व समय पर निकासी उदाहरण हैं। परंतु जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे के बीच चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट प्रणाली बेहतर पहल है, अंतिम समाधान नहीं। यह तकनीक तब ही प्रभावी होगी, जब इसे मजबूत बुनियादी ढांचे, जन-जागरूकता और समन्वित आपदा प्रबंधन रणनीति के साथ जोड़ा जाए।

## प्रसंगवश

## एकल परिवारों में पले बच्चों में बढ़ जाती है संवादहीनता

परिवार समाज की सबसे छोटी इकाई है। व्यक्ति के विकास के लिए परिवार आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। पुराने समय में संयुक्त परिवारों का प्रचलन था तथा परिवारों का आकार भी बड़ा होता था। एक संयुक्त परिवार में 20-25 आदमी होना आम बात रहती थी, लेकिन धीरे-धीरे शिक्षा का प्रसार शहरीकरण, पश्चात संस्कृति, निजता का भाव, परस्पर तालमेल की कमी, बढ़ती संवादहीनता अधिक स्वायत्तता की आस, आर्थिक दबाव एवं व्यक्ति का अपने हितों तक सीमित रहना तथा ज्यादा संग्रह की चाहत और लगातार बढ़ती हुई इच्छाओं ने संयुक्त परिवारों का बंटाधार कर दिया। फलस्वरुप छोटे-छोटे एवं एकल परिवारों का अभ्युदय हुआ।

पहले तो लोगों ने सोचा कि छोटा परिवार सुखी परिवार रहेगा, लेकिन कालांतर में उन्हें संयुक्त परिवार की अहमियत का पता चलने लगा। संयुक्त परिवार एक पूर्ण रूप से संतुलित परिवार होता था। प्राचीन काल में यदि कोई विधवा या विधुर हो जाता था, तो संयुक्त परिवार के अंदर कितनी ताकत एवं व्यवस्था होती थी कि उसका भी जीवन आराम से कट जाता था और जब व्यक्ति अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में रहता था, तो उसे किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होती थी, लेकिन संयुक्त परिवारों के विघटन के पश्चात एकल परिवारों में असंतुलन की स्थिति पैदा हो गई है।



**रवींद्र कुमार**
शिक्षक

पहला असंतुलन यह है कि एकल परिवारों में पले-बढ़े बच्चे अपने संयुक्त परिवार के सदस्यों से ठीक से हिल-मिल नहीं पाते हैं। उनमें या तो संवादहीनता रहती है, या फिर संवाद का एक सीमित दायरा होता है। वह अपने चाचा-चाची, दादी-दादी से खुलकर बात करने से कतराते हैं, उन्हें हर बात में संकोच लगता है, जिससे वे बाद में मिलनसार स्वभाव के नहीं हो पाते हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास जीवन भर असंतुलित रहता है, यही कारण है। ऐसे बच्चों के साथ जब जीवन में प्यार में धोखा, परीक्षा में असफलता जैसी स्थिति आती है, तो वह किसी से अपनी बातें नहीं कह पाते हैं तो कई बार आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं। हमारे समाज में बढ़ती आत्महत्या का एक प्रमुख कारण संयुक्त परिवारों का विघटन एवं एकल परिवारों का चलन भी है। एकल परिवारों के कारण ही हजारों किशोर अपराधी गतिविधियों में लिप्त होते जा रहे हैं।

दांपत्य जीवन में असंतुलन एकल परिवार का एक दूसरा प्रमुख कारण है। पति पत्नी में प्रायः झगड़े होते रहते हैं, इन्हीं विवादों के कारण विवाह विच्छेद के मामले बढ़ते जा रहे हैं, क्योंकि विवाद की स्थिति में आखिर विवादों का निपटारा कौन करे। पति-पत्नी दोनों को यही लगता है कि वह अपने-अपने स्थान पर सही हैं। विवाद बढ़ने की स्थिति में यही पत्नियां दहेज कानून एवं घरेलू हिंसा का सहारा लेकर पूरे परिवार को कानून के कटघरे में खड़ा कर देती हैं, जिससे परिवार तहस-नस हो जाता है।

तीसरा असंतुलन का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव बुजुर्गों पर पड़ा है। संयुक्त परिवारों में बुजुर्ग और बच्चे एक साथ जीवन जीते थे। यही वह समय था, जब बुजुर्ग अपना सारा ज्ञान और अनुभव बच्चों में उकेर देता था और बच्चा भी सहजता से उसे ग्रहण कर लेता था, लेकिन आज स्थिति यह है कि बुजुर्ग वृद्ध आश्रम में पड़े रहकर उपेक्षा एवं अकेलेपन की जिंदगी काट रहे हैं, वहीं बच्चों का समय मोबाइल के स्क्रीन पर कट रहा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# जापान की बदली रक्षा नीति से चीन घबराया





**नवीन गुप्ता**
बरेली

चीन और जापान की दुश्मनी जग जाहिर है। चीन इस बात से परेशान है कि जापान परमाणु बम परीक्षण कर सकता है। चीन को डर है कि कहीं जापान भी परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बन गया, तो उसके लिए मुश्किल खड़ी होगी। यही वजह है कि उसने संयुक्त राष्ट्र संघ में जापान को परमाणु बम के परीक्षण से रोकने की गुहार लगाई है। जापान ने भी अब चीन से आंखों से आंखें मिलाकर बात करने की ठान ली है।

चीन की बढ़ती दादागिरी को रोकने के लिए ही उसने अपने पड़ोसी और चीन के दुश्मन राष्ट्रों के साथ सामरिक दृष्टि से अपने रिश्ते मजबूत करने शुरू कर दिए हैं। जापान ने न सिर्फ फिलीपींस के साथ मिल कर दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामकता को रोकने के लिए कदम उठाया, बल्कि आस्ट्रेलिया, वियतमान से भी उसने कई समझौते किए हैं, जो चीन की टेंशन बढ़ाने वाले हैं।

द्वितीय विश्व युद्ध में जापान और उसके मित्र राष्ट्रों को हार का सामना करना पड़ा था। इस युद्ध में मिली हार के बाद से ही जापान और चीन में तनाव बना हुआ है। बीच-बीच में रिश्ते सुधर जाते हैं, लेकिन कई ऐसे मौके आते हैं, जब चीन दादागिरी दिखाने की कोशिश करता है, तो जापान को भी आंखें तरेरनी पड़ती हैं। फिलहाल पिछले कई महीने से चीन और जापान के बीच तनाव का सबसे बड़ा कारण है ताइवान।

जापान की प्रधानमंत्री सनाई तकाइची द्वारा ताइवान की चीन से रक्षा के एलान से ही चीन नाराज है। कई बार उसने जापान की समुद्री सीमा और हवाई सीमा का उल्लंघन किया है। चीन सीधे जापान को युद्ध की धमकी देता है। इससे जापान नाराज है और चीन के बढ़ते खतरे को देखते हुए ही अपनी सामरिक शक्ति को बढ़ाने का एलान कर चुका है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जापान ने शांतिवादी नीति अपना ली थी और उसने घातक हथयारों के उत्पादन और निर्यात पर खुद ही प्रतिबंध लगा दिया था। तय किया गया था कि उसकी सेना सिर्फ आत्मरक्षा तक सीमित रहेगी, लेकिन अब उसने चीन और उत्तर कोरिया की बढ़ती आक्रमकता को देखते हुए अपनी नीति में बदलाव कर दिया है और लड़ाकू विमान, मिसाइल आदि के निर्यात को मंजूरी दे दी है। यहां तक कि परमाणु बम बनाने की दिशा में भी उसने कदम उठाए हैं।

> द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जापान ने शांतिवादी नीति अपना ली थी। अब उसने चीन और उत्तर कोरिया की बढ़ती आक्रमकता को देखते हुए अपनी नीति में बदलाव कर दिया है।

इसके संकेत मिलते ही चीन परेशान हो उठा है, इसीलिए चीन ने पहली बार आधिकारिक तौर पर संयुक्त राष्ट्र को इसकी जानकारी दी है और यह कहा है कि यदि जापान को रोका नहीं गया, तो वह आने वाले दिनों में परमाणु हथियार का परीक्षण कर सकता है। चीन का तो यहां तक दावा है कि जापान के पास प्लूटोनियम की इतनी मात्रा है कि वह 55 सौ परमाणु हथियार बना सकता है।

चीन ने संयुक्त राष्ट्र को दी गई शिकायत में कहा है कि जापान कम समय में न्यूक्लियर ब्रेक आउट हासिल करने की क्षमता रखा है। चीन से इसे अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। कहा है कि जापान अपने शांतिवादी संविधान, परमाणु हथियार न रखने और न ही बनाने और न लाने की नीति में बदलाव की कोशिश कर रहा है। यहां समझना जरूरी है कि चीन की परेशानी का सबसे बड़ा कारण है जापान द्वारा अपनी नीति में किया गया बदलाव।

जापानी प्रधानमंत्री ने एक 15 सदस्यीय पैनल बनाया है, जिसने तीन गैर परमाणु सिद्धांतों को बदलने की स्पष्ट वकालत की है। साथ ही जापान को लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली मिसाइलों के निर्माण पर जोर दिया है। इतना ही नहीं चीन को डर है कि कहीं जापान अमेरिका को अपनी धरती पर परमाणु हथियार रखने वाली मिसाइलों की तैनाती की अनुमति दे सकता है। चीन के साथ ही उत्तर कोरिया भी लगातार जापान को धमकियां देता है। इससे जापान ने चीन से परेशान उसके पड़ोसियों के साथ गठबंधन बनाने की ठान ली है, इसीलिए आस्ट्रेलिया, वियतनाम, फिलीपींस जैसे देशों के साथ जापान ने इसकी चर्चा भी शुरू कर दी है।

आस्ट्रेलिया और जापान के बीच तो पिछले महीने सात अरब डालर से अधिक का ऐतिहासिक युद्धपोत समझौता हुआ है। अब जापान की ओर से आस्ट्रेलिया को 11 उन्नत मोगामी श्रेणी के फ्रिगेड दिए जाएंगे। जापानी कंपनी मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्री इस फ्रिगेट को तैयार करेगी। इस समझौते से भी चीन परेशान है। चीन, जापान से इस बात से नाराज है कि वह ताइवान का समर्थन क्यों कर रहा है, जबकि जापान अब ताइवान के प्रति चीन की आक्रमता को रोकने के लिए हर कदम उठाने को तैयार है। इसमें उसे अमेरिका का भी पूरा साथ मिल रहा है।

अमेरिकी रक्षा कंपनियां ताइवान को बड़े पैमाने पर हथियारों की आपूर्ति करती हैं। जरूरत पड़ने पर जापान भी अमेरिका जैसा ही कदम उठा सकता है। यदि ऐसा होता है तो चीन के लिए मुश्किल बढ़ेगी ही कम नहीं होगी। हाल में ही जापान और इंडोनेशिया के बीच ऊर्जा के साथ ही रक्षा समझौता भी हुआ है। इंडोनेशिया और चीन के बीच भी तनाव है। ऐसे में विरोधी देशों के एक मंच पर आने से चीन चिंतित है। उसे लगता है कि उसकी बढ़ती दादागिरी को रोकने के लिए यदि ये सभी देश एकजुट होंगे, तो उसकी शक्तियां कमजोर होंगी।

जापान, ताइवान को अपनी फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस मानता है। यही वजह है कि वह ताइवान के पास स्थित योनागुनी द्वीप पर अब मिसाइल बेस बना रहा है। चीन चाहता है कि जापान किसी भी स्थिति में ताइवान का साथ न दे, लेकिन खुद की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जापान पूरी शिद्दत के साथ ताइवान के साथ खड़ा है।

## आमने सामने



हम (ईरान) समुद्री लुटेरों जैसे हैं। समुद्र में एक सैन्य कार्रवाई के दौरान उनके कर्मचारी ने एक जहाज को आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया और फिर उसे निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने कहा, अपना जहाज घुमा दो! तुरंत इंजन कक्ष खाली करो। आप देख सकते हैं कि सभी लोग वहां से भाग रहे हैं।

**–डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति

अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरानी जहाजों पर गैरकानूनी कब्जे को खुलेतौर पर 'समुद्री डकैती' बताया है और बेशर्मी से यह शेखी बघारी है। यह कोई जुबान फिसलने का मामला नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय समुद्री आवाजाही के खिलाफ उनके आपराधिक कृत्यों की एक सीधी और गंभीर स्वीकारोक्ति थी।

**–इस्माइल बगाई**
प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय, ईरान



# मुक्त व्यापार समझौते और भारतीय उद्योग



**रजत मेहरोत्रा**
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

वैश्विक अर्थव्यवस्था तेजी से एक नए व्यापारिक ढांचे की ओर बढ़ रही है, जहां देशों के बीच प्रतिस्पर्धा केवल उत्पादन या लागत तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि बाजार तक पहुंच, टैरिफ नीति और सप्लाई चेन एकीकरण पर भी निर्भर हो गई है। भारत इस परिवर्तन के केंद्र में उभर रहा है और पिछले कुछ वर्षों में उसने मुक्त व्यापार समझौतों (Free Trade Agreements– FTA) के माध्यम से वैश्विक व्यापार में अपनी स्थिति मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वर्तमान समय में भारत का कुल वस्तु एवं सेवा व्यापार लगभग 1.7 ट्रिलियन डॉलर से अधिक के स्तर पर पहुंच चुका है, जो यह दर्शाता है कि भारत तेजी से वैश्विक व्यापार का एक प्रमुख खिलाड़ी बन रहा है।

भारत-यूएई के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (CEPA) लागू होने के बाद द्विपक्षीय व्यापार FY24 में लगभग 83–84 अरब डॉलर रहा और FY25 में यह 85 अरब डॉलर के आसपास पहुंचने का अनुमान है, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि सही रणनीति के साथ ऐसे समझौते निर्यात वृद्धि को गति दे सकते हैं। इसी प्रकार, भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (ECTA) के तहत भारत के लगभग 100 प्रतिशत निर्यात को ऑस्ट्रेलिया में ड्यूटी-फ्री एक्सेस प्राप्त हुआ है, जिससे इंजीनियरिंग गुड्स, टेक्सटाइल और फार्मा जैसे क्षेत्रों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिली है। इसके साथ ही, भारत-यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ के साथ उन्नत स्तर की वार्ताएं यह संकेत देती हैं कि भारत अब वैश्विक व्यापार नेटवर्क में अपनी स्थिति को और मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

> FTA भारत के लिए एक 'ग्रोथ मल्टीप्लायर' के रूप में कार्य कर सकते हैं। टैरिफ में कमी के कारण भारतीय उत्पाद वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाते हैं।

एक वित्तीय और आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो FTA भारत के लिए एक 'ग्रोथ मल्टीप्लायर' के रूप में कार्य कर सकते हैं। टैरिफ में कमी के कारण भारतीय उत्पाद वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाते हैं, जिससे निर्यात में वृद्धि होती है और विदेशी मुद्रा आय बढ़ती है। इसके साथ ही, यह समझौते विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) को भी आकर्षित करते हैं, क्योंकि वैश्विक कंपनियां भारत को एक निर्यात हब के रूप में देखने लगती हैं। 'चाइना प्लस वन' रणनीति के तहत कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी सप्लाई चेन को विविध बनाना चाहती हैं, और भारत इस अवसर का लाभ उठा सकता है। विशेष रूप से ऑटो कंपोनेंट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति मजबूत हो सकती है, जिससे रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

इन अवसरों के साथ कई महत्वपूर्ण चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि क्या भारतीय उद्योग, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (MSME), वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जब टैरिफ कम होते हैं, तो विदेशी उत्पाद भारतीय बाजार में सस्ते हो जाते हैं, जिससे घरेलू उद्योगों पर दबाव बढ़ता है। यदि भारतीय कंपनियां लागत, गुणवत्ता और तकनीक के स्तर पर प्रतिस्पर्धी नहीं बन पातीं, तो यह स्थिति उनके लिए नुकसानदेह हो सकती है। इसके अलावा, कई मामलों में FTA के बाद आयात तेजी से बढ़ते हैं, जबकि निर्यात अपेक्षाकृत धीमी गति से बढ़ते हैं, जिससे व्यापार घाटा बढ़ने का जोखिम बना रहता है। यह स्थिति मुद्रा पर दबाव डाल सकती है और व्यापक आर्थिक संतुलन को प्रभावित कर सकती है।

कृषि क्षेत्र इस संदर्भ में और भी संवेदनशील है, क्योंकि भारत की बड़ी आबादी इस पर निर्भर है। यदि कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क कम होते हैं, तो विदेशी सस्ते उत्पाद भारतीय बाजार में प्रवेश कर सकते हैं, जिससे किसानों की आय प्रभावित हो सकती है, हालांकि भारत ने हालिया समझौतों में डेयरी और कुछ अन्य संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित रखने की रणनीति अपनाई है, जो एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। फिर भी, यह आवश्यक है कि कृषि क्षेत्र को प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए तकनीकी सुधार, भंडारण और सप्लाई चेन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाए।

वित्तीय बाजारों के दृष्टिकोण से FTA का प्रभाव बहुआयामी होता है। निर्यात-उन्मुख कंपनियों जैसे आईटी, फार्मा, टेक्सटाइल और इंजीनियरिंग सेक्टर को इससे लाभ मिल सकता है, जिससे उनके शेयरों में सकारात्मक रुझान देखने को मिल सकता है। इसके विपरीत, आयात-निर्भर उद्योगों पर दबाव बढ़ सकता है। यदि FTA के कारण निर्यात में वृद्धि होती है, तो इससे रुपये को स्थिरता मिल सकती है और विदेशी निवेश (FDI) में वृद्धि हो सकती है। वहीं, यदि व्यापार घाटा बढ़ता है, तो यह मुद्रा और शेयर बाजार दोनों के लिए चुनौती बन सकता है, इसलिए निवेशकों के लिए यह आवश्यक है कि वे सेक्टर-आधारित रणनीति अपनाएं और उन कंपनियों पर ध्यान दें, जिनकी वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता मजबूत है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

## तब ट्रंप फ्रेंच बोल रहे होते

ब्रिटेन के महाराजा किंग चार्ल्स थर्ड ने व्हाइट हाउस के राजकीय भोज में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उन्हीं के अंदाज़ में करारा जवाब दिया और वह भी इतनी शालीनता से कि ट्रंप खुद तालियां बजाने पर मजबूर हो गए।

ट्रंप अक्सर यूरोपीय देशों पर तंज कसते हुए कहते रहे हैं कि अगर अमेरिका द्वितीय विश्व युद्ध में मदद न करता, तो आज यूरोप जर्मन भाषा बोल रहा होता। इस बार किंग चार्ल्स ने उसी तर्ज पर जवाब देते हुए कहा, "मिस्टर प्रेसिडेंट, आपने हाल ही में टिप्पणी की थी कि अगर अमेरिका न होता, तो यूरोप जर्मन बोल रहा होता। तो मैं यह कहने का साहस करता हूं कि अगर हम ब्रिटिश न होते तो आज आप फ्रेंच बोल रहे होते।"



**संजय किशोर**
वरिष्ठ पत्रकार

यह टिप्पणी 250 साल पुराने उस इतिहास की याद दिलाती है, जब उत्तरी अमेरिका पर कब्ज़े के लिए ब्रिटेन और फ्रांस के बीच भीषण युद्ध छिड़ा था। चार्ल्स के इस 'ऐतिहासिक पंच' से पूरा डिनर हॉल ठहाकों से गूंज उठा।

महाराजा ने ट्रंप के उस 400 मिलियन डॉलर के भव्य बॉलरूम पर भी निशाना साधा, जिसे उन्होंने व्हाइट हाउस के ईस्ट विंग में बनवाया है। चार्ल्स ने मुस्कुराते हुए कहा, "हम ब्रिटिशों ने भी 1814 में व्हाइट हाउस के रियल स्टेट रिडेवलपमेंट का प्रयास किया था।"

यह इशारा उस ऐतिहासिक घटना की तरफ था जब 1812 के युद्ध के दौरान ब्रिटिश सैनिकों ने व्हाइट हाउस को जला दिया था। ट्रंप, जो खुद एक दिग्गज रियल एस्टेट कारोबारी रहे हैं, इस चुटकी पर अपनी हंसी नहीं रोक सके।

भोज के दौरान किंग चार्ल्स ने राष्ट्रपति ट्रंप को एक अनूठा उपहार भेंट किया, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1944 में लॉन्च हुई ब्रिटिश पनडुब्बी HMS Trump की मूल घंटी। इस मौके पर महाराजा ने मजाकिया लहजे में कहा, "यह हमारे देशों के साझा इतिहास और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है और भविष्य में जब भी आपको हमारी ज़रूरत पड़े बस एक 'रिंग' (घंटी/फोन) दे देना।"

यह राजकीय यात्रा ईरान युद्ध, NATO और यूक्रेन जैसे मुद्दों पर जारी तनाव के बीच हुई है। विश्लेषकों का मानना है कि किंग चार्ल्स का यह अंदाज़ दरअसल एक 'Charm Offensive' था। यानी हंसी-मज़ाक और इतिहास की आड़ में कड़वाहट को कम करने की एक सोची-समझी कोशिश और फिलहाल तो ऐसा लगता है कि किंग चार्ल्स अपनी इस चाल में कामयाब रहे हैं।

**–फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

## शक्ति की ओर बढ़ती आधी आबादी

लोकतंत्र की सार्थकता केवल मतदान की ऊंची दरों में नहीं, बल्कि विधायी सदनों के भीतर प्रतिनिधित्व की वास्तविक समावेशिता में निहित है। प्रश्न यह है कि क्या बढ़ती चुनावी भागीदारी सत्ता-संरचना में समान हिस्सेदारी में भी रूपांतरित हो रही है? राजस्थान के सात दशकों का विधायी अनुभव इस प्रश्न का एक ऐसा सांख्यिकीय उत्तर प्रस्तुत करता है, जो स्थापित राष्ट्रीय धारणाओं को चुनौती देते हुए संख्या से शक्ति की ओर बढ़ती आधी आबादी के एक नए और सशक्त यथार्थ को उजागर करता है।

लोकतांत्रिक शासन-व्यवस्था की जीवंतता केवल चुनावों की नियमितता या मतदाता भागीदारी की ऊंची दर से नहीं आंकी जा सकती; उसकी वास्तविक कसौटी इस बात में निहित होती है कि वह अपने नागरिकों को किस हद तक समावेशी, संतुलित और प्रभावी प्रतिनिधित्व प्रदान करती है। हाल के लोकसभा चुनावों के प्रथम चरण में पश्चिम बंगाल में दर्ज 92.72 प्रतिशत मतदान यह संकेत अवश्य देता है कि भारतीय मतदाता लोकतंत्र के प्रति अत्यंत सजग है, किंतु इसके समानांतर एक मूलभूत प्रश्न अब भी प्रासंगिक बना हुआ है कि क्या यह व्यापक भागीदारी सत्ता-संरचना में समान प्रतिनिधित्व में भी रूपांतरित हो रही है? महिला प्रतिनिधित्व इसी प्रश्न की सबसे सटीक कसौटी है। जब हम लोकसभा तथा राजस्थान विधानसभा के आंकड़ों को साथ रखकर देखते हैं, तो एक ऐसा परिदृश्य उभरता है, जो स्थापित धारणाओं को चुनौती देता है।



**डॉ. कैलाश चंद सैनी**
पूर्व मुख्य अंवेषण एवं संदर्भ अधिकारी

सामान्य धारणा यह रही है कि राष्ट्रीय राजनीति प्रतिनिधित्व के प्रश्नों पर अपेक्षाकृत अधिक प्रगतिशील होती है, जबकि क्षेत्रीय राजनीति परंपरागत सामाजिक संरचनाओं से अधिक प्रभावित रहती है, किंतु महिला प्रतिनिधित्व के संदर्भ में राजस्थान का अनुभव इस धारणा को उलट देता है।

1952 से 2023 तक की 16 विधानसभाओं में कुल 2080 सीटों पर हुए चुनावों में 330 बार महिलाओं ने विजय प्राप्त की है, जो औसतन 11 प्रतिशत से अधिक है। इसके विपरीत, 18 लोकसभाओं के लिए हुए कुल 9573 निर्वाचनों में केवल 745 महिलाएं ही निर्वाचित हो सकी हैं, जो लगभग 7.78 प्रतिशत है। यह 3.22 प्रतिशत का अंतर मात्र सांख्यिकीय नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक संकेत का द्योतक है कि राजस्थान के मतदाताओं ने राष्ट्रीय औसत की तुलना में महिला नेतृत्व पर अधिक भरोसा जताया है, जहां राष्ट्रीय स्तर पर वृद्धि धीमी किंतु अपेक्षाकृत स्थिर रही है, वहीं राजस्थान में अवसर अधिक दिखाई देते हैं, पर उनकी निरंतरता उतनी सुनिश्चित नहीं है।

लोकसभा में राजस्थान की महिलाओं की उपस्थिति का इतिहास स्वयं में एक उतार-चढ़ावपूर्ण यात्रा का द्योतक है। पहली, दूसरी और छठी लोकसभा में राजस्थान से एक भी महिला सांसद निर्वाचित नहीं हुई। 1952 से 2024 तक राजस्थान से कुल 22 महिलाओं ने लोकसभा में प्रवेश किया, जिन्होंने कुल मिलाकर 34 बार विजय प्राप्त की।

इन 22 महिलाओं में से केवल छह ऐसी रही हैं, जिन्होंने एकाधिक बार लोकसभा में स्थान बनाया। वसुंधरा राजे का पांच बार निर्वाचित होना, डॉ. गिरिजा व्यास का चार बार तथा राजमाता गायत्री देवी का तीन बार संसद पहुंचना इस प्रवृत्ति के उदाहरण अपवादस्वरूप हैं। 16 महिलाएं ऐसी रही हैं जो केवल एक बार ही लोकसभा तक पहुंच सकीं। यह स्थिति एक स्पष्ट संदेश देती है कि राजनीति में महिलाओं के लिए प्रवेश अब संभव है, पर स्थायित्व अभी भी चुनौतीपूर्ण है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# समर में मेकअप से दें खुद को कूल लुक



गर्मियों का मौसम आते ही स्किन केयर और मेकअप रूटीन दोनों में बदलाव जरूरी हो जाता है। तेज धूप, पसीना, धूल और बढ़ती ऑयल प्रोडक्शन की वजह से मेकअप जल्दी पिघल जाता है और चेहरा डल दिखने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि हम ऐसा मेकअप करें जो हल्का, फ्रेश, स्किन-फ्रेंडली और लंबे समय तक टिकने वाला हो। हम जानेंगे कि गर्मियों में कैसा मेकअप करना चाहिए, न्यूड मेकअप को कैसे परफेक्ट तरीके से कैरी करें और किन नई टिप्स को अपनाकर आप अपने लुक को और बेहतर बना सकती हैं।



नूर हिना खान
लेखिका



### प्राइमर का करें इस्तेमाल

अक्सर लोग इस स्टेप को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन गर्मियों में प्राइमर बहुत जरूरी होता है।

- ऑयली स्किन के लिए मैटिफाइंग प्राइमर चुनें
- ड्राय स्किन के लिए हाइड्रेटिंग प्राइमर बेहतर रहेगा
- प्राइमर मेकअप को लंबे समय तक सेट रखता है और पसीने से खराब होने से बचाता है।

### स्किन प्रेप है सबसे जरूरी

गर्मियों में मेकअप से पहले स्किन को सही तरीके से तैयार करना सबसे अहम स्टेप है।

- सबसे पहले माइल्ड फेस वॉश या जेल बेस्ड क्लींजर से चेहरा साफ करें।
- उसके बाद अल्कोहल-फ्री टोनर लगाएं, जिससे पोर्स टाइट रहें।
- लाइट, ऑयल-फ्री मॉइश्चराइजर लगाएं और सबसे जरूरी सनस्क्रीन जरूर लगाएं।
- बाहर निकलने से 15-20 मिनट पहले सनस्क्रीन लगाना न भूलें। स्किन जितनी हाइड्रेटेड और प्रोटेक्टेड होगी, मेकअप उतना ही स्मूद और टिकाऊ लगेगा।

### हैवी फाउंडेशन से बचें

गर्मियों में हैवी फाउंडेशन लगाने से चेहरा केकी, पसीनेदार और ऑयली लग सकता है।

- इसके बजाय BB क्रीम या CC क्रीम का इस्तेमाल करें।
- लाइट-वेट, वाटर-बेस्ड फाउंडेशन चुनें।
- जहां जरूरत हो, वहीं कंसीलर लगाएं (स्पॉट करेक्शन)। इससे आपका मेकअप नेचुरल, लाइट और स्किन-लाइक दिखेगा।

### न्यूड मेकअप- सबसे बेस्ट ऑप्शन

गर्मियों के लिए न्यूड मेकअप लुक सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है, क्योंकि ये सिंपल, एलिगेंट और नेचुरल होता है।

### कैसे करें न्यूड मेकअप

- **बेस :** हल्का व स्किन टोन से मैच करता हुआ रखें।
- **आई मेकअप:** ब्राउन, पीच, बेज या सॉफ्ट न्यूड शेड्स।
- **ब्लश :** हल्का पिंक, पीच या कोरल रखें।
- **हाईलाइटर :** बहुत हल्का, सिर्फ नैचुरल ग्लो के लिए
- **लिपस्टिक:** न्यूड, पीच, रोज या लाइट पिंक न्यूड मेकअप का मकसद है कि आप मेकअप में भी नेचुरल और फ्रेश दिखें।

### आई मेकअप हल्का रखें

- गर्मियों में स्मोकी या हैवी आई मेकअप से बचना चाहिए, क्योंकि ये जल्दी स्मज हो सकता है।
- लाइट और मैट आईशैडो यूज करें, वॉटरप्रूफ काजल और मस्कारा लगाएं, आईलाइनर पतला रखें।
- इससे आपका लुक क्लीन, फ्रेश और डे-फ्रेंडली लगेगा।

### कम से कम प्रोडक्ट्स करें यूज

गर्मी में ज्यादा मेकअप करने से पसीना आता है और मेकअप जल्दी खराब हो जाता है।

**मिनिमल मेकअप रखें, मल्टी-यूज प्रोडक्ट्स** (जैसे लिप-एंड-चीक टिंट) का इस्तेमाल करें। "Less is more" गर्मियों के लिए सबसे परफेक्ट मंत्र है।

**सेटिंग पाउडर और सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल**
मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग बनाने के लिए हल्का सेटिंग पाउडर लगाएं (खासतौर पर T-zone पर) और अंत में सेटिंग स्प्रे जरूर यूज करें। इससे मेकअप पिघलेगा नहीं और पूरे दिन फ्रेश बना रहेगा।

**मैट और ऑयल-फ्री प्रोडक्ट्स चुनें-** गर्मियों में स्किन ज्यादा ऑयली हो जाती है, इसलिए सही प्रोडक्ट चुनना जरूरी है।

**मैट फिनिश मेकअप प्रोडक्ट्स यूज करें**
ऑयल-फ्री और नॉन-कॉमेडोजेनिक प्रोडक्ट्स चुनें। इससे चेहरा ज्यादा शाइनी नहीं लगेगा और एक सॉफ्ट मैट लुक मिलेगा।

### नई और जरूरी टिप्स

- अपने बैग में फेस मिस्ट रखें, जिससे स्किन तुरंत फ्रेश लगेगी।
- ब्लॉटिंग पेपर से एक्स्ट्रा ऑयल हटाएं, बिना मेकअप खराब किए। ये छोटे स्टेप्स आपके लुक को पूरे दिन मेंटेन रखने में मदद करते हैं।

### हाइड्रेशन और डाइट का रखें ध्यान

गर्मी में सिर्फ बाहर से नहीं, अंदर से भी स्किन का ख्याल रखना जरूरी है।

- ज्यादा पानी पिएं, फ्रूट्स (जैसे तरबूज, खीरा) डाइट में शामिल करें। हेल्दी स्किन पर मेकअप खुद-ब-खुद अच्छा लगता है।

गर्मियों में मेकअप का मतलब है हल्का, फ्रेश और नेचुरल लुक। हैवी और लेयर्ड मेकअप से बचते हुए अगर आप न्यूड मेकअप अपनाती हैं, तो आप बिना ज्यादा मेहनत के भी खूबसूरत और एलिगेंट दिख सकती हैं। सही स्किन प्रेप, हल्के प्रोडक्ट्स, मैट फिनिश और न्यूड टोन के साथ आप हर दिन एक परफेक्ट समर लुक पा सकती हैं।

**टिप :** हमेशा अपने स्किन टाइप के हिसाब से प्रोडक्ट्स चुनें, दिन में 2-3 बार फेस क्लीन रखें और जरूरत पड़ने पर मेकअप को हल्का टच-अप जरूर दें, ताकि आपका लुक पूरे दिन फ्रेश और ग्लोइंग बना रहे।

ओटीटी

## स्वराज्य की कहानी अधूरी प्रभावशीलता




फिल्म राजा शिवाजी, छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, संघर्ष और उनके "स्वराज्य" के विचार को बड़े पैमाने पर प्रस्तुत करने की कोशिश करती है। यह केवल एक ऐतिहासिक फिल्म नहीं, बल्कि उनकी सोच, साहस और नेतृत्व को दर्शाने वाली एक सिनेमैटिक यात्रा है। निर्देशक रितेश देशमुख ने फिल्म को भव्यता और भावनात्मक गहराई के साथ पेश करने का प्रयास किया है। फिल्म का टोन गंभीर और प्रेरणादायक है, जिसमें शिवाजी महाराज की रणनीति और संघर्ष को प्रमुखता दी गई है। फिल्म का सबसे मजबूत पक्ष इसका विजुअल स्केल है। सेट डिजाइन, लोकेशन, कॉस्ट्यूम और सिनेमैटोग्राफी मिलकर एक प्रभावशाली ऐतिहासिक माहौल बनाते हैं। बैकग्राउंड स्कोर भी कई दृश्यों को और असरदार बनाता है। हालांकि, फिल्म की कमजोरी इसकी लंबाई और धीमी गति है। कई जगह कहानी खिंचती है और स्क्रीनप्ले में कसावट की कमी दिखती है। कुछ सीन अनावश्यक रूप से लंबे और ज्यादा नाटकीय लगते हैं। रितेश देशमुख का अभिनय ईमानदार है, लेकिन कुछ दृश्यों में और प्रभाव की गुंजाइश थी। सलमान खान का कैमियो आकर्षक है। कुल मिलाकर, यह फिल्म भव्य और प्रेरणादायक है, जो शिवाजी महाराज की विरासत को सम्मानपूर्वक प्रस्तुत करती है, हालांकि बेहतर संपादन इसे और प्रभावशाली बना सकता था।

*समीक्षक-प्रदीप शर्मा*

## भव्यता और फैंटेसी का कॉम्बो

मिथुन मैनुअल थॉमस की डायरेक्ट की हुई और जयसूर्या स्टारर मलयालम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आडू 3: वन लास्ट राइड - पार्ट 1' ZEE5 पर स्ट्रीमिंग के लिए अवेलेबल है। इस फ्रेंचाइजी का तीसरा पार्ट होने के कारण, जिसके बहुत बड़े फैन बेस हैं, फिल्म ने काफी चर्चा बटोरी है। इसने बॉक्स ऑफिस पर 120 करोड़ का बिजनेस किया है। आडू शब्द का मतलब बकरी है। फ्रेंचाइजी के पहले पार्ट में, शाजी पपन (जयसूर्या) और उनकी टीम रस्साकशी के खेल में एक मैच जीतते हैं और विनर के तौर पर उन्हें एक बकरी गिफ्ट में मिलती है। बकरी और टीम के कैरेक्टर्स का कॉम्बिनेशन पहले पार्ट में एक जबरदस्त कॉमेडी देता है। पहले पार्ट के बाद, शाजी पप्पन (जयसूर्या), अरक्कल अबू (सैजू कुरुप) और "ड्यूड" (विनायकन) के कैरेक्टर इंटरनेट कल्चर और मीम सर्कल में बहुत पॉपुलर हो गए।



आडू 3 कॉमेडी से ज्यादा भव्यता और फैंटेसी को प्राथमिकता देती है। नो डाउट फिल्म हमें एंटरटेन करती हैं, लेकिन आडू फ्रेंचाइजी अपनी लगातार, रियलिस्टिक और मजेदार कॉमेडी के लिए जानी जाती है। 3 में इसकी कुछ कमी है। फिल्म एक नॉन-लीनियर, मल्टी-टाइमलाइन अप्रोच का इस्तेमाल करती है, जो कैरेक्टर्स को 1700 के दशक में ले जाती है। आडू 3: वन लास्ट राइड- पार्ट 1' को एक एम्बिशियस प्रोजेक्ट के तौर पर देखा जा रहा है, जो सीरीज की जानी-मानी टाइट, कैओटिक कॉमेडी से ज्यादा भव्यता को प्राथमिकता देता है। अगर आप इन कैरेक्टर्स के डाई-हार्ड फैन हैं, तो यह फिल्म आपको एक नॉस्टैल्जिक एक्सपीरियंस दे सकती है।

*समीक्षा: शिवकांत पालवे*



## पति-पत्नी और वो दो
## रिलीज हुआ ट्रेलर




'पति-पत्नी और वो दो' के ट्रेलर के रिलीज होने से पहले, अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और जनप्रिय हास्य शैली के लिए पहचाने जाने वाले निर्देशक मुदस्सर अजीज एक बार फिर एक भरपूर मनोरंजन करने वाली फिल्म के साथ लौट रहे हैं। अपनी लेखनी और निर्देशन से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाले मुदस्सर इस बार आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह जैसे कलाकारों से सजी एक बहु-कलाकार फिल्म लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म हास्य, उलझन और रोजमर्रा की परिस्थितियों से जुड़ी एक पारिवारिक मनोरंजक कहानी होने का वादा करती है। आयुष्मान के साथ काम करने पर बात करते हुए मुदस्सर ने कहा, 'मेरा मानना है कि आयुष्मान खुराना देश के सबसे पसंदीदा ऐसे 'अच्छे इंसान' हैं, जो परिस्थितियों में फंस जाते हैं। पिछले एक दशक में इस प्रकार की फिल्मों में उनका काम उत्कृष्ट रहा है। मुझे गर्व है कि इस बार मैं उनके दर्शकों के सामने एक ऐसा आयुष्मान प्रस्तुत कर रहा हूं, जो अपनी ही परिस्थिति का समाधान भी है। प्रजापति पांडे ने स्वयं को निभाने के लिए आयुष्मान खुराना को चुना है।

फिल्म श्रृंखला के बारे में बात करते हुए मुदस्सर ने 'पति पत्नी और वो दो' के विकास पर जोर दिया और संकेत दिया कि यह फिल्म अपने मूल हास्य तत्वों को बनाए रखते हुए एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करेगी। अनेक कलाकारों के साथ काम करने में दक्ष, मुदस्सर ने सेट पर कलाकारों के बीच तालमेल को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, "परिस्थिति-आधारित हास्य में कई किरदारों की कहानी को साथ लेकर चलना एक प्रभावशाली पटकथा की मांग करता है। केवल हास्य प्रसंगों पर निर्भर न रहकर, किरदारों को परिस्थितियों में रखना जरूरी होता है, ताकि उनके चरित्र की यात्रा बनी रहे। जहां तक हास्य की लय का सवाल है, मैं स्वयं को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे इस फिल्म में 6-7 उत्कृष्ट कलाकारों के साथ काम करने का अवसर मिला और इसका श्रेय उन्हें भी उतना ही जाता है, जितना मुझे।" 'पति पत्नी और वो दो' अपने मूल में पारंपरिक देसी हास्य को आधुनिक अंदाज के साथ प्रस्तुत करती है, जिसमें उलझन, अफरा-तफरी और रोजमर्रा के रिश्तों से उपजे हंसी के क्षण शामिल हैं। फिल्म अपनी जड़ों से जुड़ी सादगी को बनाए रखते हुए, विचित्र किरदारों और परिस्थिति-आधारित हास्य के माध्यम से मनोरंजन को और ऊंचाई देती है, जो इसे एक आदर्श पारिवारिक फिल्म बनाती है। यह फिल्म 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के लिए तैयार है। मनोरंजन से भरपूर इस यात्रा के लिए तैयार हो जाइए।

## बाल कलाकार से दिग्गज अभिनेत्री तक

74 वर्ष की उम्र में भी अपनी जीवंत उपस्थिति से दर्शकों को आकर्षित करने वाली अभिनेत्री अरुणा ईरानी हिंदी सिनेमा का एक ऐसा नाम हैं, जिन्होंने लंबे समय तक अपने अभिनय और नृत्य से दर्शकों के दिलों पर राज किया। तीन मई 1952 को मुंबई में जन्मी अरुणा ने बेहद कम उम्र में फिल्मी दुनिया में कदम रखा और देखते ही देखते सैकड़ों फिल्मों का हिस्सा बन गईं।

जिंदगी का सफर



अरुणा ईरानी ने अपने करियर की शुरुआत 1961 में गंगा जमुना से की, जिसमें उन्होंने एक बाल कलाकार के रूप में काम किया। उस समय वे मात्र 9 वर्ष की थीं। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और 300 से अधिक हिंदी फिल्मों में अभिनय किया। उनके करियर की खास पहचान उनके शानदार डांस नंबर रहे, जिनमें "चढ़ती जवानी मेरी चाल मस्तानी" और "दिलबर दिल से प्यारे" जैसे गीत आज भी लोकप्रिय हैं। फिल्म कारवां में उनके अभिनय और नृत्य को विशेष सराहना मिली, जिसने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई। उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ बॉम्बे टू गोवा में भी काम किया, जो उनके करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में गिनी जाती है। इस दौर में उनका नाम कॉमेडियन महमूद के साथ भी जोड़ा गया, जिनके साथ उन्होंने कई फिल्मों में काम किया। अरुणा ईरानी न केवल एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री रहीं, बल्कि उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में नए कलाकारों को आगे बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई।



जितेंद्र, ऋषि कपूर, डिंपल कपाड़िया, जयाप्रदा और संजय दत्त जैसे कलाकारों के शुरुआती दौर में उन्होंने सहयोग दिया। हालांकि इनमें से कई सितारे आगे चलकर सुपरस्टार बने, जबकि अरुणा का सफर मुख्यतः सहायक भूमिकाओं तक सीमित रह गया। फिर भी, उनके अभिनय को अनदेखा नहीं किया जा सकता। उन्हें फिल्मफेयर बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस अवॉर्ड फिल्म "पेट प्यार और पाप" और बेटा के लिए मिला। इसके अलावा 2012 में उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। फिल्मों के साथ-साथ उन्होंने टीवी की दुनिया में भी अपनी पहचान बनाई। "जमाना बदल गया" से छोटे पर्दे पर शुरुआत करने के बाद वे कहानी घर-घर की, झांसी की रानी और देखा एक ख्वाब जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों में नजर आईं। अरुणा ईरानी का सफर संघर्ष, समर्पण और निरंतरता की मिसाल है, जो उन्हें हिंदी सिनेमा की एक खास और सम्मानित शख्सियत बनाता है।

अमृत विचार
बरेली, सोमवार,4 मई 2026
www.amritvichar.com
कारोबार

## सीआईएल-सैम को 918 करोड़ रुपये का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** सीगल इंडिया लिमिटेड ने रविवार को कहा कि उसके संयुक्त उद्यम सीआईएल-सैम इंडिया को जयपुर मेट्रो से डिजाइन और निर्माण कार्यों के लिए 918 .04 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। इस अनुबंध में जयपुर मेट्रो के फेज-2 विस्तार के तहत 10 .8 किलोमीटर के हिस्से में एक ऊंचे वायडक्ट और दस ऊंचे मेट्रो स्टेशनों का डिजाइन और निर्माण शामिल है।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** – तुलसी 2565, राज श्री 1920, फ़ॉर्चून कि. 2695, रविन्द्रा 2480, फॉर्चुन 13kg 2370, जय जवान 2070, सचिन 2320, सूरज 2080, अवसर 2130, उजाला 2060, गृहणी 13 kg 2170, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2285, चक्र टिन 2535, ब्लू 2410, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2520

**किराना** – निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल (प्रति कु0)**– डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400

**दाल दलहन**– मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10700–12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000–11600, अरहर कोरी छोटी 12600

**चीनी**– द्वारकेश 4300, बहेड़ी 4280, सितारगंज 425

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम** – सोना पक्के आभूषण 151800,सोना गिन्नी 147800, चांदी (पक्की) 2470 (अनुमानित )

## बिजनेस ब्रीफ

### यूनिलीवर को बिक्री बढ़ने की उम्मीद : सीईओ

**नई दिल्ली।** यूनिलीवर के सीईओ फर्नांडो फर्नांडीज ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति शृंखला में बाधाओं तथा कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से पैकेजिंग लागत बढ़ने के बीच भारत जैसे बाजारों में स्थानीय प्रतिस्पर्धा घट रही है, जिससे यूनिलीवर को घरेलू देखभाल श्रेणी में मात्रा वृद्धि को समर्थन मिल सकता है। कहा–वैश्विक बाजार में आपूर्ति बाधाओं से अवसर उत्पन्न हो रहे हैं और कंपनी की बहुध्रुवीय आपूर्ति शृंखला सुदृढ़ बनी हुई है।

### रेडिसन का भारत में 160 होटल करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** रेडिसन होटल ग्रुप को उम्मीद है कि वह दिसंबर 2026 तक भारत में अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाकर 157–160 परिचालन वाले होटलों और 19,000–19,500 कमरों तक ले जाएगा। कंपनी के दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी निखिल शर्मा ने बताया कि समूह 2030 तक भारत में 500 होटलों के अपने लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है। शर्मा ने कहा कि इस समय हमारे पास 17,000 कमरे परिचालन में हैं। इस साल 18 और होटल खुलने वाले हैं, जिससे हम 2,000 से 2,500 कमरे और जोड़ रहे हैं।

# दमदार शुरुआत : बाजार में 42 प्रतिशत हुई मारुति की हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने नए वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत 42 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ की है, जो पिछले वित्त वर्ष के 39 प्रतिशत से अधिक है।

उद्योग के अनुमानों के अनुसार कंपनी ने अप्रैल में 1,91,122 इकाइयों की रिकॉर्ड घरेलू बिक्री दर्ज की और इस महीने बाजार हिस्सेदारी में लगभग तीन प्रतिशत की वृद्धि की है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री), पार्थो बनर्जी ने बताया, हालांकि कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि की अगुवाई उसकी यात्री कारों ने की है, लेकिन इसमें एसयूवी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि हमने अप्रैल में रिकॉर्ड बिक्री के साथ नए वित्त वर्ष की शानदार शुरुआत की है और बाजार हिस्सेदारी भी हासिल की है। कंपनी की इससे पहले की सबसे अधिक घरेलू बिक्री दिसंबर 2025 में 1,82,165 इकाइयों की थी। इस साल अप्रैल में यात्री कारों की बिक्री 96,725 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 68,244 इकाई थी। बनर्जी ने कहा कि एसयूवी में 55,065 इकाइयों की अब तक की सबसे अधिक बिक्री की है, जो पिछले वर्ष से 141.6 प्रतिशत अधिक है।

# साइबर सुरक्षा के लिए आईटी पर खर्च बढ़ाएंगे सरकारी बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अपनी प्रणाली को सुरक्षित करने, ग्राहक डेटा की रक्षा करने और मौद्रिक संसाधनों को बचाने के लिए आईटी खर्च बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। यह कदम एंथ्रोपिक के 'क्लाउड माइथोस' एआई टूल और वित्तीय डेटा सुरक्षा पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर वैश्विक चिंताओं के बीच उठाया जा रहा है।

माइथोस की उन्नत कोडिंग क्षमताएं इसे साइबर सुरक्षा की कमजोरियों का पता लगाने और उनका फायदा उठाने के तरीके विकसित करने की अभूतपूर्व क्षमता प्रदान करती हैं। इससे यह चिंता बढ़ गई है कि इसका उपयोग बैंकिंग प्रणालियों को बाधित करने के लिए किया जा सकता है।

माइथोस से पैदा हुए साइबर खतरे से लिया सबक



पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ स्वरूप कुमार साहा ने बताया कि इस नई चुनौती के मद्देनजर बैंकों को अपनी प्रणाली अधिक मजबूत बनाने और साइबर हमलों के संबंध में कमजोरियों को कम करने के लिए निश्चित रूप से आईटी में अपना निवेश बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि बैंक नई तकनीक से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए चालू वित्त वर्ष में अपना आईटी खर्च बढ़ाने जा रहा है। इसके अलावा, यूको बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ अश्विनी कुमार ने कहा कि बैंक का आईटी खर्च पिछले वित्त वर्ष की तुलना में अधिक होने वाला है, और इसका एक बड़ा हिस्सा साइबर सुरक्षा की ओर जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों से अपने आईटी सिस्टम को सुरक्षित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने को कहा था।

### क्या है माइथोस और क्यों बना खतरा

- **माइथोस** (Mythos AI) एंथ्रोपिक कंपनी द्वारा विकसित किया गया एक अत्यंत शक्तिशाली और उन्नत एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) मॉडल है। इसे 2026 में टेस्टिंग से बाहर किया गया और अब तक का सबसे शक्तिशाली एआई मॉडल माना जा रहा है। यह एक 'एजेंटिक' एआई है, जिसका अर्थ है कि यह बिना इंसानी मदद के निर्णय ले सकता है और जटिल कार्यों को अंजाम दे सकता है।
- **क्यों बना खतरा** : माइथोस के खतरे के पीछे मुख्य कारण उसकी कंप्यूटर सिस्टम में खामियां (bugs) खोजने की अभूतपूर्व क्षमता है।
- **सुरक्षा खामियों को खोजना** : माइथोस दुनिया के अधिकांश ऑपरेटिंग सिस्टम और वेब ब्राउज़र की कमजोरियों को ढूंढ सकता है। साथ ही यह बिना मानवीय हस्तक्षेप के बहु-स्तरीय साइबर हमले कर सकता है।
- **डिजिटल बुनियादी ढांचे पर खतरा** : इससे दुनिया भर के बैंकिंग सिस्टम, नेशनल सिक्योरिटी संस्थान और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के ठप होने का डर है। एंथ्रोपिक ने इसे अभी जनता के लिए जारी नहीं किया है, क्योंकि इसके अनधिकृत उपयोग से साइबर सुरक्षा को बड़ा खतरा हो सकता है।

# विधानसभा चुनावों के परिणाम और तेल कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा मुख्य रूप से विधानसभा चुनावों के नतीजों और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतों से तय होने का अनुमान है। विश्लेषकों ने यह बात कही। निवेशक पश्चिम एशिया संघर्ष और हॉर्मुज जलडमरूमध्य से संबंधित घटनाक्रमों पर भी नजर रखेंगे। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी के पांच विधानसभा चुनावों के लिए मतों की गिनती सोमवार, चार मई से शुरू होगी।

लिवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और अनुसंधान विश्लेषक हरिप्रसाद के ने कहा कि सबसे तात्कालिक कारक प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनावों के परिणाम होंगे। निवेशक बारीकी से देख रहे हैं कि क्या केंद्र में सत्तारूढ़ दल पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को हरा सकता है और क्या विपक्ष शासित केरल तथा तमिलनाडु में सार्थक पैठ बना सकता है, जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की इस समय सीमित उपस्थिति है।

स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि इस सप्ताह बाजार शुरुआत में राज्य विधानसभा चुनावों के परिणामों पर प्रतिक्रिया देंगे, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में, जिससे 1-2 दिनों तक उतार-चढ़ाव हो सकता है। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतों में किसी भी नई तेजी से भारतीय शेयरों पर फिर से बिकवाली का दबाव आ सकता है, जबकि कीमतों में निरंतर गिरावट से धारणा में सुधार होने की संभावना है।




### कंपनियों और विदेशी मुद्रा के आंकड़े देंगे संकेत

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों के रुझान के साथ ही प्रमुख आर्थिक आंकड़ों में एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई (चार मई), सेवा और कंपोजिट पीएमआई (छह मई) और विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़े (आठ मई) इस सप्ताह आने हैं, जो आर्थिक गति और बाहरी क्षेत्र की स्थिरता के बारे में संकेत देंगे। इस सप्ताह अंबुजा सीमेंट्स, बीएचईएल, हीरो मोटोकॉर्प, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज ऑटो जैसी प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे घोषित किए जाएंगे।

### मुद्रास्फीति का खतरा

लिवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और अनुसंधान विश्लेषक हरिप्रसाद ने कहा कि कच्चा तेल सबसे महत्वपूर्ण व्यापक आर्थिक कारक बना हुआ है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास चल रहे तनाव के बीच ब्रेंट तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं, जिससे मुद्रास्फीति का जोखिम है। भारत जैसी आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्था के लिए कच्चे तेल की लगातार ऊंची कीमतें रुपये पर दबाव डालती हैं। इसका कॉरपोरेट मार्जिन के साथ ही राजकोषीय गतिशीलता पर भी असर पड़ता है। इसके अलावा व्यापक आर्थिक आंकड़े, चौथी तिमाही के नतीजे और विदेशी निवेशकों के रुख से भी बाजार प्रभावित होगा।

### शीर्ष चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.20 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले सप्ताह कम कारोबारी सत्रों के बावजूद शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में चार के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में 2 .20 लाख करोड़ रुपये का उछाल आया। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 249 .29 अंक चढ़ा।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि मिश्रित वैश्विक और घरेलू संकेतों के बीच कारोबारी माहौल उतार-चढ़ाव भरा और सीमित दायरे वाला रहा। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएम) और बजाज फाइनेंस लाभ में रहे। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी के मूल्यांकन में कुल 1 .24 लाख करोड़ की गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 1 .39 लाख करोड़ बढ़कर 19,36,303 .30 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 43,503 .51 करोड़ बढ़कर 11,49,222 .13 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## निवेश की पाठशाला

# कैसे काम करता है बैरियरलेस टोल सिस्टम

**कारोबार डेस्क**

हाईवे पर सफर करते समय आपको टोल प्लाजा पर रुकना नहीं पड़ेगा। चलते-चलते ही टोल टैक्स कट जाएगा। जीहां! भारत ने पहली बार बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम शुरु कर दिया है। यह तकनीक आपकी यात्रा को तेज और आसान बनाएगी, वहीं जाम, ईंधन खर्च को भी कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। देश का पहला मल्टी-लेन फ्री फ्लो बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम गुजरात के एनएच-48 (सूरत-भरूच सेक्शन) पर शुरू किया गया है।



### यात्रियों के लिए इसका अर्थ

टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारें गायब हो जाने वाली हैं। ये बैरियर-लेस सिस्टम यात्रा का समय और पैसे दोनों की बचत करेगा। इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि आपके फास्टैग से जुड़ा वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर सही हो और उसमें पर्याप्त बैलेंस हो, क्योंकि अब प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और स्वचालित है।

### क्या है नया MLFF सिस्टम?

- अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित इस सिस्टम में मानव हस्तक्षेप की जरूरत नहीं होगी।
- **ANPR तकनीक**: यह ऑटोमैटिक तरीके से वाहन की नंबर प्लेट पहचान लेती है।
- **फास्टैग**: वाहन की गति धीमी किए बिना फास्टैग के जरिए टोल राशि अपने आप कट जाएगी
- **डिजिटल पेमेंट** : 10 अप्रैल से सभी नेशनल हाईवे पर केवल डिजिटल भुगतान (फास्टैग और यूपीआई) अनिवार्य कर दिया गया है।

### चलती गाड़ी से ही कट जाएगा टोल टैक्स

- **मल्टीलेन फ्री फ्लो सिस्टम,** जहां चलती गाड़ी से ही ANPR और FASTag से पैसा कट जाएगा।
- **क्या मुझे टोल देने के लिए गाड़ी रोकनी पड़ेगी ?**

नहीं, गेट पर कोई बैरियर नहीं होंगे। आप सामान्य गति से निकल सकते हैं। प्लाजा पर लगे सेंसर अपने आप भुगतान प्रोसेस कर लेंगे।

- **अगर मेरे पास फास्टैग नहीं है तो क्या होगा ?**

सरकार ने सभी नेशनल हाईवे टोल प्लाजा पर केवल डिजिटल भुगतान अनिवार्य कर दिया है। 10 अप्रैल से नकदी का विकल्प बंद हो चुका है और यूपीआई अनिवार्य कर दिया गया है।

### इस पहल के पीछे विजन ?

- केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह तकनीक-आधारित और पारदर्शी हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है, जिससे यात्रियों का जीवन आसान होगा। यात्रा में उनका समय बचेगा, साथ ही जाम और प्रदूषण से पर्यावरण को होने वाले नुकसान पर कुछ अंकुश लग सकेगा।

### काम की बात

- देश में वाहन चालकों के बीच फास्टैग (FASTag) का उपयोग 98% से अधिक हो चुका है, जिससे टोल कलेक्शन प्रणाली लगभग पूरी तरह बदल चुकी है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने सभी फास्टैग जारी करने वाले बैंकों को निर्देश दिया है कि वे फास्टैग से जुड़े वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर (VRN) की तुरंत जांच करें, जिससे सही व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंच सके।




# कोयला गैसीकरण के लिए 37,500 करोड़ की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी जल्द

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल जल्द ही कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 37,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि कोयला मंत्रालय ने कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने की योजना पर पहले ही एक कैबिनेट नोट तैयार कर लिया है, जिसका वित्तीय परिव्यय 37,500 करोड़ रुपये है। प्रस्तावित योजना का मकसद देश भर में सतह कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं में तेजी लाना है। इसका लक्ष्य एलएनजी, यूरिया, अमोनियम नाइट्रेट, अमोनिया, डीआरआई के जरिये से कोकिंग कोल, मेथनॉल और डीएमई जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं पर आयात निर्भरता कम करके आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। साथ ही, यह ईंधन और रसायनों के उत्पादन के लिए घरेलू कोयला और लिग्नाइट संसाधनों के उपयोग को बढ़ाएगा और 2030 तक 10 करोड़ टन कोयला गैसीकरण क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य का समर्थन करेगा।



उन्होंने कहा कि यह बिना किसी श्रेणी वाली एक एकीकृत योजना है, और एक एकल परियोजना के लिए अधिकतम वित्तीय सहायता 3,000 करोड़ रुपये है। सूत्रों ने बताया कि गैसीकरण परियोजनाओं के लिए पिछली वित्तीय प्रोत्साहन योजना में सरकार ने तीन श्रेणियों के तहत वित्तीय सहायता दी थी, जिसमें निजी क्षेत्र के लिए प्रति परियोजना अधिकतम 1,000 करोड़ रुपये और पीएसयू के लिए प्रति परियोजना 1,350 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन शामिल था।

# एयर इंडिया के निदेशक मंडल की बैठक सात को, लागत कटौती और नए प्रमुख के चयन पर चर्चा संभव

**नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी**

भारी घाटे और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रही टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया का निदेशक मंडल सात मई को होने वाली बैठक में लागत घटाने के उपाय, नए सीईओ के चयन, वित्तीय स्थिति और अन्य मुद्दों पर चर्चा कर सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार, कंपनी को मार्च 2026 में समाप्त वित्त वर्ष में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक का घाटा होने का अनुमान है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कंपनी के समक्ष चुनौतियां और बढ़ गई हैं। सूत्रों ने बताया कि टाटा संस के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन की अध्यक्षता में निदेशक मंडल की बैठक सात मई को मुंबई में होगी। टाटा संस और एअर इंडिया ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। तेजी से बढ़ती विमान ईंधन कीमतों के बीच लागत घटाने के कड़े उपायों के तहत एअर इंडिया टिकट से भोजन और व्यवसाय श्रेणी के यात्रियों के लिए विश्राम कक्ष सुविधा को अलग करने के विकल्प पर विचार कर रही है।



सूत्रों के अनुसार विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों के बीच लागत में कटौती के कड़े उपायों के तहत, एयर इंडिया अब हवाई टिकट से भोजन की सुविधा को अलग करने पर विचार कर रही है।

### गर्मी से डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा को कंपनियों ने बढ़ाए कदम

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के बीच तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन व्यापार और त्वरित वितरण क्षेत्र से जुड़े लाखों अस्थायी कर्मचारियों (गिग वर्कर) की कार्य परिस्थितियां फिर चर्चा में हैं। शहरों में दोपहिया वाहनों पर डिलीवरी करने वाले इन कर्मचारियों को गर्मी के मौसम में पानी की कमी, थकावट और लू लगने का अधिक खतरा रहता है। समय पर डिलीवरी के दबाव और तय लक्ष्यों के कारण उन्हें दिन के सबसे गर्म समय में भी काम करना पड़ता है।

इस स्थिति को देखते हुए ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन, जोमैटो, स्विगी और जेप्टो जैसी प्रमुख कंपनियों ने अपने अग्रिम पंक्ति के कार्यबल को राहत देने के लिए कई विशेष उपायों की घोषणा की है। अमेजन ने 'प्रोजेक्ट आश्रय' के तहत प्रमुख शहरों में 100 वातानुकूलित विश्राम केंद्र शुरू किए हैं, जहां बैठने की सुविधा, शौचालय और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था है। इन केंद्रों का उपयोग अन्य कंपनियों के डिलीवरी कर्मी भी कर सकते हैं। इन केंद्रों पर हर महीने डेढ़ लाख से अधिक डिलीवरी कर्मियों को स्वच्छ पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाएं मिलती हैं।

## कबाड़ वाहन नियम

**पर्यावरण संरक्षण नियमावली 2025 के तहत वाहन विनिर्माताओं को करने होंगे बजटीय प्रावधान**

# वाहन उद्योग को 25,000 करोड़ के नुकसान की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग को वित्त वर्ष 2025-26 के शुद्ध लाभ में लगभग 25,000 करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका है, क्योंकि पर्यावरण संरक्षण (उपयोग समाप्त हो चुके वाहन) नियमावली 2025 के तहत वाहन विनिर्माताओं को अतीत में बेचे गए वाहनों के लिए पर्यावरण मुआवजे हेतु बजटीय प्रावधान करना होगा।

उद्योग के अधिकारियों के अनुसार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जनवरी 2025 में अधिसूचित पर्यावरण संरक्षण (उपयोग समाप्त हो चुके वाहन) नियमावली, 2025 में एक साधारण दिखने वाले उपबंध ने वाहन विनिर्माताओं को उस समय डरा दिया, जब उनके ऑडिटरों ने इसके परिणामों की गंभीरता की ओर इशारा किया।

- **ऑटो कंपनियों को अतीत में बेचे गए वाहनों के लिए ईपीआर के प्रावधान करने होंगे, भले ही उनका बाजार से बाहर निकलने का कोई इरादा न हो, जिससे धनराशि फंस जाएगी और मुनाफा प्रभावित होगा**



जनवरी 2025 की अधिसूचना का 'नियम 4 (6)' कहता है कि यदि विनिर्माता अपना परिचालन बंद कर देता है, तो विनिर्माता को परिचालन बंद होने तक बाजार में पहले से उपलब्ध कराए गए वाहनों के संबंध में अपनी विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी (ईपीआर) का पालन करना होगा।

एक उद्योग कार्यकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यह नियम लेखा मानक 'इंड एएस AS 37- प्रावधान, आकस्मिक देनदारियां और आकस्मिक संपत्ति' को सक्रिय करता है, जिसका अर्थ है कि वाहन विनिर्माताओं को पिछले 20 वर्षों में बेचे गए निजी वाहनों और 15 वर्षों में बेचे गए वाणिज्यिक वाहनों के लिए ईपीआर प्रमाणपत्रों की लागत हेतु पर्याप्त वित्तीय प्रावधान करने होंगे। एक अन्य उद्योग अधिकारी ने कहा कि इस नियम के कारण ऑटो कंपनियों को अतीत में बेचे गए वाहनों के लिए ईपीआर के प्रावधान करने होंगे, भले ही उनका बाजार से बाहर निकलने का कोई इरादा न हो, जिससे धनराशि फंस जाएगी और मुनाफा प्रभावित होगा।

यह समझा जाता है कि उद्योग निकाय सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने भी मंत्रालय के समक्ष इस मामले को उठाया था। एक अन्य उद्योग कार्यकारी ने कहा कि एक बार जब बहीखातों में प्रावधान हो जाएगा, तो यह पूरे वाहन उद्योग के लिए उस वर्ष के मुनाफे को काफी कम कर देगा।

# डिजिटल मुद्रा आधारित राशन योजना को और राज्यों में बढ़ाने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) आधारित खाद्य सब्सिडी कार्यक्रम का विस्तार जून तक चंडीगढ़, दादरा एवं नागर हवेली तथा दमन-दीव तक करने की योजना बना रही है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार, यह योजना फिलहाल गुजरात और पुडुचेरी में प्रायोगिक आधार पर लागू है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत मिलने वाला खाद्यान्न अब भौतिक रूप में लेने के बजाय 'डिजिटल टोकन' के रूप में प्रदान किया जाता है।

यह टोकन भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) व्यवस्था के माध्यम से जारी किए गए एक डिजिटल वॉलेट में जमा रहता है।




सूत्रों ने कहा कि यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया तो इस पहल से सब्सिडी में लगभग चार से पांच प्रतिशत तक की बचत हो सकती है, साथ ही वितरण प्रणाली अधिक पारदर्शी, लक्षित और कुशल बनेगी। यह खाद्य सब्सिडी वितरण की व्यवस्था में एक क्रांतिकारी सुधार साबित हो सकता है। यह कदम मौजूदा वितरण प्रणाली की एक लंबे समय से चली आ रही कमी को दूर करने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। जिसमें अक्सर लाभार्थियों को महीने के अंत में राशन दुकान पर पहुंचने पर भंडार की कमी का सामना करना पड़ता है या उन्हें उनका पूरा हक नहीं मिल पाता।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी और गारंटी प्राप्त यह डिजिटल मुद्रा सामान्य मुद्रा के समान वैधानिक दर्जा रखती है, लेकिन इसे विशेष उद्देश्य के लिए निर्धारित किया जा सकता है, जैसे गेहूं और चावल की खरीद। यह डिजिटल टोकन कूपन की तरह काम करता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### भारत और कंबोडिया करेंगे सैन्य अभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत और कंबोडिया की सेनाएं दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा और सैन्य संबंधों को गहरा करने के तहत सोमवार से दो सप्ताह तक सैन्य अभ्यास करेंगी। अभ्यास सिनबैक्स का दूसरा संस्करण कंबोडिया के कम्पोंग स्पीउ प्रांत में आयोजित किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह अभ्यास महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बदलते परिवेश में हो रहा है। अभ्यास में शामिल होने वाली भारतीय सेना की टुकड़ी में 120 जवान शामिल हैं, जिनमें से अधिकतर मराठा लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट की एक बटालियन से हैं।

### ब्रिटेन ने बनाई उड़ान ईंधन से जुड़ी योजना

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार ने रविवार को उड़ानों के संबंध में आकस्मिक उपायों की घोषणा की जिनके तहत विमानन कंपनियों को एक ही दिन में एक ही जगह जाने वाली कई उड़ानों को समायोजित करके उनकी संख्या कम करने के लिए कहा गया है। ब्रिटेन के परिवहन विभाग ने अमेरिका-ईरान संघर्ष और होर्मुज जलडमरुमध्य की नाकेबंदी के कारण हुई विमान ईंधन की कमी के चलते कुछ अस्थायी योजनाएं पेश की हैं। सरकार ने कहा कि अभी विमानन कंपनियों के सामने ईंधन की आपूर्ति से जुड़ी कोई समस्या नहीं है, लेकिन अगर संघर्ष के कारण आगे परेशानी बढ़ती है, तो सरकार पहले से तैयारी कर रही है।

### मेट गाला में पहली बार दिखेंगे करण जौहर

**लॉस एंजिलिस।** फिल्म निर्माता करण जौहर पहली बार फैशन जगत से जुड़े प्रतिष्ठित समारोह 'मेट गाला' में नजर आएंगे, जिसमें वह मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के डिजाइन किए हुए परिधान पहनेंगे। मल्होत्रा ने सीबीएस टीवी नेटवर्क के 'सैटरडे मॉर्निंग' कार्यक्रम में इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि रेड कार्पेट पर और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा।

### दो हिंदू अभ्यर्थी संघीय सेवा के लिए चयनित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संघीय सिविल सेवा के लिए अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के दो अभ्यार्थियों का चयन हुआ है। संघीय सिविल सेवा में अल्पसंख्यक समुदायों का प्रतिनिधित्व ऐतिहासिक रूप से कम है। सिंध प्रांत के जीवन रेबारी और खेम चंद जंदोरा उन 170 उम्मीदवारों में शामिल थे, जो बृहस्पतिवार को संघीय लोक सेवा आयोग द्वारा परिणाम घोषित किए जाने के बाद केंद्रीय उच्च सेवा में शामिल होने के लिए अर्हता प्राप्त कर चुके हैं।

# पुणे में बच्ची से दुष्कर्म-हत्या के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग, लगाया जाम

## आक्रोशित लोगों ने मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग किया अवरुद्ध, चार घंटे तक बाधित रहा यातायात

**पुणे, एजेंसी**

पुणे में चार साल की बच्ची से बलात्कार और उसकी हत्या के विरोध में सैकड़ों लोगों ने मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया जिसके कारण व्यस्त मार्ग पर लगभग चार घंटे तक यातायात बाधित रहा। बच्ची के परिवार के सदस्यों और अन्य प्रदर्शनकारियों ने शनिवार शाम को नवाले ब्रिज क्षेत्र में पीड़िता के शव को सड़क पर रख दिया और इस मामले में गिरफ्तार 65 वर्षीय व्यक्ति को कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं जिनमें राजमार्ग पर भारी यातायात जाम दिख रहा है। बाद में कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच आधी रात के बाद यहां वैकुंठ श्मशान घाट में पीड़िता का अंतिम संस्कार किया गया। इस मामले में आरोपी व्यक्ति मजदूर है और उसका आपराधिक रिकॉर्ड है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बच्ची को कथित तौर पर खाना दिलाने का लालच देकर फुसलाया और वह उसे मवेशियों के बाड़े में ले गया जहां उसने उसका यौन उत्पीड़न किया और फिर उसकी हत्या कर दी। उसने बताया कि बच्ची के लापता होने पर उसके रिश्तेदारों ने उसकी तलाश शुरू की और इसी दौरान एक निजी आवास के सीसीटीवी फुटेज में आरोपी, बच्ची के साथ नजर आया जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे सात मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने बच्ची के परिवार से शनिवार को मुलाकात की और उन्हें आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने और त्वरित सुनवाई का आश्वासन दिया। पवार ने इस घटना को चौंकाने वाला और मानवता पर कलंक बताते हुए कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और न्याय सुनिश्चित करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी इस मामले पर बात की और त्वरित अदालती सुनवाई की मांग की, ताकि आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को पुणे ग्रामीण पुलिस को निर्देश दिया कि इस मामले में पुख्ता सबूत जुटाकर एक बेहद मजबूत मामला तैयार किया जाए तथा मुकदमे की सुनवाई त्वरित अदालत में कराई जाए।

### मृत्युदंड देने की मांग करेगी सरकार

**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को आश्वासन दिया कि सरकार पुणे में दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या के मामले के आरोपी के लिए मृत्युदंड की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार न्याय सुनिश्चित करने के लिए मुकदमे की सुनवाई में तेजी लाएगी। इस घटना से भोर क्षेत्र में व्यापक आक्रोश फैल गया और सैकड़ों ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। विपक्षी दलों के नेताओं ने भी इस घटना की कड़ी आलोचना की और राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री ने नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि उन्होंने बच्ची के परिवार से बात की।

### मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में चार साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की जांच के लिए एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की गई है। इस जघन्य अपराध को लेकर व्यापक पैमाने पर आक्रोश फैल गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि दो महिलाओं सहित छह पुलिस अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की गई है। जांच की प्रगति के आधार पर हम और अधिक अधिकारियों और कर्मियों को शामिल करेंगे। यह टीम मामले की गहन जांच करेगी। इस बीच, बच्ची के पिता ने नेताओं से अपील की कि जब तक आरोपी को फांसी नहीं दे दी जाती, तब तक वे उनसे मिलने न आएं। पिता ने एक वीडियो संदेश में कहा कि मैं अपील करता हूं कि जब तक मेरी बेटी को न्याय नहीं मिल जाता, कृपया मेरे घर न आएं।

### एनसीडब्ल्यू प्रमुख विजया रहाटकर ने मामले में त्वरित कार्रवाई करने को कहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने महाराष्ट्र के पुणे में चार वर्षीय बच्ची से बलात्कार और उसकी हत्या की घटना को बेहद दुखद एवं मानवता पर कलंक बताया है। रहाटकर ने एक्स पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि पुणे के नसरापुर इलाके की यह घटना हृदयविदारक है और इसने समाज को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि नसरापुर (भोर, पुणे) में चार वर्षीय मासूम बच्ची के साथ क्रूरता और उसकी हत्या की घटना बेहद पीड़ादायक, हृदयविदारक और स्तब्ध करने वाली है। यह मानवता पर कलंक है। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने कहा कि पुणे ग्रामीण पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। रहाटकर ने कहा कि एनसीडब्ल्यू ने मामले का संज्ञान लिया है और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को पत्र लिखकर आवश्यक और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह भी सिफारिश की गई है कि मामले को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के कड़े प्रावधानों के तहत आगे बढ़ाया जाए।

### म्यांमार को दिए उपकरण




म्यांमार के नौसेना अधिकारियों को नौसैनिक प्रशिक्षण उपकरण सौंपते भारत के नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी। एडमिरल त्रिपाठी इन दिनों पड़ोसी देश म्यांमार के दौरे पर हैं।

# जबलपुर क्रूज हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 पर पहुंचीं

- बचाव एवं राहत कार्य में लगीं एजेंसियों ने बरामद किया चाचा-भतीते का शव

**जबलपुर, एजेंसी**

मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह पांच वर्षीय बालक मयूरम और उसके चाचा कमराज (लगभग 50) के शव बरामद किए गए। कमराज खमरिया आयुध निर्माण फैक्टरी में कर्मचारी थे।

बरगी के उप पुलिस अधीक्षक अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि दोनों के शव पानी में मिले, जिन्हें बाहर निकाल लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब सभी 13 लापता लोगों का पता चल गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया गया है।

पुलिस के मुताबिक, हादसे के बाद खोज अभियान के लिए आगरा से हवाई मार्ग से लाए गए सेना के करीब 20 गोताखोरों सहित 200 से अधिक बचावकर्मी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय गोताखोरों की टीम शामिल रहीं। पुलिस ने बताया कि नौका पर सवार जिन 41 यात्रियों की पहचान की पुष्टि हुई है उनमें से 28 को बचा लिया गया था। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में 43 लोग क्रूज की ओर जाते दिखाई दिए। करीब 20 वर्ष पुरानी थी और राज्य पर्यटन विभाग द्वारा संचालित की जा रही यह नौका बृहस्पतिवार शाम आए तूफान के दौरान पलट गई थी। राज्य सरकार ने शुक्रवार को घटना की जांच के आदेश दिए थे और चालक दल के तीन सदस्यों को बर्खास्त कर दिया था। साथ ही, इस तरह की नौकाओं के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# नेपाल सरकार ने 15 सौ नियुक्तियों को किया रद्द

- सभी नियुक्तियों को राजनीति से प्रेरित बताया गया

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल की नई सरकार ने राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के माध्यम से एक व्यापक अध्यादेश जारी कर 1,500 से अधिक प्रमुख सार्वजनिक नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।

ये नियुक्तियां 26 मार्च से पहले सत्ता परिवर्तन से पहले की गई थीं। बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने पांच मार्च को हुए चुनावों में देश के पारंपरिक राजनीतिक दलों के खिलाफ भारी विरोध का फायदा उठाते हुए सत्ता हासिल की। यह आम चुनाव सितंबर 2025 में 'जेनरेशन जेड' विरोध प्रदर्शनों और केपी ओली की सरकार का पतन होने के कुछ महीनों बाद हुआ। काठमांडू पोस्ट अखबार के मुताबिक, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शनिवार को मंत्रिमंडल की सिफारिश पर सार्वजनिक पद धारकों को हटाने के लिए विशेष प्रावधानों पर अध्यादेश, 2083जारी किया।

# कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथी राष्ट्र के लिए खतरा घोषित

- खुफिया एजेंसी ने कहा-हिंसक एजेंडे को बढ़ावा देता है समूह

**ओटावा, एजेंसी**

कनाडा की खुफिया एजेंसी ने खालिस्तानी चरमपंथियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा घोषित किया है और कहा है कि यह समूह देश में अपने हिंसक चरमपंथी एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए संस्थानों का इस्तेमाल करता है।

देश की खुफिया एजेंसी 'कैनेडियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस' ने 2025 की अपनी रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला कि कनाडा में मौजूद खालिस्तानी चरमपंथियों की हिंसक गतिविधियों में संलिप्तता कनाडा और कनाडाई हितों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा खतरा बनी हुई है।

कनाडा सरकार की वेबसाइट पर शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि कुछ खालिस्तानी चरमपंथी कनाडाई नागरिकों से अच्छी तरह से जुड़े हुए हैं, जो अपने हिंसक चरमपंथी एजेंडे को बढ़ावा देने और भोले-भाले समुदाय के सदस्यों से धन इकट्ठा करने के लिए कनाडाई संस्थानों का लाभ उठाते हैं, जिसे बाद में हिंसक गतिविधियों की ओर मोड़ दिया जाता है।

खालिस्तानी चरमपंथी समूह भारत के भीतर खालिस्तान नाम से एक पृथक देश की मांग करते रहे हैं और अलगाववादी गतिविधियों में उनकी संलिप्तता के कारण नयी दिल्ली द्वारा उन्हें आतंकवादी संगठनों के रूप में नामित किया गया है। यह रिपोर्ट एअर इंडिया उड़ान संख्या 182 में हुए बम विस्फोट की 40वीं वर्षगांठ के एक साल बाद आई है। इस विस्फोट में कनाडा में मौजूद खालिस्तानी तत्वों का हाथ था।

इसमें कहा गया कि यह आज भी कनाडा के इतिहास का सबसे घातक आतंकवादी हमला बना हुआ है, जिसमें 329 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर कनाडाई नागरिक थे। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि खालिस्तान निर्माण के लिए अहिंसक तरीके से बात रखने को उग्रवाद नहीं माना जाता, और कुछ कनाडाई लोग खालिस्तान अलगाववादी आंदोलन का वैध एवं शांतिपूर्ण तरीके से समर्थन करते हैं। बता दें कि खालिस्तानी चरमपंथियों के चलते कुछ अरसा पहले भारत व कनाडा के रिश्तों में काफी खटास आ गई थी।

### भारत में हिंसा के लिए कनाडा को बनाया आधार

इसमें कहा गया कि केवल मुट्ठी भर लोगों को, जो कनाडा को आधार बनाकर मुख्य रूप से भारत में हिंसा को बढ़ावा देते हैं, इसके लिए धन जुटाते हैं या उसकी योजना बनाते हैं, खालिस्तानी चरमपंथी माना जाता है। भारत-कनाडा संबंध 2023 में उस समय सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए जब तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा में सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया। भारत ने इन आरोपों को खारिज किया था। पिछले साल पदभार संभालने वाले प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में भारत और कनाडा ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को फिर से मजबूत करने की कोशिश की है।

## महिला के ऑपरेशन के फिल्मांकन पर एनसीडब्ल्यू सख्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने उत्तर प्रदेश के कौशांबी स्थित एक मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के दौरान अनधिकृत रूप से एक महिला की निजी तस्वीरें लेने और प्रसारित करने की खबरों पर स्वतः संज्ञान लिया है। हाल में कौशांबी के एक सरकारी स्वायत्त राज्य मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के दौरान 22-वर्षीय एक महिला मरीज के चेहरे और जननांगों को दर्शाने वाली आपत्तिजनक तस्वीरें अधिकारियों और मीडियाकर्मियों से जुड़े व्हाट्सऐप ग्रुप में प्रसारित की गईं। आयोग ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने उत्तर प्रदेश के डीजीपी को निर्देश दिया है कि दोषियों के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए, उनकी पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने सामग्री को हटाने के लिए तुरंत साइबर हस्तक्षेप करने और संस्थान के भीतर सुरक्षा खामियों की गहन जांच का भी निर्देश दिया। आयोग ने कहा कि सात दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी गई है। एनसीडब्ल्यू ने इस घटना को चिकित्सा नैतिकता, गरिमा और निजता के मौलिक अधिकार का गंभीर उल्लंघन बताया।

## हशीश तेल बनाने का 800 लीटर रसायन जब्त किया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने रविवार को मल्कानगिरी जिले में एस्सार चौक के पास एक वाहन से करीब 800 लीटर रसायन बरामद किया है जिसका इस्तेमाल मादक पदार्थ 'हशीश तेल' बनाने में होता है। अधिकारियों ने बताया कि वाहन से लगभग 50 किलोग्राम गांजा और दो लीटर हशीश तेल भी जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि वाहन का चालक भागने में सफल रहा।

## श्रीलंका में 130 से अधिक विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका में पिछले दो दिनों में कथित साइबर अपराध को लेकर 130 से अधिक विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने श्रीलंका में सक्रिय सीमापार ऑनलाइन धोखाधड़ी नेटवर्क पर व्यापक कार्रवाई के तहत ये गिरफ्तारियां की हैं। उसने यहां उपनगरीय क्षेत्र थलंगामा में शनिवार को 37 चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया।

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी की छापेमारी

- सोने के आभूषण, बुलियन और नकदी जब्त की

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में कथित रूप से 2,800 करोड़ रुपये के शराब घोटाले से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में की गई हालिया छापेमारी के दौरान 53 लाख रुपये की नकद राशि और चार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के आभूषण एवं बुलियन जब्त किए गए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। शराब कारोबारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट, व्यवसायियों और कॉरपोरेट इकाइयों के रायपुर, दुर्ग, भिलाई (दुर्ग जिला) और बिलासपुर स्थित परिसरों पर 30 अप्रैल को छापे मारे गए। प्रवर्तन निदेशालय ने एक बयान में कहा कि इन इकाइयों पर इस कथित 'घोटाले' से अर्जित अपराध की आय प्राप्त करने, उसे संभालने, कई स्तरों पर घुमाने या छिपाने का संदेह है। एजेंसी ने कहा कि छापेमारी के दौरान 53 लाख रुपये की नकदी और 3.23 किलोग्राम सोने के आभूषण तथा बुलियन जब्त किए गए, जिनकी कीमत 4.86 करोड़ रुपये है। इसके अलावा आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी बरामद किए गए। केंद्रीय एजेंसी इस मामले में पहले भी कई दौर की छापेमारी कर चुकी है और अब तक 380 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां कुर्क कर चुकी है। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला 2019 से 2022 के बीच हुआ था।

# दवा विक्रेताओं और फार्मा डीलरों से थे डोला के संबंध

- अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर का नेटवर्क खंगाल रही एनसीबी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हाल में तुर्किये से वापस लाए गए कथित अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर मोहम्मद सलीम डोला के नेटवर्क की जांच कर रहे जांच अधिकारियों को कुछ दवा विक्रेताओं और फार्मा डीलरों के साथ उसके संबंधों का पता चला है, जो डोला के इस अवैध अंतरराष्ट्रीय रैकेट की मदद कर रहे थे।

वैश्विक आतंकवादी दाऊद इब्राहिम का प्रमुख सहयोगी बताया जा रहा 59-वर्षीय आरोपी आठ मई तक मुंबई में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की हिरासत में रहेगा। जांच से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ नेटवर्क के गुर्गे डोला को 'मेफेड्रोन किंग' के रूप में जानते हैं, क्योंकि कथित तौर पर उसे इस श्रेणी के मादक पदार्थ की तस्करी में महारत हासिल थी। अधिकारियों ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर बताया कि डोला अपने गिरोह को चलाने के लिए कुछ दवा विक्रेताओं की मदद ले रहा था। इन संबंधों की जांच की जा रही है और इनमें से कुछ लोगों को जल्द पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि डोला ने तुर्किये में 'हमजा' और 'अब्दुल' जैसे छद्म नाम अपनाए थे और वह नागरिकता प्राप्त करने के लिए वहां कुछ अचल संपत्ति खरीदने की योजना बना रहा था। ऐसी संभावना है कि संघीय मादक पदार्थ विरोधी एजेंसी तुर्किये के अधिकारियों से उसके निवास स्थान के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए कानूनी अनुरोध करेगी।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज ऊर्जा और उत्साह से भरपूर रहेंगे। कार्यों में सफलता मिलेगी। नए अवसर मिल सकते हैं। कोई भी निर्णय सोच-समझकर लें।

**वृष** — आज आर्थिक मामलों में सतर्क रहें। खर्च बढ़ सकता है। कार्यस्थल पर मेहनत का फल मिलेगा। धैर्य बनाए रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आज संचार और बुद्धिमत्ता से लाभ होगा। रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मित्रों के साथ समय अच्छा बीतेगा।

**कर्क** — आज भावनात्मक संतुलन बनाए रखना जरूरी है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। करियर में धीरे-धीरे प्रगति के संकेत हैं।

**सिंह** — आज का दिन नए काम की शुरुआत के लिए अच्छा है। आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं। नेतृत्व क्षमता उभरकर सामने आएगी।

**कन्या** — आज योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे तो सफलता मिलेगी। छोटी-छोटी बातों में उलझने से बचना चाहिए। मन शांत रहेगा।

**तुला** — आज संतुलन बनाए रखना जरूरी है। विवाद से दूर रहें। व्यापार में लाभ के अवसर मिल सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — आज आत्मविश्वास बढ़ेगा, कठिन कार्य भी आसानी से पूरे होंगे। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। आर्थिक लाभ संभव है।

**धनु** — आज यात्रा के योग बन सकते हैं। नए अनुभव मिलेंगे। करियर में नई दिशा मिल सकती है। मन उत्साहित और सकारात्मक रहेगा।


**मकर** — आज मेहनत का फल मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिवार में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। धैर्य और संयम से काम लें।

**कुंभ** — आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। नए विचारों से लाभ होगा। काम में रुचि बढ़ेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा बीतेगा।

**मीन** — आज मन थोड़ा चिंतित रह सकता है। ध्यान और शांति जरूरी है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। दिन के अंत में संतोष मिलेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 4 मई, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, तृतीया 5 मई 05 .24 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अनुराधा 09 .58 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

### सुडोकू - 138 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 9 |

### सुडोकू -139

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | 1 | 3 | |
| 6 | | 3 | 7 | | | | | |
| 1 | | | | 8 | | | | 7 |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| | 3 | | 6 | | | | | |
| | | | 1 | | | 2 | | |
| 9 | | 7 | | 5 | | | | |
| | | | 8 | | 2 | 9 | | |
| 2 | 4 | | | 6 | | | | |

## जीवनदान

### सैन्य अधिकारी की पत्नी के ब्रेन डेड घोषित होने पर परिवार ने किया अंगदान का फैसला

# अंगदान ने बचाया हृदय रोग से जूझ रहे युवक का जीवन

- चार्टर्ड जेट से चंडीगढ़ से अपोलो अस्पताल लाया गया हृदय

**नई दिल्ली, एजेंसी**



हरियाणा के पंचकूला में चंडीमंदिर स्थित कमांड अस्पताल में 'ब्रेन डेड' घोषित किए जाने के बाद भारतीय सेना के एक अधिकारी की पत्नी के अंगों को उनके परिजनों ने दान करने का फैसला किया, जिससे हृदय के ठीक से काम नहीं करने की बीमारी से पीड़ित 14 वर्षीय लड़के को नया जीवन मिल गया। अधिकारियों ने बताया कि महिला (41) को मस्तिष्काघात हुआ था जिसके बाद उसके पति और दो छोटी बेटियों ने उसके अंगों को दान करने का फैसला लिया ताकि किसी को नया जीवन दिया जा सके।

अस्पताल ने एक बयान में कहा कि दो मई को मरीज को 'ब्रेन डेड' घोषित किए जाने के बाद उसका हृदय यहां के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल को दिया गया। इसने कहा कि अस्पताल की एक विशेष टीम ने तत्काल अंग को लाने के लिए चार्टर्ड प्राइवेट जेट से चंडीगढ़ के लिए उड़ान भरी।

बयान में कहा गया कि अंग को निर्धारित समयसीमा के भीतर दिल्ली लाया गया और 14 वर्षीय लड़के के शरीर में सफलतापूर्वक प्रतिरोपित किया गया, जिससे उसे नया जीवन मिला। मरीज की हालत फिलहाल स्थिर है और वह आईसीयू में गहन निगरानी में है।

बयान में कहा गया कि दिल्ली में यातायात पुलिस ने हवाई अड्डे से अस्पताल तक एक ग्रीन कॉरिडोर बनाया, जिससे अंग को लगभग 20 मिनट में अस्पताल पहुंचाया जा सका। इसमें कहा गया, कमांड अस्पताल के कर्नल अनुराग गर्ग की विशेष रूप से सराहना की गई क्योंकि उनके असाधारण नेतृत्व और समन्वय ने दान एवं प्रतिरोपण प्रक्रिया की सफलता सुनिश्चित की।

### हृदय का प्रतिरोपण ही था एकमात्र विकल्प

इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में 'कार्डियोथोरेसिक सर्जरी' (हृदय और फेफड़ा प्रतिरोपण) के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मुकेश गोयल ने बताया कि किशोर पिछले एक साल से अधिक समय से अंतिम चरण के हृदय के ठीक से काम नहीं करने की बीमारी से पीड़ित था। उन्होंने कहा कि उसकी बिगड़ती हालत को स्थिर करने के लिए उसे लगभग हर महीने अस्पताल में भर्ती कराना पड़ता था। उन्होंने कहा, उसकी जान बचाने के लिए हृदय प्रतिरोपण ही एकमात्र विकल्प था। गोयल ने बताया कि महिला को मस्तिष्काघात हुआ और उसे 'ब्रेन डेड' घोषित कर दिया गया था। गोयल ने कहा, परिजनों ने उसके अंगों को दान करने का फैसला लिया, जिससे कई लोगों की जान बच गई।

## मुंबई हवाई अड्डे पर 1.79 करोड़ का सोना जब्त

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग ने दुबई से यहां छत्रपति शिवाजी महाराज हवाई अड्डा पहुंचे यात्रियों से 1.79 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक सामान, सौंदर्य प्रसाधन, सिगरेट और अपरिष्कृत सोना जब्त किया है। रविवार को एक अधिकारी बताया कि तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने कहा कि यह अभियान सीमा शुल्क हवाई अड्डा आयुक्तालय द्वारा 1 और 2 मई के बीच चलाया गया था। मौके पर ही दो यात्रियों की पहचान कर उनके खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए।



> मैच अच्छा रहा। जिस तरह से हमने गेंदबाजी में वापसी की, वह शानदार था। ऐसा लग रहा था कि वे 190-200 रन बना लेंगे। उस लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल होता। लेकिन इसका श्रेय हमारी गेंदबाजी इकाई, विशेषकर स्पिनरों को जाता है। वे लगातार विकेट लेते रहे।
> –अजिंक्य रहाणे


# स्टेडियम

बरेली, सोमवार, 4 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

मुंबई इंडियंस

बनाम

लखनऊ सुपर जाइंट्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# गुजरात टाइटंस ने अहमदाबाद में पहली बार पंजाब किंग्स को हराया

## आईपीएल-2026 : तेज गेंदबाजों के कमाल के बाद साई सुदर्शन ने खेली शानदार पारी

अहमदाबाद, एजेंसी

जेसन होल्डर (चार ओवर में 24 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के कमाल के प्रदर्शन के बाद साई सुदर्शन (57) और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 40) की शानदार बल्लेबाजी से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 के एक मैच में रविवार को यहां तालिका में शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स को चार विकेट से शिकस्त दी।

यह आईपीएल के इतिहास में पहली बार है जब नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर गुजरात ने पंजाब की टीम को हराया है। यहां दोनों टीमें 2 बार आमने-सामने आई थीं. दोनों बार पंजाब ने गुजरात को घर में घुसकर रौंदा था।

पंजाब किंग्स के लिए सूर्यांश शेडगे ने 57 रनों की उत्कृष्ट पारी खेली, लेकिन होल्डर के साथ कागिसो रबाडा (22 रन पर दो विकेट) और मोहम्मद सिराज (28 रन पर दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के सामने टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 163 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटंस ने 19.5 ओवर में चार विकेट पर 167 रन बनाकर प्लेऑफ की अपनी दावेदारी मजबूत की। टाइटंस ने इसके साथ ही इस सत्र में पंजाब किंग्स से 31 मार्च को मिली तीन विकेट की शिकस्त का बदला भी चुकता कर लिया। इस हार के बावजूद पंजाब किंग्स नौ मैचों में 13 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर बरकरार है, वहीं टाइटंस 10 मैचों में छठी जीत के बाद 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज साई सुदर्शन। एजेंसी

मौजूदा सत्र का तीसरा अर्धशतक जड़ने वाले सुदर्शन ने जोस बटलर (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 40 गेंदों में 53 रन की साझेदारी करने के बाद निशांत सिंधू (15) के साथ 20 गेंदों में 25 और सुंदर के साथ चौथे विकेट के लिए 20 गेंदों में 30 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। सुदर्शन ने 41 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का जड़ा, जबकि सुंदर ने 23 गेंदों की नाबाद पारी में इतने ही चौके और एक छक्का लगाया। पंजाब किंग्स के लिए अर्शदीप सिंह और विजयकुमार वैशाख ने दो-दो, जबकि मार्को यानसन और स्टोइनिस ने एक-एक विकेट चटकाए।

पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 8.4 ओवर में 47 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। शेडगे ने इसके बाद मार्कस स्टोइनिस (40) के साथ छठे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सुदर्शन ने जेवियर बार्टलेट की दूसरी गेंद पर ही बेहतरीन कवर ड्राइव से चौका जड़ा। गिल ने अर्शदीप की गेंद को मिडविकेट बाउंड्री की तरफ भेजा, लेकिन अगली गेंद को हवा में खेल बैठे और कूपर कोनोली ने आसानी से कैच लपक लिया। बटलर ने यानसन और बार्टलेट पर छक्कों के साथ हाथ खोला, जबकि सुदर्शन ने छठे ओवर में यानसन के खिलाफ एक और छक्का जड़कर पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 58 रन कर दिया। विजयकुमार वैशाख ने नौवें ओवर में गेंदबाजी पर आते ही बटलर को आउट किया।

### पंजाब किंग्स

**163/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का सिंधू बो सिराज | 02 |
| प्रभसिमरन सिंह का सुतार बो रबाडा | 15 |
| कूपर कोनोली का बटलर बो सिराज | 00 |
| श्रेयस अय्यर बो होल्डर | 19 |
| नेहाल वढेरा का बटलर बो होल्डर | 00 |
| सूर्यांश शेडगे का बटलर बो रबाडा | 57 |
| मार्कस स्टोइनिस का वाशिंगटन बो होल्डर | 40 |
| मार्को यानसन का गिल बो राशिद | 20 |
| जेवियर बार्टलेट बो होल्डर | 00 |
| विजयकुमार वैशाख नाबाद | 01 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 07, **विकेट पतन** : 1-2, 2-2, 3-35, 4-36, 5-47, 6-126, 7-141, 8-141, 9-162 गेंदबाजी : सिराज 4-0-28-2, रबाडा 4-1-22-2, होल्डर 4-0-24-4, अरशद 3-0-29-0, राशिद 4-0-32-1, सुतार 1-0-27-0

### गुजरात टाइटंस

**167/6** (19.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का बार्टलेट बो वैशाख | 57 |
| शुभमन गिल का कोनोली बो अर्शदीप | 05 |
| जोस बटलर का अय्यर बो वैशाख | 25 |
| निशांत सिंधू का वैशाख बो स्टोइनिस | 15 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 40 |
| राहुल तेवतिया का बार्टलेट बो यानसन | 02 |
| जेसन होल्डर का कोनोली बो आर्शदीप | 05 |
| अरशद खान नाबाद | 08 |

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1-16, 2-69, 3-94, 4-124, 5-140, 6-152

**गेंदबाजी** : बार्टलेट 4-0-38-0, अर्शदीप 4-0-24-2, यानसन 4-0-33-1, वैशाख 4-0-30-2, स्टोइनिस 2.5-0-26-1, चहल 1-0-13-0

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 9 | 6 | 2 | 1 | 13 | 0.855 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 1.420 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.644 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | -0.147 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | 0.005 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | -0.895 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | -0.539 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -0.803 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

### ऑरेंज कैप





- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -440 रन
- केएल राहुल दिल्ली-433 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-425 रन

### पर्पल कैप





- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-17 विकेट
- कगिसो रबाडा गुजरात-16 विकेट

## मुंबई बनाम लखनऊ मैच में हार्दिक और सूर्यकुमार पर होंगी निगाहें

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस को यदि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अगर मगर की कठिन डगर की उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो सबसे निचले पायदान पर काबिज लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मुकाबले में उसके कप्तान हार्दिक पंड्या और प्रमुख बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पंड्या (146 रन और चार विकेट) और सूर्यकुमार (186) का अब तक का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, जिससे मुंबई को काफी नुकसान हुआ है। विशेषकर तब जबकि पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण नहीं खेल पा रहे हैं। वह हालांकि अब वापसी की राह पर हैं। पांच बार की आईपीएल विजेता मुंबई इंडियंस नौ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसकी आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं।

### लखनऊ के कप्तान ऋषभ भी अपेक्षाकृत प्रदर्शन नहीं कर पाए

एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। उनकी टीम लगातार पांच मैच हारकर अंक तालिका में सबसे नीचे खिसक गई है। एलएसजी ने पहले मैच में हार के साथ शुरुआत करने के बाद लगातार दो जीत से वापसी की। जब उनकी टीम को अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए था तब वह ऐसा नहीं कर पाई। उसके गेंदबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है लेकिन बल्लेबाजों की कमजोरी उसकी राह में रोड़ा बन रही है। एलएसजी के पिछले मैच में मोहसिन खान ने 23 रन देकर पांच विकेट लिए थे पर उनका प्रयास टीम को अंक नहीं दिला पाया।

### हाईलाइट



बीजिंग में वर्ल्ड एक्वेटिक्स डाइविंग वर्ल्ड कप 2026 सुपर फाइनल के लिए महिलाओं की तीन मीटर स्प्रिंगबोर्ड फाइनल में हिस्सा लेतीं चीन की चेन जिया। एजेंसी

## महिला पोल वॉल्टर बरानिका ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

**भुवनेश्वर।** तमिलनाडु की पोल वॉल्टर बरानिका एलंगोवन ने रविवार को यहां पहले 'इंडियन इनडोर ओपन कंबाइंड इवेंट्स और पोल वॉल्ट' प्रतियोगिता के दौरान अपना ही पांच हफ्ते पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। बरानिका ने तीसरे ही प्रयास में 4.23 मीटर से अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड (4.22 मीटर) तोड़ दिया। यह रिकॉर्ड उन्होंने मार्च के आखिरी हफ्ते में इसी जगह पर हुई पहली राष्ट्रीय इनडोर चैंपियनशिप के दौरान बनाया था। पुरुषों के हेप्टाथलॉन में एन तौफिक ने 5350 अंक से स्वर्ण पदक जीता।

## दक्षिण कोरिया ने जीता उबेर कप का खिताब

**होर्सेंस (डेनमार्क)।** दक्षिण कोरिया ने रविवार को उबेर कप का खिताब जीत लिया। फाइनल में उसने मौजूदा चैंपियन चीन को 3-1 से हराकर अपना तीसरा खिताब पक्का किया। इससे पहले उसने 2010 और 2022 में भी यह खिताब जीता था। पहले सिंगल्स मैच में, दुनिया की दो शीर्ष खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में, विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी एन से-यंग ने वांग झीयी को 47 मिनट में 21-10, 21-13 से आसानी से हरा दिया।

## शिमकेंट में उपविजेता रहे मानस धामने

**नई दिल्ली।** भारत के युवा खिलाड़ी मानस धामने अपने पहले एटीपी चैलेंजर एकल फाइनल में खिताब जीतने से चूक गए और उन्हें रविवार को कजाकिस्तान के शिमकेंट में खेले गए एक कड़े मुकाबले में बेल्जियम के बुबैसर गदामौरी से हार का सामना करना पड़ा। इस 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने दो घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 6-7(8), 4-6 से हारने से पहले अपनी प्रतिद्वंद्वी के सामने कड़ी चुनौती पेश की। धामने ने पहले सेट में अपने अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी को टाई-ब्रेक तक खींचा।

# सुरक्षित नहीं हैं बेटियां : विनेश फोगाट

संवाददाता, गोंडा

- चयन ट्रायल के आयोजन पर उठाया सवाल, कहा- आज भी बैक डोर से महासंघ चला रहे बृजभूषण

**अमृत विचार।** कुश्ती की खिलाड़ी विनेश फोगाट ने गोंडा के नंदिनी नगर स्पोर्ट स्टेडियम में होने वाली कुश्ती के चयन ट्रायल को लेकर सवाल खड़ा किया है। विनेश ने भी अपना पंजीकरण कराया है लेकिन सवाल उठाया है कि आज भी बृजभूषण शरण सिंह कुश्ती फेडरेशन को बैक डोर से चला रहे हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि पूर्व सांसद पर यौन उत्पीड़न के मामले में केस चल रहा है। जिन छह खिलाड़ियों ने आरोप लगाया है उनमें एक वह स्वयं हैं। नंदिनीनगर के साईं स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित होने वाली कुश्ती ट्रायल में चयन को लेकर कई सवाल दागे हैं। हालांकि नंदिनीनगर में आयोजित होने वाली कुश्ती चयन प्रतियोगिता में देशभर के पहलवान जुटेंगे और फेडरेशन ने उसे किराए पर लिया



है। यह फेडरेशन के ऊपर है कि वह नंदिनीनगर में ट्रायल कराए या कहीं अन्य जगह पर। उधर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने विनेश फोगाट के आरोपों पर जवाब देने से इनकार कर दिया है। पहलवान विनेश फोगाट द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में पूछे जाने पर भी बृजभूषण सिंह ने जवाब देने से परहेज किया। उन्होंने इस संवेदनशील मुद्दे पर फिलहाल कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# कोलकाता ने प्लेऑफ की उम्मीदें जीवंत रखीं

हैदराबाद, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने स्पिनरों चक्रवर्ती (36 रन देकर तीन विकेट) और सुनील नारायण (30 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद अंगकृष रघुवंशी (59 रन) के अर्धशतक की बदौलत रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

फॉर्म में लौटे चक्रवर्ती और नारायण की शानदार गेंदबाजी की बदौलत केकेआर ने धीमी पिच का पूरा फायदा उठाते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को 19 ओवर में महज 165 रन पर समेट दिया। इसके बाद रघुवंशी (47 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (43 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 11 ओवर में 84 रन की साझेदारी निभाई। इससे टीम ने यह लक्ष्य 10 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 169 रन बनाकर हासिल कर लिया। फिन एलेन ने 13 गेंद में 29 रन बनाए। रिंकू सिंह ने 11 गेंद में नाबाद 22 रन बनाकर टीम को सनराइजर्स हैदराबाद की लगातार पांच जीत की लय तोड़ने में मदद की। सनराइजर्स हैदराबाद 12 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर, जबकि केकेआर सात अंक लेकर आठवें स्थान पर बरकरार है। नारायण अपने 197वें मैच में आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले खास क्लब में शामिल हो गए। इस क्लब के अन्य सदस्य भुवनेश्वर कुमार (199 मैच में 215 विकेट) और युजवेंद्र चहल (182 मैच में 228 विकेट) हैं। छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर ने चौथे ओवर में ही अपने 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी एलेन का विकेट खो दिया, तब टीम का स्कोर 49 रन था। इसके बाद रहाणे और रघुवंशी ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की। पिछले आठ मैचों में शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करते हुए रहाणे ने सिर्फ एक अर्धशतक लगाया है।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के अंगकृष रघुवंशी।

### सनराइजर्स हैदराबाद

**165/10** (19 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा का ग्रीन बो त्यागी | 15 |
| ट्रेविस हेड का ग्रीन बो चक्रवर्ती | 61 |
| ईशान किशन का अनुकूल बो नारायण | 42 |
| हेनिरक क्लासेन का पॉवेल बो ग्रीन | 11 |
| आर स्मरण का रहाणे बो चक्रवर्ती | 04 |
| अनिकेत वर्मा का रहाणे बो चक्रवर्ती | 06 |
| सलील अरोड़ा बो नारायण | 02 |
| पैट कमिंस का एवं बो अनुकूल | 10 |
| शिवांग कुमार का रघुवंशी बो वैभव | 01 |
| हर्षल पटेल का वैभव बो त्यागी | 06 |
| ईशान मलिंगा नाबाद | 02 |

अतिरिक्त : 05, विकेट पतन : 1-44, 2-105, 3-117, 4-122, 5-135, 6-139, 7-148, 8-156, 9-156 गेंदबाजी : सुनील नारायण 4-0-31-2, वैभव अरोड़ा 3-0-25-1, कार्तिक त्यागी 4-0-30-2, कैमरन ग्रीन 3-0-34-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-36-3, अनुकूल रॉय 1-0-8-1

- रघुवंशी के अर्धशतक से हैदराबाद को सात विकेट से हराया

**10** गेंदें शेष रहते टूर्नामेंट में तीसरी जीत दर्ज की है कोलकाता नाइट राइडर्स ने

**03** विकेट लेकर वरुण चक्रवर्ती ने काम आसान किया

### कोलकाता नाइट राइडर्स

**169/3** (18.2 ओवर)

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का स्मरण बो साकिब | 43 |
| फिन एलेन का क्लासेन बो कमिंस | 29 |
| अंगकृष रघुवंशी का मलिंगा बो शिवांग | 59 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 22 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 03 |

**अतिरिक्त** : 13, **विकेट पतन** : 1-49, 2-133, 3-151, **गेंदबाजी** : अभिषेक शर्मा 2-0-14-0, पैट कमिंस 4-0-47-1, ईशान मलिंगा 3.2-0-42-0, शिवांग कुमार 4-0-31-1, हर्षल पटेल 2-0-17-0, साकिब हुसैन 3-0-17-1

# भारत को कांस्य पदक से करना पड़ेगा संतोष

होर्सेंस (डेनमार्क), एजेंसी

- थॉमस कप के सेमीफाइनल में फ्रांस के हाथों 0-3 से परास्त

थॉमस कप के लिए यहां खेली जा रही विश्व पुरुष टीम बैडमिंटन चैम्पियनशिप में शनिवार की रात भारतीय अभियान समाप्त हो गया, जब एकतरफा सेमीफाइनल में वर्ष 2022 के चैम्पियनों को फ्रांस के हाथों 0-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। इस हार के बाद भारतीय टीम को अब कांस्य पदक से संतोष करना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि भारत ने 2022 के स्वर्ण पदक अलावा 1952, 1955 और 1979 में कांस्य पदक जीते थे। अब उसके खाते में चौथा कांस्य पदक आएगा। वहीं फ्रांस इस जीत के साथ डेनमार्क के 2016 में पहला खिताब जीतने के बाद फाइनल में पहुंचने वाला दूसरा यूरोपीय देश बन गया। चोटिल लक्ष्य सेन की जगह पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत को लेकर फोरम होर्सेंस के कोर्ट नंबर दो पर सेमीफाइनल खेलने उतरा भारत पहले तीनों एकल रबर में मात खाने के साथ ही निर्णायक लीड खा बैठा, जिसके बाद युगल रबर की जरूरत ही नहीं पड़ी।

आयुष शेट्टी पहले एकल रबर में मायूस हो गए, जब दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव ने 20 वर्षीय भारतीय शटलर को सिर्फ 39 मिनट में 21-11, 21-9 से परास्त कर दिया। दूसरे एकल में किदांबी श्रीकांत, एलेक्स लैनियर से 16-21, 18-21 से हार गए।

### ला लिगा


दूसरे नंबर पर काबिज रियल मैड्रिड पर 14 अंकों की बढ़त बनाई

# ओसासुना को हराकर बार्सिलोना खिताब के करीब

बार्सिलोना, एजेंसी

रॉबर्ट लेवांडोस्की और फेरान टोरेस के गोल की मदद से बार्सिलोना ने ओसासुना को 2-1 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में फिर से चैंपियन बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। बार्सिलोना ने इस तरह से दूसरे नंबर पर काबिज रियल मैड्रिड पर 14 अंकों की बढ़त बना ली है। इस सप्ताहांत के बाद प्रतियोगिता में केवल चार दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

बार्सिलोना को लगातार दूसरी बार ला लिगा का खिताब जीतने से रोकने के लिए रियाल मैड्रिड को अपने अगले मैच में एस्पेनयोल के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। मैड्रिड की जीत से खिताब की जंग एक और सप्ताह तक खिंच जाएगी, जब बार्सिलोना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड की मेजबानी करेगा।



अपनी टीम का पहला गोल करने के बाद जश्न मनाते बार्सिलोना के रॉबर्ट लेवांडोस्की।

मैच में तीनों गोल दूसरे हाफ में हुए। लेवांडोव्स्की ने 81वें मिनट में हेडर से गोल करके बार्सिलोना को बढ़त दिलाई जबकि टॉरेस ने पांच मिनट बाद दूसरा गोल दागा। राउल गार्सिया ने 89वें मिनट में ओसासुना के लिए गोल किया। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम देने के बावजूद वालेंसिया पर 2-0 से जीत हासिल की। उसने आर्सेनल के खिलाफ होने वाले चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मैच को ध्यान में रखते हुए जूलियन अल्वारेज़, अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियानो सिमोन को विश्राम दिया। विलारियल ने लेवांटे को 5-1 से हराकर चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विलारियल ने लगातार दूसरे सत्र में शीर्ष चार स्थानों में जगह पक्की कर ली है और वह यूरोप के प्रतिष्ठित क्लब टूर्नामेंट में खेलेगा।

# मार्टा कोस्त्युक ने मैड्रिड ओपन का खिताब जीता

मैड्रिड, एजेंसी

- फाइनल में दुनिया की नंबर-8 मीरा आंद्रिवा को हराया

यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने रूस की मीरा एंड्रीवा को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। कोस्त्युक ने फाइनल में पहले सेट में संघर्ष करने के बाद एंड्रीवा को 7-5, 6-3 से हराया।

रूस ने 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण किया था और तब से उनके बीच युद्ध चल रहा है। यही कारण था कि दोनों खिलाड़ियों ने मैच के बाद नेट पर हाथ नहीं मिलाया और ना ही पुरस्कार समारोह में एक साथ फोटो खिंचवाई। विश्व में 23वीं रैंकिंग की खिलाड़ी कोस्त्युक मैच जीतने के बाद क्ले कोर्ट पर गिर पड़ीं और अपने चेहरे पर हाथ रख लिया।



## सिनर ने ज्वेरेव को हराया

शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने मैड्रिड ओपन के फाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को आसानी से हराकर पहली बार यह टूर्नामेंट जीता और लगातार पांच मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। सिनर ने रविवार को तीसरे वरीय ज्वेरेव को 6-1, 6-2 से हराकर लगातार 23वीं जीत दर्ज की।